जबलपुर
गुरुवार, 30 अक्टूबर 2025
कार्तिक मास शुक्ल पक्ष–9
वर्ष : 20, अंक : 181
पृष्ठ : 14 मूल्य : 3 .00 *

मौसम
अधि. 26
न्यून. 21

हरिभूमि
मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित
समाचार ही नहीं, विचार भी
haribhoomi.com

**पाक को करारा जवाब**
**'ऑपरेशन सिंदूर' की शक्ति की दिखाई झलक**



# जिस राफेल पायलट शिवांगी को पकड़ने का पाकिस्तान ने किया था दावा, उन्हीं के साथ राष्ट्रपति ने 'खिंचवाई तस्वीर'

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयर फोर्स बेस से राफेल में उड़ान भरी, लगभग 200 किलोमीटर की दूरी तय करने के बाद वायुसेना स्टेशन पर लौटीं**

## एयरबेस पर मौजूद वायुसेना प्रमुख एयर चीफ मार्शल एपी सिंह ने एक दूसरे विमान मे उड़ान भरी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

भारत ने जिस दौरान पाकिस्तान के आतंकी ठिकानों को तबाह करने के लिए ऑपरेशन सिंदूर को अंजाम दिया था, उसी वक्त पाकिस्तान की तरफ से एक दावा हुआ था कि उसने भारत की महिला पायलट को पकड़ लिया है। पाकिस्तान की तरफ से तब इस पायलट का नाम शिवांगी सिंह बताया गया था। हालांकि, भारत ने एक तस्वीर से पाकिस्तान के हर तरह के दावे को पूरी तरह झुठला दिया है। बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने राफेल उड़ाने से पहले हरियाणा के अंबाला एयर फोर्स बेस पर उन्हीं शिवांगी सिंह के साथ तस्वीरें खिंचवाईं और पाकिस्तान के दावों को धराशायी कर दिया।


शिवांगी सिंह और राष्ट्रपित मुर्मू

### शिवांगी सिंह हैं.. राफेल उड़ाने वाली भारत की पहली महिला पायलट

वाराणसी के फुलवरिया रेलवे क्रासिंग के पास एक सामान्य परिवार में जन्मीं शिवांगी सिंह ने अपने छोटे-से घर से ऊंचे सपने देखे। पिता कुमारेश्वर सिंह, माता सीमा सिंह और तीन भाई-बहनों के इस परिवार में संस्कारों के साथ-साथ देशसेवा की भावना भी गहराई से रची-बसी थी। उनके नाना बीएन सिंह, भारतीय सेना में कर्नल थे। 2015 में शिवांगी ने भारतीय वायुसेना की परीक्षा उत्तीर्ण कर डेढ़ साल तक कठोर प्रशिक्षण लिया। 2017 में उन्हें देश की पहली पांच महिला फाइटर पायलटों की ऐतिहासिक टीम में शामिल किया गया।

inh 24x7
छत्तीसगढ़ एवं मध्यप्रदेश का सर्वाधिक लोकप्रिय चैनल देखें
TATA PLAY चैनल नं. 1155
airtel चैनल नं. 366

## खबर संक्षेप

### आसाराम को 6 महीने की अंतरिम जमानत




**जयपुर।** नाबालिग लड़की से रेप के दोषी आसाराम को राजस्थान हाईकोर्ट से 6 महीने की अंतरिम जमानत मिल गई है। आसाराम ने 30 अगस्त को जेल में वापस सरेंडर किया था, जिसके कुछ दिन बाद ही उसकी तबीयत बिगड़ने लगी थी। मेडिकल के आधार पर याचिका पर सभी पक्षों को सुनने के बाद अदालत ने फैसला आसाराम के पक्ष में दिया।

### बैठक में चप्पल की माला पहनकर पहुंचीं पार्षद



**देवास।** नगर निगम परिषद की बैठक भाजपा पार्षद रितु सावनेर चप्पलों की माला पहनकर शामिल हुईं, जो चर्चा का विषय बन गया। पार्षद सावनेर ने बताया कि वे अपने वार्ड की समस्याओं को लेकर कई बार निगम अधिकारियों को अवगत करा चुकी हैं, लेकिन उनकी शिकायतों का कोई समाधान नहीं हुआ है।

### बहराइच में नाव पलटी 24 लोग लापता



**बहराइच।** भारत-नेपाल सीमा से सटे सुजौली इलाके के भरथापुर निवासी तकरीबन 28 लोग एक नाव पर सवार होकर बुधवार को खैरटिया गांव में कार्यक्रम में शामिल होने गए थे। वापसी के दौरान कौड़ियाला नदी में तेज बहाव होने के चलते नाव पलट गई। 4 नदी से सुरक्षित निकाल लिए गए, पर 24 लोग लापता हैं।

### भारत-अमेरिका के बीच व्यापार समझौता जल्द, अमेरिकी राष्ट्रपति ने दिए संकेत

**दक्षिण कोरिया के एपीईसी सम्मेलन में अमेरिकी राष्ट्रपति का बयान**

# ट्रंप ने पीएम मोदी को बताया शानदार दिखने वाला व्यक्ति...मजबूत आदमी

**राहुल ने पीएम को दी नसीहत**

⏩ ट्रंप ने बताया कि पीएम मोदी ने उनसे कहा कि हम लड़ते रहेंगे। दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैए में नरमी दिखाई

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बुधवार को दक्षिण कोरिया में एशिया-प्रशांत आर्थिक सहयोग (एपीईसी) सम्मेलन की सीईओ वार्ता में हिस्सा लेने पहुंचे। यहां उन्होंने अपने भाषण के दौरान भारत से व्यापार समझौते और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का जिक्र किया। ट्रंप ने उस समय का भी जिक्र किया, जब भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष चल रहा था और दावा किया कि उन्होंने प्रधानमंत्री से बातचीत की थी।

ट्रंप ने पीएम मोदी को सबसे शानदार दिखने वाला व्यक्ति करार दिया। साथ ही कहा कि वे फादर की तरह हैं। ट्रंप ने कहा कि पीएम मोदी जबरदस्त हैं। वे काफी मजबूत नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने भारत के ऑपरेशन सिंदूर का भी जिक्र किया। उन्होंने बताया कि चर्चा के दौरान पीएम मोदी ने एक मौके पर उनसे कहा कि हम लड़ते रहेंगे। ट्रंप ने दावा किया कि दो दिन बाद भारत ने अमेरिका को फोन किया और अपने रवैए में नरमी दिखाई। उन्होंने कहा कि यह एक बेहतरीन बात थी। ट्रंप ने भारत से जल्द व्यापार समझौता पूरा होने के संकेत दिए।

**ट्रंप ने दावा किया कि टैरिफ लगाने की धमकी देकर जंग रुकवाई**

ट्रंप ने दावा किया कि हमने युद्ध के दौरान साफ कह दिया था कि भारत-पाक पर 250 फीसदी टैरिफ लगाएंगे। इसका मतलब है कि आप कभी व्यापार नहीं करेंगे और 48 घंटे के भीतर युद्ध खत्म हो गया


फाइल फोटो

### व्यापार समझौते पर क्या है स्थिति?

**सिर्फ दस्तावेजी भाषा पर सहमति बननी बाकी**

ट्रंप का यह बयान ऐसे समय में आया है, जब भारत और अमेरिका के बीच द्विपक्षीय व्यापार समझौता अपने अंतिम चरण में पहुंच गया है। दोनों देशों के बीच पिछले कुछ महीनों से चल रही गहन वार्ताओं के बाद अब समझौते का पहला चरण लगभग तय माना जा रहा है। भारत-अमेरिका पहले ट्रांच को अंतिम रूप देने के लिए बहुत करीब हैं, और सिर्फ दस्तावेजी भाषा पर सहमति बननी बाकी है।

### भारत-पाक सीजफायर का पुराना राग अलापा... झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए

ट्रंप ने एक बार फिर पुराना राग अलापते हुए कहा कि अगर आप भारत-पाकिस्तान को देखें तो मैं भारत के साथ व्यापार समझौता करने वाला हूं और मैं प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का बेहद सम्मान करता हूं। अमेरिकी राष्ट्रपति ने इससे पहले जापान में भी भारत-पाकिस्तान संघर्ष रुकवाने का राग अलापा था। पीएम मोदी के साथ अच्छे संबंधों की दुहाई देते-देते, सीजफायर का पुराना राग अलापते-अलापते अमेरिकी राष्ट्रपति पाकिस्तान के सात विमान गिराने वाले प्रोपेगैंडा का भी उल्लेख कर गए। वो प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ और हारकर फील्ड मार्शल का ओहदा पा अपनी पीठ खुद ही थप-थपाते घूम रहे पाकिस्तानी सेना प्रमुख आसिम मुनीर को भी महान बता गए। ट्रंप ने कहा कि दोनों देशों के बीच हुई झड़प में सात नए खूबसूरत विमान गिराए गए थे।

**राहुल गांधी बोले- ट्रंप हर देश में कर रहे अपमान**

### डरिए मत मोदी जी, जवाब देने की हिम्मत तो दिखाइए




**पटना।** डोनाल्ड ट्रंप के हालिया बयान के बाद विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने पीएम नरेंद्र मोदी को नसीहत देते हुए उन पर निशाना साधा है। राहुल गांधी ने एक्स पर एक पोस्ट कर कहा कि डोनाल्ड ट्रंप हर देश में पीएम मोदी का अपमान कर रहे हैं। राहुल ने इसी पोस्ट में कहा कि उन्होंने दोबारा कहा कि व्यापार का डर दिखाकर पीएम नरेंद्र मोदी को 'ऑपरेशन सिंदूर' रोकने पर मजबूर किया। उन्होंने यह भी कहा कि 7 विमान गिराए गए थे।

**खवासा बॉर्डर पर कार और बस की आमने-सामने भिड़ंत**

## तीन युवा व्यवसायियों की दर्दनाक सड़क हादसे में मौत

हरिभूमि, जबलपुर।

शहर के तीन प्रतिष्ठित युवा व्यवसायियों की बुधवार को नागपुर जाते समय एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो जाने से पूरे जबलपुर में शोक की लहर दौड़ गई। यह दर्दनाक हादसा महाराष्ट्र सीमा के पास खवासा बॉर्डर पर उस समय हुआ, जब उनकी कार सामने से आ रही यात्री बस से आमने-सामने टकरा गई। मृतकों में कपिल साहनी –साहनी टेंट के संचालक, अमित अग्रवाल – रेस्टोरेंट संचालक, मोनू – ज्वाली रेस्टोरेंट व मचान ढाबा के संचालक, तीनों युवा व्यवसायी सुबह नागपुर की ओर जा रहे थे। वे अपने व्यवसायिक कार्यों के सिलसिले में शहर से निकले थे। पुलिस के अनुसार, दुर्घटना उस समय हुई जब देवलापार के पास सामने से आ रहा एक बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होकर कार की दिशा में आने लगा। कार चालक ने बाइक सवार को बचाने के लिए कार मोड़ी, तभी सामने से आ रही यात्री बस से भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई। गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।



**भाजपा नेता की हत्या के बाद पुलिस का एक्शन**

## देर रात दोनों आरोपी शॉर्ट एनकाउंटर के बाद धरे गए

**जबलपुर अस्पताल में भर्ती कराया गया**

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कैमोर में भाजपा नेता नीलेश रजक की हत्या के दो आरोपियों को शॉर्ट एनकाउंटर के बाद गिरफ्तार कर लिया गया। मुठभेड़ के दौरान दोनों आरोपी गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें जबलपुर के निजी अस्पताल के आईसीयू में भर्ती कराया गया है। एएसपी डॉ. संतोष डेहरिया ने बताया कि कैमोर हत्याकांड के आरोपी अकरम खान और प्रिंस जोसेफ के कजरवारा में होने सूचना मिली थी। इसके बाद रात करीब 2 बजे पुलिस ने घेराबंदी की। आरोपियों ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस की ओर से चार राउंड फायर किए गए।


आरोपी को गोली लगने के बाद लाते हुए

**शिवपुरी के फतेहपुर चौराहे पर दर्दनाक हादसा**

## खाद लेने जा रहे तीन किसानों को ट्रक ने रौंदा, एक की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭ शिवपुरी

**बुधवार तड़के नींद से जागकर खाद की लाइन में लगने गए थे**

जिले में किसान खाद के लिए पूरी रात नींद से जागकर खाद की लाइन में लगने के लिए गोदाम पर पहुंच रहे हैं। बुधवार की तड़के शिवपुरी के कोतवाली थाना अंतर्गत फतेहपुर चौराहे पर एक तेज रफ्तार ट्रक ने खाद लेने के लिए जा रहे तीन किसानों को टक्कर मार दी। हादसे में एक किसान की मौके पर ही मौत हो गई जबकि दो किसान घायल हो गए। गुड़ा गांव के 22 वर्षीय भरत पाल, विशाल (20) और ईटमा के जंडेल पाल (20) बुधवार अलसुबह करीब 4 बजे जागकर बाइक से लुधावली स्थित खाद गोदाम जा रहे थे। ताकि जल्दी पहुंचकर लाइन में आगे लग जाएं और जल्दी से खाद प्राप्त कर सकें। टक्कर इतनी भीषण थी कि भरत पाल की मौके पर ही मौत हो गई।



### बारिश से धान की फसल हुई बर्बाद तो किसान ने दी जान

**श्योपुर।** बेमौसम हुई बारिश से जिले के किसानों की धान की फसल पूरी तरह बर्बाद हो गई है। श्योपुर जिले के मानपुर थाना क्षेत्र के गांव सिरसौद निवासी किसान कैलाश मीणा (50) अपने छह बीघा खेत में खड़ी धान की फसल के बर्बाद होने का सदमा सहन नहीं कर सका और उसने बुधवार को अपने खेत पर जाकर फांसी लगाकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। किसानों ने उसके शव का यह कहते हुए अंतिम संस्कार नहीं किया कि जब तक पीड़ित परिवार को मुआवजा दिए जाने की घोषणा शासन की ओर से नहीं की जाती,।


गुस्साए लोगों ने जाम लगाया

## 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' जागरुकता अभियान का शुभारंभ


सीएम डॉ. यादव ने दिखाई हरी झंडी

**साइबर अपराध से बचाव के लिए सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है**

*भोपाल। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'रन फॉर साइबर अवेयरनेस' जागरुकता अभियान के शुभारंभ मौके पर कहा कि साइबर अपराध से लड़ाई केवल पुलिस की नहीं, बल्कि पूरे समाज की है। तकनीक और कानून अपने स्थान पर हैं, पर सबसे बड़ा हथियार जागरुकता है। जब नागरिक जागरुक होगा, तभी राष्ट्र सुरक्षित होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि इस कार्यक्रम ने डिजिटल युग की सबसे जरूरी पहल को जन-आंदोलन का रूप दिया है।*

**आज से 25 दिसंबर तक विदिशा संसदीय क्षेत्र में चलेगा खेल महोत्सव**

## मंत्री मंडाविया और कपिल देव विदिशा में करेंगे सांसद 'खेल महोत्सव' का शुभारंभ

**मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव करेंगे सांसद खेल महोत्सव में शिरकत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

केंद्रीय खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और देश को 1983 में क्रिकेट का वर्ल्ड कप जिताने वाले, देश के गौरव, पूर्व भारतीय कप्तान और महान क्रिकेटर कपिल देव गुरुवार को भोपाल आ रहे हैं। मंडाविया और कपिल यहां से विदिशा जाएंगे और वहां 30 अक्टूबर से 25 दिसंबर तक चलने वाले सांसद खेल महोत्सव में स्थानीय सांसद शिवराज सिंह चौहान के साथ शामिल होंगे। वहीं, मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सांसद खेल महोत्सव में शिरकत करेंगे। मांडविया विदिशा जिला खेल परिसर में शाम साढ़े 5 बजे सांसद खेल महोत्सव का शुभारंभ करेंगे। खेलों के प्रति उत्साह और जनजागरूकता बढ़ाने के लिए 31 अक्टूबर और 1 नवंबर को संपूर्ण संसदीय क्षेत्र में टॉर्च रिले निकाली जाएगी। अब तक कुल 37 हजार 38 खिलाड़ियों ने अपना पंजीयन कराया है। सांसद खेल महोत्सव में प्रतियोगिताएं तीन स्तरों पर ग्राम पंचायत, विधानसभा और संसदीय स्तर पर आयोजित की जाएंगी।


मनसुख मंडाविया


कपिल देव

**मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कटोरिया, नाथनगर एवं आलमनगर सीट पर की सभाएं**

**प्रधानमंत्री के नेतृत्व में बिहार तेजी से आगे बढ़ रहा है, यहां विकास की अपार संभावनाएं**

## समग्र विकास के लिए बिहार में चाहिए तीसरी बार एनडीए सरकार

**अयोध्या में श्रीराम मंदिर के बाद अब बिहार के सीतामढ़ी में बनेगा माता सीता का भव्य तीर्थ**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बुधवार को बिहार के बांका जिले के कटोरिया, भागलपुर जिले के नाथनगर एवं मधेपुरा जिले के आलमनगर विधानसभा क्षेत्र में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में चुनावी जनसभाओं को संबोधित किया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने आलमपुर से एनडीए प्रत्याशी नरेंद्र नारायण, नाथनगर से प्रत्याशी मिथुन यादव और कटोरिया से प्रत्याशी पूरन लाल के समर्थन में जनसभा को संबोधित करते हुए कहा कि बिहार की धरती हमेशा से पूजनीय रही है।



### 74 लाख किसानों को किसान सम्मान निधि

मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में दुनिया हमें अब सम्मान की नजरों से देखती है। बिहार आगे बढ़ना चाहिए, देश आगे बढ़ना चाहिए और हर घर का बेटा-बेटी आगे बढ़ना चाहिए। अगर किसी को आगे बढ़ाने का मौका कोई देता है तो वह भारतीय जनता पार्टी है। मैं किसान परिवार से आता हूं, लेकिन पार्टी ने मुझे मुख्यमंत्री बना दिया। भगवान श्री राम को लेकर सवाल खड़े करने वालों को सबक सिखाएं।

### कांग्रेस नेता हिंदू-मुस्लिमों को वर्षों तक लड़ाते रहे

डॉ. यादव ने कहा कि बाबा महाकाल की नगरी से एनडीए प्रत्याशियों की जीत का आशीर्वाद लेकर आया हूं। बिहार की जनता हीरा परखना जानती है।

## चुनाव प्रचार में वार

पलटवार का दौर तेज, निशाना साधने में कोई पीछे नहीं

# भाजपा ने महागठबंधन पर किया चौतरफा हमला और जंगलराज का किया जिक्र, राहुल ने प्रधानमंत्री मोदी के बारे में की अभद्र टिप्पणी

### गृहमंत्री शाह ने दिया लालू-सोनिया को साफ संदेश

## सीएम और पीएम के लिए सीटें खाली नहीं राजद और कांग्रेस के घोटालों को गिनाया

एजेंसी ▶▶ पटना

गृह मंत्री अमित शाह ने दरभंगा के अलीनगर में चुनावी रैली को संबोधित किया। भाजपा प्रत्याशी मैथिली ठाकुर के लिए वोट मांगने पहुंचे शाह ने मिथिलावासियों से लोकगायिका को वोट देने की अपील की है। पीएम मोदी ने जननायक कर्पूरी ठाकुर को भारत रत्न और स्वर कोकिला स्व. शारदा सिन्हा को पद्म विभूषण देकर मिथिलावासियों को सम्मान देने का काम किया।शाह ने राष्ट्रीय जनता दल और कांग्रेस पर जमकर हमला बोला। उन्होंने कहा कि लालू और सोनिया को मैं कहना चाहता हूं कि सीएम या पीएम की सीट खाली नहीं है। वहां पीएम मोदी हैं और यहां पर सीएम नीतीश कुमार हैं। मैं बताता हूं कि लालू-राबड़ी ने लैंड फॉर जॉब, बाढ़ राहत घोटला समेत कई घोटले किए। कांग्रेस पार्टी ने 2004 से 2014 तक 12 लाख करोड़ के घोटाले किए।

### पीएम मोदी ने पीएफआई वालों को जेल भेजा



शाह ने कहा कि हमारी ही सरकार ने पीएफआई वालों को जेल भेजा। मोदी सरकार ने इस देश में आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब देने की परंपरा कायम की। पटना के फुलवारीशरीफ में पीएफआई वाले पहुंचे गए। कांग्रेस की सरकार में पीएफआई बना लेकिन किसी ने बैन नहीं लगा। लेकिन, पीएम मोदी ने पीएफआई पर बैन लगाया और सलाखों के पीछे भेज दिया।


### मेट्रो ट्रेन की सेवा शुरू होगी, एम्स बन रहा

शाह ने कहा कि 2027 में हमलोग संसार का तीसरे नंबर का अर्थतंत्र बन जाएगा। दरभंगा में पीएम मोदी ने 216 करोड़ की लागत से शोभन-बायपास बनाया। पूर्णिया-पटना एक्सप्रेस-वे की नींव रखी। कमला नदी पर नया पुल बनाया। आजादी के बाद पहली बार कमला नदी पर पुल बना।

### विपक्ष सिर्फ वोट बैंक और तुष्टिकरण की राजनीति कर रहा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 5 अगस्त 2019 को इसे हमेशा के लिए खत्म कर दिया। शाह ने कहा कि एक समय था जब आतंकवाद भारत की धरती को खून से रंग देता था।

### आरजेडी अब झूठे वादों से फिर बरगला रही: राजनाथ



दरभंगा में बिहार चुनाव 2025 को लेकर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने महागठबंधन पर तीखा प्रहार किया। उन्होंने कहा कि आरजेडी ने सिर्फ देश में ही नहीं, बल्कि पूरी दुनिया में बिहार की छवि खराब की है। पूरे परिवार पर भ्रष्टाचार के आरोप हैं, यहां तक कि एक पूर्व मुख्यमंत्री को जेल में सालों रहना पड़ा, क्या यह हर बिहारी के लिए शर्म की बात नहीं है? सिंह ने आरजेडी के घोषणापत्र पर सवाल उठाते हुए कहा कि उनका वादा पूरी तरह अव्यावहारिक और जनता को गुमराह करने वाला है। सिंह ने जनता से अपील की कि वे तय करें, उन्हें 'विकसित बिहार' चाहिए या 'जंगलराज' की वापसी।

### अब बिहार में 'सब बा' सीएम योगी ने की डबल इंजन सरकार की तारीफ



योगी ने ओसोमा को टिकट देने पर भी आरजेडी पर निशाना साधा। योगी जो लोग अपराध से जुड़ी सोच का समर्थन करते हैं, वे बिहार को पीछे ले जाना चाहते हैं। एनडीए की सरकार ने बिहार में विकास, सुरक्षा और सम्मान की गारंटी दी है। अब बिहार में सब बा, किसी चीज की कमी नहीं। उन्होंने कहा कि बिहार कभी पहचान के संकट से जूझ रहा था, लेकिन आज डबल इंजन की एनडीए सरकार ने राज्य को नई दिशा दी है।

### राहुल पॉलिटिकल टूरिस्ट रविशंकर ने कसा तंज



लोक सभा सांसद रवि शंकर प्रसाद ने राहुल गांधी पर तंज कसते हुए कहा कि राहुल गांधी पॉलिटिकल टूरिस्ट हैं। उन्होंने कहा कि वह नॉन सीरियस पॉलिटिशन हैं। वो विपक्ष के नेता हैं अपनी क्षमता से नहीं बल्कि अपने परिवार की वजह से हैं। उन्होंने कहा कि- पीएम मोदी के नाचने वाले बयान की भर्त्सना करता हूं। उन्होंने राजद पर निशाना साधते हुए कहा कि जमीन के बदले नौकरी लेकर जो काम किया गया। उनके राज में जंगलराज था, जिसमें भ्रष्टाचार की पराकाष्ठा, अपराध और पुलिस की कार्रवाई नहीं हो रही थी।

### कांग्रेस-इंडी गठबंधन कर रहा वोट बैंक की राजनीति



हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने बिहार चुनाव को लेकर कांग्रेस और इंडी गठबंधन पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि महागठबंधन का घोषणा पत्र पूरे बिहार की जनता की आकांक्षाओं का नहीं, बल्कि केवल एक विशेष वर्ग के हितों का प्रतिनिधित्व करता है। सैनी ने कहा कि इनके घोषणा पत्र में आम नागरिक की चिंता नहीं, बल्कि वोट बैंक की राजनीति झलकती है। ये जब भी वोट मांगते हैं तो एक वर्ग विशेष वर्ग के लोगों को साधने की कोशिश करते हैं।

### राहुल ने मुजफ्फरपुर में कहा

## वोट के लिए नाच भी सकते हैं पीएम मोदी, नीतीश का इस्तेमाल कर रहे



चुनाव की घोषणा होने के बाद पहली बार राहुल गांधी चुनावी मैदान में एक साथ नजर आएं। वे मुजफ्फरपुर के सकरा विधानसभा में जनसभा को संबोधित कर रहे। उनके साथ नेता प्रतिपक्ष तेजस्वी यादव और वीआईपी प्रमुख मुकेश सहनी भी मुजफ्फरपुर में पहुंचे। राहुल ने पीएम मोदी और एनडीए सरकार पर हमला बोला। राहुल ने कहा कि नीतीश कुमार के चेहरे का इस्तेमाल हो रहा है, जबकि रिमोट कंट्रोल भाजपा के हाथ में है। प्रधानमंत्री और भाजपा सामाजिक न्याय के खिलाफ हैं।बिहार में 20 साल से नीतीश जी सरकार चला रहे हैं। शिक्षा, स्वास्थ्य और रोजगार के लिए उन्होंने क्या किया? राहुल ने अपनी रैली में कहा कि आज की तारीख में पीएम मोदी वोटों के लिए कुछ भी कर सकते हैं। राहुल ने कहा कि उन्हें सिर्फ आपका वोट चाहिए। अगर आप कहोगे नरेंद्र मोदी जो आप ऐसा ड्रामा करो वो कर देंगे। आप कहेंगे कि हम आपको वोट देंगे आप स्टेज पर आकर नाचिए तो वो स्टेज पर आकर नाच भी देंगे।

### खेड़ा ने एनडीए का फुलफॉर्म बताया



टना: कांग्रेस नेता पवन खेड़ा ने कहा कि एनडीए का फुलफॉर्म है- नो दूल्हा अवाइलेबल। मुस्लिम डिप्टी सीएम के मुद्दे पर कहा कि सबको मौका दिया जाएगा। सब कुछ तय कर लिया गया है। खेड़ा ने कहा कि हमारा नियम ही सामाजिक न्याय है।

### बिहार को नंबर वन बनाएंगे



महागठबंधन के सीएम फेस और आरजेडी नेता तेजस्वी यादव ने बुधवार को समस्तीपुर के सरायरंजन और मुजफ्फरपुर में चुनावी सभाओं में एनडीए पर तीखा हमला बोला और जनता से एक मौका देने की अपील की। उनकी सरकार बनते ही हर परिवार के एक सदस्य को सरकारी नौकरी दी जाएगी, अपराधियों को जेल भेजा जाएगा।

### दम है तो अरेस्ट करो पीके का ईसी को चैलेंज



दोहरी मतदाता सूची में नाम होने के आरोप पर चुनाव आयोग के नोटिस पर पीके ने चुनौती देते हुए कहा है कि अगर मैंने कोई कानून तोड़ा है तो मुझे गिरफ्तार करें। लोगों को डराने में विफल रहने के बाद उन्हें धमकाने के लिए भेजा गया है।

### एडीआर की रिपोर्ट में खुलासा

### पहले चरण में 32 फीसदी आपराधिक छवि के प्रत्याशी शामिल



बिहार विधानसभा चुनाव के पहले चरण के लिए 6 नवंबर को वोटिंग होगी। पहले चरण में कुल 1,314 उम्मीदवार मैदान में हैं और एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म्स (एडीआर) ने 1,303 के शपथ पत्रों की जांच की। पहले चरण में लगभग 32% उम्मीदवारों ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।27% पर हत्या और महिलाओं के खिलाफ अपराध हैं।

### राजद में सर्वाधिक दागी उम्मीदवार

प्रमुख दलों में जन सुराज पार्टी के 114 उम्मीदवारों में से 50 (44%), बसपा के 89 उम्मीदवारों में से 18 (20%), राजद के 70 उम्मीदवारों में से 53 (76%), जेडीयू के 57 उम्मीदवारों में से 22 (39%), भाजपा के 48 उम्मीदवारों में से 31 (65%), आप के 44 उम्मीदवारों में से 12 (27%), कांग्रेस के 23 उम्मीदवारों में से 15 (65%), सीपीआई(एमएल)(एल) के 14 उम्मीदवारों में से 13 (93%), लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के 13 उम्मीदवारों में से 7 (54%), सीपीआई के 5 उम्मीदवारों में से 5 (100%) और सीपीआई(एम) के 3 उम्मीदवारों में से 3 (100%) ने अपने खिलाफ आपराधिक मामले घोषित किए हैं।

## खबर संक्षेप

### कर्नाटक के विजयपुरा में भूकंप से दहशत



**विजयपुरा।** कर्नाटक के विजयपुरा जिले में लगातार आ रहे भूकंपों ने लोगों की नींद उड़ा दी है। पिछले दो महीनों में 11 झटके दर्ज किए गए हैं। मंगलवार रात 11:41 बजे के बाद बुधवार सुबह भी करीब 5:30 बजे भूकंप के झटके महसूस किए गए। लोग घरों से बाहर भागे।

### राणा को फिर मिली जान से मारने की धमकी



**मुंबई।** महाराष्ट्र की भाजपा नेता और पूर्व सांसद नवनीत राणा को एक बार फिर से जान से मारने की धमकी मिली है। धमकी स्पीड पोस्ट के जरिए आए एक पत्र में लिखकर भेजी गई है। यह हैदराबाद से भेजा है। नवनीत ने इसकी शिकायत अमरावती के राजापेठ पुलिस स्टेशन में की।

### जेनिथ ने टीएमसी छोड़ी कांग्रेस में शामिल होंगे



**शिलांग।** मेघालय में एक महत्वपूर्ण राजनीतिक घटनाक्रम में, पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. मुकुल संगमा के छोटे भाई, जेनिथ एम. संगमा, अखिल भारतीय तृणमूल कांग्रेस से इस्तीफा देने के बाद एआईसीसी) से मंजूरी मिलने के बाद भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस में फिर से शामिल होने के लिए तैयार हैं।

### सिमडेगा में मालगाड़ी के 10 डिब्बे पटरी से उतरे



**रांची।** झारखंड के सिमडेगा जिले में बुधवार सुबह एक मालगाड़ी के डिब्बे पटरी से उतर गए जिससे रेल सेवाएं बुरी तरह प्रभावित हुईं। अधिकारियों ने इस बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह हादसा रांची डिवीजन के दक्षिण पूर्व रेलवे में कनारोआन रेलवे स्टेशन के पास सुबह करीब 10:15 बजे हुआ।

### कांग्रेस की बैठक में बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने का आरोप

## असम में बड़ा राजनीतिक विवाद हो गया खड़ा हिमंता सरकार ने दिए मुद्दे की जांच के आदेश

एजेंसी ▶▶ सिलचर

असमकी बराक घाटी में कांग्रेस कार्यक्रम के दौरान एक गाने को लेकर बड़ा राजनीतिक विवाद खड़ा हो गया है। आरोप है कि वरिष्ठ कांग्रेस नेता बिधु भूषण दास ने एक बैठक में कथित तौर बांग्लादेश का राष्ट्रगान अमर सोनार बांग्ला, आमी तोमाय भालोबाशी गीत गाया। यह घटना सोमवार को श्रीभूमि जिले के इंदिरा भवन, स्थानीय कांग्रेस कार्यालय में हुई। यहां करीमगंज (श्रीभूमि) जिला सेवा दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक चल रही थी। सेवा दल के पूर्व जिला अध्यक्ष रह चुके हैं दास ने अपने भाषण की शुरुआत करते हुए यह गीत गाया। यह गीत नोबेल पुरस्कार विजेता रवींद्रनाथ टैगोर ने 1905 में ब्रिटिश शासन के दौरान बंगाल के प्रथम विभाजन के समय लिखा था। असम सरकार ने अधिकारियों को कांग्रेस की एक बैठक में कथित तौर पर बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाने के मामले की जांच करने का निर्देश दिया है। अधिकारियों ने बताया कि श्रीभूमि जिले में कांग्रेस सेवा दल की एक हालिया बैठक में कथित तौर पर बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया गया। हालांकि कांग्रेस ने भाजपा सरकार की आलोचना की और कहा कि सरकार गैर जरूरी विवाद पैदा करने की कोशिश कर रही है।

### कांग्रेस ने कहा- अनावश्यक विवाद पैदा करने की कोशिश हो रही

### श्रीभूमि जिला प्रशासन ने की गीत गाने की पुष्टि



जिला सेवा दल की कार्यकारिणी समिति की बैठक

श्रीभूमि जिला प्रशासन के एक वरिष्ठ अधिकारी ने इसकी पुष्टि की और बताया कि राज्य सरकार के मंत्री कृष्णेंदु पॉल ने मामले की जांच करने के मौखिक निर्देश दिए हैं। जिसके बाद जांच की जा रही है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, मंगलवार को श्रीभूमि शहर में कांग्रेस जिला कार्यालय इंदिरा भवन में कांग्रेस सेवा दल की बैठक आयोजित हुई। इस बैठक की शुरुआत में बांग्लादेश के राष्ट्रगान 'आमार सोनार बांग्ला' की दो लाइनें गायी गईं। नोबेल पुरस्कार विजेता भारतीय कवि रविंद्रनाथ टैगोर ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान लिखा है।

### असम के मंत्री ने कांग्रेस को बताया दिशाहीन पार्टी



घटना के बाद यह मामला तेजी से राजनीतिक रंग लेने लगा। मंगलवार को असम के मंत्री कृष्णेंदु पॉल ने इस पर कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा कि मुझे खबर मिली है कि कांग्रेस के एक नेता ने बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया है। कांग्रेस में कुछ भी हो सकता है। यह पार्टी पूरी तरह दिशाहीन है। उन्हें यह तक नहीं पता कि कब और क्या गाना चाहिए। पॉल ने यह भी कहा कि वह कार्यक्रम का वीडियो देखेंगे और पुलिस से जांच कराने की सिफारिश करेंगे। अगर यह सही पाया गया, तो कार्रवाई जरूरी होगी।

### कांग्रेस ने दी सफाई: भाजपा के पास कोई मुद्दा नहीं, विवाद पैदा कर रही

कांग्रेस की इस बैठक का वीडियो सोशल मीडिया पर सामने आने के बाद विवाद हो गया। भाजपा नेताओं ने आरोप लगाया कि 'कांग्रेस ने पाकिस्तान को जन्म दिया। अब कांग्रेस द्वारा, पड़ोसी देश के प्रति अपना प्यार दिखाने के लिए बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाया जा रहा है।' विवाद पर श्रीभूमि जिला कांग्रेस अध्यक्ष तापस पुरकायस्थ ने कहा कि 'हमारे गौरव रविंद्रनाथ टैगोर के नाम पर राजनीति न करें। दास ने गीत की सिर्फ दो लाइनें गाईं। इसकी आलोचना करने का मतलब है टैगोर की आलोचना। असम कांग्रेस अध्यक्ष गौरव गोगोई ने भी भाजपा की आलोचना की और कहा कि 'लोगों का ध्यान भटकाने के लिए सत्ताधारी पार्टी गैर-जरूरी विवाद पैदा कर रही है। भाजपा के पास कोई और मुद्दा नहीं है।

### आरोपों को बताया 'राजनीतिक साजिश'

वहीं कांग्रेस ने इस विवाद को पूरी तरह राजनीतिक रूप से प्रेरित बताया है।जिला कांग्रेस समिति के मीडिया विभाग के प्रमुख शाहादत अहमद चौधरी ने बिधु भूषण दास का बचाव करते हुए कहा दास साहब ने सिर्फ एक रवींद्र संगीत प्रस्तुत किया था, बांग्लादेश का राष्ट्रगान नहीं। इस पर सियासी साजिश हो रही है।

### कांग्रेस 'भारत के टुकड़े-टुकड़े' पर चल रही : पूनावाला



पूनावाला ने आरोप लगाया कि कांग्रेस का एक बड़ा नेता बांग्लादेश का राष्ट्रगान गाता है, जिसने हाल ही में भारत के पूर्वोत्तर क्षेत्र, खासकर असम को अलग करने के लिए एक भड़काऊ बयान दिया था। कांग्रेस आधिकारिक तौर पर 'भारत के टुकड़े-टुकड़े' एजेंडे को आगे बढ़ाने के लिए सामने आई है।

### किसानों की पूर्ण ऋण माफी की मांग

## नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर लगा सात किमी लंबा जाम

### 2 दिन से फंसे सैकड़ों ट्रक ड्राइवर



एजेंसी ▶▶ नागपुर

महाराष्ट्र में किसानों की पूर्ण ऋण माफी की मांग को लेकर बच्चू कडू के नेतृत्व में पिछले दो दिनों से नागपुर में अनिश्चितकालीन धरना चल रहा है। बुधवार को किसानों ने नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग को दो घंटे तक जाम रखा। गुस्साए किसानों ने नागपुर-मुंबई समृद्धि राजमार्ग पर दो घंटे तक वाहनों का आवागमन पूरी तरह से बाधित कर दिया। प्रदर्शनकारियों ने सरकार को चेतावनी देते हुए कहा है कि यह धरना किसानों के अधिकारों की निर्णायक लड़ाई है।

### किसानों ने सरकार को दी चेतावनी

स्वराज्य पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष प्रशांत डिक्कर ने कहा कि अगर सरकार किसानों के आंदोलन पर ध्यान नहीं देती है और सामान्य ऋण माफी पर कड़ा रुख नहीं अपनाती है, तो हम राज्य भर में किसानों का एक बड़ा आंदोलन करेंगे। हमने सरकार को चेतावनी दे दी है। इस आंदोलन के कारण राजमार्ग पर यातायात बाधित हो गया है और पुलिस प्रशासन अलर्ट पर है। यह तय हो चुका है कि जब तक किसानों की मांगें नहीं मान ली जातीं, यह आंदोलन समाप्त नहीं होगा।

### फडणवीस बोले- चर्चा कर रोडमैप बनाएंगे



मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने कहा कि सरकार ने आंदोलन से पहले भी सरकार ने बैठक बुलाई थी। चर्चा कर मुद्दे सुलझाएंगे। फिर उन्होंने आधी रात मुझे मैसेज किया कि हम बैठक के लिए वहां आ नहीं सकते। आज भी बावनकुले साहब ने उनसे संपर्क किया। उन्होंने इतने मुद्दे रखे हैं। अब उन पर चर्चा कर रोडमैप तैयार करना होगा। सीएम ने कहा कि सरकार की स्पष्ट भूमिका है। हमने उसके लिए कमेटी भी गठित की है। किसान की मदद करना प्राथमिकता है। हम किसानों को उचित समय पर कर्ज माफी देंगे। कर्जमाफी की भी तो पैसा बैंकों में पहले जाएगा। बैंकों को फायदा पहुंचाने से ज़्यादा किसानों तक डायरेक्ट मदद पहुंचाना जरूरी है। हम कर्जमाफी के वादे से मुकर नहीं रहे। कर्ज माफी उचित समय पर करेंगे।

### कांग्रेस ने उठाए सवाल

## धनखड़ 100 दिन से खामोश अब तक विदाई समारोह नहीं



एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

कांग्रेस नेता जयराम रमेश ने बुधवार को कहा कि पूर्व उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने अपने इस्तीफे के बाद 100 दिनों से पूरी तरह मौन साध रखा है। रमेश ने यह भी कहा कि उन्हें कम से कम उनके सभी पूर्ववर्तियों की तरह एक विदाई समारोह का अधिकार है।

### जयराम ने कहा- कहीं दिखे नहीं

पार्टी के महासचिव और संचार प्रभारी जयराम रमेश ने कहा कि भारतीय राजनीतिक इतिहास में एक अभूतपूर्व घटना को ठीक 100 दिन हो गए हैं। 21 जुलाई की देर रात अचानक और चौंकाने वाली बात यह हुई कि भारत के उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने इस्तीफा दिया। यह स्पष्ट था कि उन्हें ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया था, भले ही वह दिन-रात प्रधानमंत्री की प्रशंसा करते रहे हों। जो पूर्व उपराष्ट्रपति रोजाना सुर्खियों में रहते थे, सौ दिनों से खामोश हैं।

### आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ा तूफान मोंथा

## ओडिशा में कई जगहों पर भूस्खलन, लोगों को सुरक्षित पहुंचाया

एजेंसी ▶▶ गजपति

गंभीर चक्रवाती तूफान 'मोंथा' आंध्र प्रदेश तट से टकराने के बाद कमजोर पड़ गया है। कई तटीय जिलों में भारी बारिश हुई और तेज हवाएं चलीं। सरकार ने प्रभावित जिलों में नियंत्रण कक्ष बनाए हैं और हेल्पलाइन नंबर जारी किए हैं। ओडिशा के गजपति में भूस्खलन की घटनाएं हुईं। प्रशासन ने लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया। मौसम विभाग के वैज्ञानिक एस. करुणासागर ने कहा कि मध्य बंगाल में बना तूफान आंध्र प्रदेश के तट को पार कर गया। यह आधी रात 11.30 से 12.30 बजे के बीच तट से टकराया और उत्तर-पश्चिम की ओर बढ़ा और सुबह ढाई बजे बजे तक यह चक्रवाती तूफान में कमजोर हो गया। केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने भी तैयारियों की समीक्षा की।

### केंद्र सरकार ने दिया मदद का आश्वासन, मुख्यमंत्री रख रहे नजर



### हमारी टीमें किसी भी स्थिति के लिए तैयार: माझी



ओडिशा के सीएम मोहन माझी ने लैंडफॉल से पहले स्थिति का जायजा लेने के लिए विशेष राहत आयुक्तालय के नियंत्रण कक्ष का दौरा किया। माझी ने कहा कि ओडिशा अभी खतरे में नहीं है और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर स्थानांतरित किया गया है। हमने नियंत्रण कक्ष में चक्रवात मोंथा की स्थिति का जायजा लिया।

### हेल्पलाइन नंबर जारी

आंध्र प्रदेश में चक्रवात मोंथा से प्रभावित लोगों की सहायता के लिए नियंत्रण कक्ष बनाए गए हैं। हेल्पलाइन नंबर चित्तूर (08572-242777, 9491077325), नेल्लोर (0861-2331261, 7995576699), काकीनाडा (0884-2356801), बापटल (0863-2234014), गुंटूर (0864-3220226) और वाईएसआर कडपा (08562-246344)।

### कई जगहों पर भूस्खलन हुआ: जिलाधिकारी

ओडिशा के गजपति की जिला अधिकारी मधुमिता ने बताया कि प्रशासन ने रातभर काम किया, ताकि किसी तरह की जनहानि न हो। उन्होंने कहा कि लगातार बारिश की वजह से कई जगहों पर भूस्खलन हुआ है। हमने सुबह उन जगहों को खाली कर दिया। शून्य जनहानि का लक्ष्य पाने के लिए 10 हजार लोगों को संवेदनशील इलाकों से सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया है। कर्मचारी लगातार जमीन पर काम कर रहे हैं।

# राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की ऐतिहासिक राफेल उड़ान: अंबाला से फ्लाइट सूट पहनकर जेट में हुईं सवार

**कहां से उड़ान भरी अंबाला एयरबेस** | **रनवे पर वापस लैंड दोपहर 11:59 बजे**

***आसमान में कब तक रहीं: 33 मिनट***

एजेंसी ▶▶ अंबाला

बुधवार को राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने अंबाला एयरबेस से 4.5 जैनरेशन के लड़ाकू विमान राफेल में 33 मिनट की उड़ान भरी। इस दौरान उनका विमान ग्रुप कैप्टन अमित ने उड़ाया, जबकि एयरचीफ मार्शल अमरप्रीत सिंह ने दूसरे राफेल से उनको एस्कॉर्ट किया। इन सबके बीच स्कवाड्रन लीडर शिवांगी भी राष्ट्रपति के साथ दिखाई दीं। वे फाइटर प्लेन पायलट हैं और आपरेशन सिंदूर के दौरान पाकिस्तान ने उनको पकड़ने का दावा किया था। राष्ट्रपति के साथ वे काफी सहज और विश्वास से भरी दिखाई दीं।

राष्ट्रपति जिस राफेल विमान में सवार थीं, उसने अंबाला एयरबेस के रनवे से 11 बजकर 26 मिनट पर उड़ान (टेकआफ) भरी। वे 33 मिनट तक उड़ान में रहीं। इसके बाद 11:59 बजे राफेल ने रनवे पर लैंड किया।



राष्ट्रपति का वायु सेना प्रमुख एपी सिंह (बाएं से दूसरे) ने स्वागत किया



राष्ट्रपति मुर्मू टेकऑफ के लिए तैयार



टेकऑफ 11 बजकर 26 मिनट पर किया

***राफेल में उड़ान भरने वाली वे पहली राष्ट्रपति***

*लैंड करने के बाद वे राफेल से नीचे उतरीं। यहां पर उनको राफेल की तकनीकी जानकारी भी दी। राफेल में उड़ान भरने वाली वे पहली राष्ट्रपति हैं। इससे पहले राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू सुबह साढ़े नौ बजे भारतीय वायुसेना के विमान से एयरबेस पर पहुंचीं। यहां पर एयरचीफ मार्शल ने उनका स्वागत किया।अब अंबाला एयरबेस से राष्ट्रपति ने राफेल में उड़ान भरी है। राफेल में उड़ान भरने वाली वे पहली राष्ट्रपति हैं। साल 2009 में राष्ट्रपति प्रतिभा देवी सिंह पाटिल ने पुणे के लोहगांव एयरफोर्स बेस से सुखोई-30 एमकेआई में उड़ान भरी थी। अंबाला एयरबेस से तत्कालीन रक्षा मंत्री जार्ज फर्नांडीस ने भी मिग-21 में उड़ान भरी थी।*

## खबर संक्षेप

### 51 नक्सलियों का सरेंडर 9 महिला भी शामिल

**बीजापुर।** छत्तीसगढ़ के नक्सल प्रभावित बीजापुर जिले में बड़ी



सफलता मिली है। 51 माओवादी कैडरों ने बीजापुर में सरेंडर किया है। मुख्यधारा में शामिल होने वाले इन कैडरों में 9 महिला और 42 पुरुष सदस्य शामिल हैं। सरेंडर करने वालों में 20 ऐसे नक्सली शामिल हैं, जिन पर इनाम था। इनमें 8 लाख के इनामी 5 नक्सली, 5 लाख का इनामी एक नक्सली, 2 लाख के इनामी 7 नक्सली, वहीं एक लाख के इनामी सात नक्सली शामिल हैं। एसपी डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने कहा कि सरकार की पुनर्वास नीति माओवादियों को आकर्षित कर रही है।

### भारत में स्टारलिंक के लॉन्च की तैयारी

**मुंबई।** मस्क की सैटेलाइट इंटरनेट कंपनी स्टारलिंक भारत में अपनी



सर्विस लॉन्च करने की दिशा में तेजी से काम कर रही है। इसी क्रम में कंपनी 30 और 31 अक्टूबर को मुंबई में सिक्योरिटी और टेक्निकल डेमो रन आयोजित करेगी। सूत्रों के मुताबिक, यह डेमो देश की कानून प्रवर्तन एजेंसियों के सामने किया जाएगा ताकि यह साबित किया जा सके कि स्टारलिंक ने सैटेलाइट ब्रॉडबैंड सेवाओं के लिए तय सभी सुरक्षा और तकनीकी मानकों का पालन किया है। यह डेमो उस अस्थायी स्पेक्ट्रम पर आधारित होगा, जो कंपनी को परीक्षण के लिए आवंटित किया गया है।

गहरे होंगे भारत-जापान के संबंध!

# पीएम मोदी ने जापान की नई पीएम से की बातचीत

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जापान की पीएम जापान की प्रधानमंत्री साने ताकाइची के साथ खास बातचीत की। उन्हें पदभार ग्रहण करने पर बधाई दी और आर्थिक सुरक्षा, रक्षा सहयोग और प्रतिभा



गतिशीलता पर केंद्रित भारत-जापान विशेष रणनीतिक और वैश्विक साझेदारी को आगे बढ़ाने के हमारे साझा दृष्टिकोण पर चर्चा की। इस बात पर सहमत हुए कि वैश्विक शांति, स्थिरता और समृद्धि के लिए भारत-जापान के मजबूत संबंध अत्यंत महत्वपूर्ण हैं।

जापान बीते कुछ महीनों से गहरे राजनीतिक संकट से गुजर रहा था, जुलाई 2025 में हुए संसदीय चुनावों में लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) को करारी हार का सामना करना पड़ा। पार्टी की इस हार के बाद देश में राजनीतिक खींचतान और नेतृत्व संकट शुरू हो गया था। पूर्व प्रधानमंत्री शिगेरु इशिबा, जो मुश्किल से एक साल सत्ता में रहे।

### ड्रमर से लेकर शीर्ष नेता तक

*साने ताकाइची का जीवन सफर प्रेरणादायक है. 64 वर्षीय ताकाइची ने अपने करियर की शुरूआत हेवी-मेटल ड्रमर और मोटरसाइकिल प्रेमी के रूप में की थी, लेकिन जल्द ही वे राजनीति की ओर मुड़ीं और 1993 में अपने गृह नगर नारा से पहली बार सांसद बनीं। उन्होंने आर्थिक सुरक्षा, आंतरिक मामलों और लैंगिक समानता जैसे महत्वपूर्ण मंत्रालयों का नेतृत्व किया। वे जापान की पूर्व प्रधानमंत्री शिंजो आबे की करीबी सहयोगी रही हैं और उनकी रूढ़िवादी नीतियों की समर्थक मानी जाती हैं। ताकाइची अपने आदर्श के रूप में ब्रिटेन की पूर्व प्रधानमंत्री मार्गरेट थैचर का उल्लेख करती हैं, जो उनके मजबूत नेतृत्व और स्पष्ट विचारों की झलक है।*

### ताकाइची को मिली थी सफलता

उन्होंने 15 अक्टूबर को इस्तीफा दे दिया. इसी के साथ एलडीपी में नेतृत्व बदलने की प्रक्रिया शुरू हुई। इस सत्ता शून्यता को खत्म करने के लिए पार्टी के वरिष्ठ नेताओं ने साने ताकाइची का नाम आगे बढ़ाया, जो लंबे समय से एलडीपी के दक्षिणपंथी गुट से जुड़ी हुई थीं। ताकाइची ने जापान इनोवेशन पार्टी के साथ गठबंधन करके नया समीकरण तैयार किया है। इस गठबंधन ने संसद में बहुमत के करीब सीटें हासिल कीं और ताकाइची को प्रधानमंत्री पद पर पहुंचाया।

मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में बोले पीएम मोदी

# देश का मरीनटाइम सेक्टर ग्रोथ का नया इंजन विकसित देशों से बेहतर हैं भारत के बंदरगाह


संबोधित करते पीएम मोदी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने बुधवार को मुंबई में इंडिया मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव 2025 को संबोधित किया। इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 21वीं सदी के इस कालखंड में भारत का समुद्री क्षेत्र बड़ी तेजी और ऊर्जा के साथ आगे बढ़ रहा है। इसी के साथ उन्होंने यह भी कहा कि देश के बंदरगाह अब विकासशील देशों में सबसे कुशल बंदरगाहों में गिने जाते हैं।

- परिचालन जलमार्ग 3 से 42 हो गए

पीएम मोदी ने कहा कि साल 2025 भारत के मरीनटाइम सेक्टर के लिए बहुत अहम साल रहा है। इंडिया मरीनटाइम वीक 2025 कार्यक्रम में उपलब्धियों को गिनाते हुए पीएम मोदी ने कहा कि हाल ही विझिंजम बंदरगाह पहला गहरे पानी का अंतर्राष्ट्रीय केंद्र है, जिसका परिचालन शुरू हो गया है।

*अंतर्देशीय जलमार्ग कार्गो में 700 प्रतिशत की वृद्धि*

*समुद्री दृष्टि ने 100 और नए संग्रहालय बनाए हैं*

*भारत का औसत कंटेनर समय 3 दिन कम हुआ*



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, महाराष्ट्र के राज्यपाल आचार्य देवव्रत, मुख्यमंत्री देवेंद्र फड़णवीस

### *समुद्री क्षेत्र में सुधार, नए आधुनिक कानून लागू*

*पीएम मोदी ने कहा कि इस वर्ष समुद्री क्षेत्र में भी सुधार हुए हैं, हमने औपनिवेशिक कानूनों को हटाकर नए आधुनिक कानून लागू किए हैं। ये कानून समुद्री बोर्ड को सशक्त बनाते हैं और बंदरगाहों पर डिजिटलीकरण को बढ़ावा देते हैं। हमने विधेयक को वैश्विक स्तर पर सुसंगत बनाया है और व्यापार में आसानी को बढ़ावा दिया है, जिससे निवेशकों को लाभ हो रहा है। तटीय नौवहन अधिनियम व्यापार को आसान बनाने के लिए बनाया गया है और आपूर्ति श्रृंखला सुरक्षा को समर्थन प्रदान करती है।*

### भारतीय मरीनटाइम में निवेश करने का यही सही समय है

पीएम मोदी ने कहा कि भारत सरकार द्वारा 70000 करोड़ रुपये का निवेश किया जाएगा, जिससे रसद क्षमता, दीर्घकालिक वित्तपोषण, हरित और भूरा क्षेत्र, उन्नत समुद्री विकास होगा और लाखों नौकरियां पैदा होंगी। 76000 करोड़ रुपये का वधावन बंदरगाह, आप सभी इस यात्रा में हमारे भागीदार हैं और हम आपके नवाचार और निवेश का स्वागत करते हैं। पीपीपी बढ़ रहा है, मेक इन इंडिया और मेक फॉर द वर्ल्ड को भी इस कार्यक्रम के माध्यम से सब्सिडी दी जा रही है।

**हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू**

वर्ष 2024-25 में भारत के प्रमुख बंदरगाहों में अधिकतम कार्गो हैंडलिंग की जा रही है, जो एक नया रिकॉर्ड बनाएगी। पहली बार किसी भारतीय बंदरगाह कांडला बंदरगाह में मेगावाट पैमाने पर हरित हाइड्रोजन सुविधा शुरू हुई है। उन्होंने कहा कि जेएनपीटी जो कि भारत-मुंबई कंटेनर टर्मिनल है, उसकी हैंडलिंग क्षमता दोगुनी हो गई है और यह भारत का सबसे बड़ा कंटेनर बंदरगाह बन गया है।

### भारत के समुद्री क्षेत्र पर दुनिया को विश्वास

*मरीनटाइम लीडर्स कॉन्क्लेव में पीएम मोदी ने आगे कहा, "साल 2016 में मुंबई में ही इस आयोजन की शुरूआत हुई थी और ये हम सभी के लिए खुशी की बात है कि आज ये समिट एक ग्लोबल इवेंट बन चुका है। आज यहां इस कार्यक्रम में दुनिया के 85 से अधिक देशों की भागीदारी अपने आप में एक बहुत बड़ा संदेश दे रही है। अभी यहां शिपिंग सेक्टर से जुड़ी कई योजनाओं का शुभारंभ हुआ है और शिपिंग सेक्टर्स में हुए लाखों-करोड़ों के एमओयू भी जारी हुए हैं। ये दिखाता है कि भारत के मैरीटाइम सेक्टर पर दुनिया का कितना विश्वास है। उन्होंने कहा कि मरीनटाइम इंडिया विजन के तहत 150 से ज्यादा पहल शुरू की गई हैं, जिसके परिणामस्वरूप समुद्री क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार हुए हैं। पीएम मोदी ने कहा कि भारत के प्रमुख बंदरगाहों की क्षमता दोगुनी हो गई है और टर्नअराउंड समय में काफी कमी आई है। उन्होंने कहा कि क्रूज पर्यटन ने काफी तेजी पकड़ी है और अंतर्देशीय जलमार्गों में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है, जिससे माल ढुलाई में 700 प्रतिशत से ज्यादा की वृद्धि हुई है।*

1 घंटे में 1508 किमी भर सकता है उड़ान

# अमेरिका ने बनाया ध्वनि की गति से तेज उड़ने वाला सुपरसोनिक विमान


एक्स-59 का चित्र

एजेंसी ▶▶ कैलिफोर्निया

अमेरिका ने ध्वनि की गति से भी तेज उड़ने वाले एक्स-59 सुपरसोनिक विमान की पहली सफल उड़ान भरके पूरी दुनिया को चौंका दिया है। इसे अब भविष्य की उड़ान कहा जा रहा है। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा और लॉकहीड मार्टिन सोमवार को बड़ा ऐतिहासिक क्षण रचते हुए प्रायोगिक सुपरसोनिक विमान एक्स-59 को पहली सफल उड़ान के गवाह बने। खास बात यह है कि उड़ान भरते समय यह ज्यादा आवाज नहीं करता।

वैज्ञानिकों ने दावा किया कि यह 'शांत' विमान ध्वनि की गति से तेज उड़ान भर सकता है।यह सिंगल-सीटर विमान मच 1.4 (लगभग 937 मील प्रति घंटा) यानि 1508 किलोमीटर प्रतिघंटा की अधिकतम गति तक पहुंच सकता है।

# स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता परेड की रिहर्सल




**अहमदाबाद।** भारत की एकता और अखंडता के सूत्रधार लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल की 150वीं जयंती के मौके पर गुजरात के एकतानगर में भव्य आयोजन की तैयारियां जोरों पर हैं। बुधवार को स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर एकता परेड की रिहर्सल किया गया। रिहर्सल के दौरान कलाकारों ने अलग-अलग प्रस्तुतियां दीं। अलग-अलग राज्यों की झांकियां भी निकाली गईं। जवानों ने मोटरसाइकिल स्टंट शो किया। इसमें खासियत यह रही कि एक बाइक पर 6 जवान थे, जो अलग-अलग धर्मों की वेशभूषा में दिखे। वहीं ऊपर सरदार पटेल की वेशभूषा के साथ एक जवान खड़ा था। सरदार पटेल की 150वीं जयंती 31 अक्टूबर को एकता नगर स्थित स्टैच्यू ऑफ यूनिटी पर मनाई जाएगी। इस कार्यक्रम में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी भी हिस्सा लेंगे।

कॉन्सर्ट रद्द करने की मांग

# खालिस्तानी संगठन ने दिलजीत दोसांझ को दे डाली बड़ी धमकी!

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

खालिस्तानी आतंकवादी गुरपतवंत सिंह पन्नू के संगठन, सिख फॉर जस्टिस (एसएफजे) ने पंजाबी गायक-अभिनेता दिलजीत दोसांझ को धमकी दी है। इसके अलावा 1 नवंबर



को ऑस्ट्रेलिया में गायक के होने वाले म्यूजिक कॉन्सर्ट को रद्द करने के लिए कहा है। समूह का आरोप है कि सिंगर के कृत्य से 1984 के नरसंहार पीड़ितों का अपमान हुआ है। संगठन ने दिलजीत दोसांझ के आगामी कॉन्सर्ट को बायकॉट करने की मांग की है। उन्होंने कहा है सिंगर ने 'स्मृति दिवस का मजाक' बनाया है। साथ ही कहा कि यह उन पीड़ितों के साथ अन्याय हुआ है, इसलिए 1 नवंबर को गायक के होने वाले कॉन्सर्ट को रद्द करने के लिए कहा है। बताते चलें कि 1 नवंबर को सिख नरसंहार स्मृति दिवस के रूप में मनाया जाता है।

### कनाडा में हत्या, बिश्नोई गैंग ने ली जिम्मेदारी

*कुख्यात गैंगस्टर लॉरेंस बिश्नोई के गैंग ने कनाडा के एबॉट्सफोर्ड स्थित एक भारतीय मूल के उद्योगपति की हत्या और एक पंजाबी गायक के घर पर गोलीबारी की*



*जिम्मेदारी ली है। ये दोनों घटनाएं राजस्थान पुलिस की ओर से लॉरेंस बिश्नोई गैंग के सक्रिय सदस्य जगदीप सिंह उर्फ जग्गा को अमेरिका में गिरफ्तार किए जाने के एक दिन बाद हुई हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में बिश्नोई गैंग के गोल्डी ढिल्लों ने कहा कि भारतीय मूल के उद्योगपति दर्शन सिंह साहसी की हत्या के पीछे उनका गैंग था। गिरोह का दावा है कि साहसी एक बड़े ड्रग कारोबार से जुड़ा था और उसने उससे पैसे मांगे थे। पैसे न मिलने पर गैंग ने उसकी हत्या कर दी।*

# ड्रग माफिया के खिलाफ ब्राजील में बड़ा एक्शन

पुलिस ने ड्रग माफिया के ठिकानों पर हेलिकॉप्टर से किया हमला

## माफिया ने ड्रोन से की बमबारी, 4 पुलिस अफसरों समेत 64 की मौत

◆ *200 किलो से ज्यादा ड्रग्स, कई राइफलें और दूसरे हथियार बरामद, पुलिस ने 80 से ज्यादा लोगों को गिरफ्तार किया*

एजेंसी ▶▶ रियो डि जेनेरियो

ब्राजील के रियो डि जेनेरियो में पुलिस ने ड्रग संगठन 'रेड कमांड' के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा ऑपरेशन चलाया है। राजधानी रियो डि जनेरियो में मंगलवार सुबह 2500 पुलिसकर्मियों ने हेलिकॉप्टर से अपराधियों के इलाकों पर छापा मारा। जैसे ही पुलिस की टीमें आगे बढ़ीं, रेड कमांड गैंग के सदस्यों ने फायरिंग शुरू कर दी। अधिकारियों के मुताबिक, गैंग ने सड़कों पर जलते हुए बैरिकेड्स लगाए और ड्रोन से बम गिराए।


गलियों में बिछी लाशें


बड़ी संख्या में हुई गिरफ्तारियां

### समिट से पहले कार्रवाई

यह कार्रवाई ऐसे समय में हुई है जब अगले कुछ दिनों में रियो में संयुक्त राष्ट्र के जलवायु कार्यक्रमों से जुड़े कई अंतरराष्ट्रीय आयोजन होने वाले हैं। रियो अगले हफ्ते सी40 मेयर समिट और प्रिंस विलियम के अर्थशॉट प्राइज की मेजबानी करेगा। इसमें कई अंतरराष्ट्रीय हस्तियां शामिल होने वाली हैं। यह आयोजन नवंबर में अमेजन शहर बेलें में होने वाली यूएन की कॉप 30 क्लाइमेट समिट की तैयारियों का हिस्सा है।

### जेल में बनाया रेड कमांड

कमांडो वर्मेल्हो (सीवी) ब्राजील का सबसे पुराना और सबसे ताकतवर अपराधी संगठन है। यह ड्रग और हथियार तस्करी को अंजाम देता है। अंग्रेजी में इसे रेड कमांड कहा जाता है। इसकी स्थापना 1970 के दशक में हुई थी। ब्राजील में सरकार ने वामपंथी विचारधारा वाले नेताओं को जेल भेज दिया था। जेल में इन कैदियों ने आम अपराधियों के साथ मिलकर पुलिस के अत्याचार से खुद बचाने के लिए गठबंधन किया।

### युद्धविराम के बावजूद गाजा में मृतकों की संख्या हुई 81

**नई दिल्ली।** गाजा में जारी युद्धविराम के बावजूद इजरायल ने रातभर हवाई में हमला किए। चिकित्सा अधिकारियों के अनुसार, गाजा में रात भर हुए इजराइली हमलों में मरने वालों की संख्या 81 हो गई है। गाजा की नागरिक सुरक्षा एजेंसी ने हमास पर अपने सैनिकों पर हमला करने और अमेरिका द्वारा मध्यस्थता किए गए युद्धविराम का उल्लंघन करने का आरोप लगाया है। दरअसल, गाजा में हुए हवाई हमले में पहले 30 से ज्यादा लोगों के मौत की खबर आई। उसके बाद कई बच्चों समेत कम से कम 60 लोगों के मारे जाने की खबर थी। अभी भी वहां शांति कोसों दूर है।

## भारत-नेपाल के बीच बिजली को लेकर हुआ बड़ा समझौता

**एजेंसी:नई दिल्ली।** भारत और नेपाल के बीच 400 केवी बिजली परियोजनाओं को लेकर समझौता हुआ है। नेपाल के ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री कुलमान घिसिंग ने बुधवार को नई दिल्ली में भारत के केंद्रीय विद्युत एवं आवास और शहरी कार्य मंत्री मनोहर लाल से भारत-नेपाल के बीच सीमापार बिजली व्यापार, क्षेत्रीय ग्रिड संपर्क और जलविद्युत परियोजनाओं के विकास पर विस्तृत चर्चा की।



## चिंतन

# बड़ी उपलब्धि, आखिरी सांसें गिन रहा नक्सलवाद

पिछले छह दशकों से देश में नासूर बनकर उभरा नक्सलवाद अब समाप्त होने के कगार पर आ गया है। परिस्थितियां पूरी तरह बदल चुकी हैं। केंद्र सरकार की नक्सलवाद से मुक्ति के अभियान की सफलता से यह अपनी अंतिम सांसें गिन रहा है। कई बड़े नक्सली कमांडर सुरक्षा बलों से मुठभेड़ में ढेर हो चुके हैं या फिर उन्होंने सरेंडर कर अपनी जान बचा ली है। कभी देश के 128 जिले नक्सलवाद के शिकंजे में थे, लेकिन अब इनकी संख्या महज 6 रह गई है। यहां भी नक्सली नेता एक-एक करके सरेंडर कर रहे हैं। बीते दिनों सीपीआई (माओवादी) के सेंट्रल कमेटी मेंबर पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश उर्फ प्रभात ने सरकार के सामने सरेंडर किया तो साफ हो गया कि देश केंद्र सरकार द्वारा तय किए गए 31 मार्च तक नक्सलवाद सफाए के लक्ष्य को पाने के करीब है। चंद्रन्ना नक्सलियों के ऐसे कमांडर रहे, जिसकी पहुंच कई राज्यों में है। हथियार जुटाने और फंड उगाहने में माहिर चंद्रन्ना के सरेंडर करने के बाद यह माना जा रहा है कि नक्सल आंदोलन की बस अब कुछ सांसें बाकि हैं। अचानक बड़े नक्सली नेताओं के आत्मसमर्पण को सुरक्षा बलों की जीत के तौर पर देखा जा रहा है। पिछले दो महीने में मोस्ट वॉन्टेड नक्सलियों के शीर्ष कमांडर ने आत्मसमर्पण किया है। सरेंडर करने वालों में एक करोड़ के इनामी नक्सली मल्लाजोलु वेणुगोपाल राव उर्फ भूपति, केंद्रीय समिति के सोनू, हार्डकोर कमांडर रुपेश, मारे गए नक्सली कमांडर किशनजी की पत्नी सुजाता भी शामिल रहीं। अब पिल्लूरी प्रसाद राव उर्फ चंद्रन्ना और आंध्र के स्टेट यूनिट के नेता बंदी प्रकाश भी इस लिस्ट में शामिल हो गए। गृह मंत्रालय के अनुसार, अक्टूबर 2025 तक 1,225 नक्सलियों ने सरेंडर किया और करीब 270 नक्सली मारे गए। 680 नक्सलियों को गिरफ्तार किया गया। असल में केंद्र सरकार ने नक्सल आंदोलन को खत्म करने के लिए दोहरी नीति अपनाई है, वह रंग ला रही है। एक तरफ सुरक्षा बल टेक्नोलॉजी की मदद से माओवादियों के गढ़ में आक्रामक अभियान चला रहे हैं, दूसरी ओर सरेंडर करने वाले नक्सलियों के लिए पुनर्वास की योजना शुरू की गई है। सरेंडर करने वाले मल्लोजुला वेणुगोपाल उर्फ भूपति को स्टील और खनन क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लॉयड्स मेटल्स एंड एनर्जी लिमिटेड ने अपने ब्रांड एंबेसडर के रूप में नियुक्त करने की पेशकश की। सरकार के आत्मसमर्पण और पुनर्वास पैकेज के तहत चंद्रन्ना को 25 लाख और प्रकाश को 20 लाख रुपये का चेक दिया गया। यह उन नक्सलियों के लिए मैसेज है, जो हथियार छोड़ना चाहते हैं। सरकार का इशारा साफ है कि अगर कोई अहिंसा का रास्ता अपनाना चाहता है तो सरकार उसका पूर्ण सहयोग करेगी। वैसे भी अनेक ऐसे नक्सली सामने आ रहे हैं, जिनका हिंसा से मोहभंग हो गया है। यही कारण है कि नक्सलवाद के बड़े कमांडर आत्मसमर्पण कर रहे हैं। बड़े माओवादी नेताओं के सरेंडर करने के कारण नक्सल आंदोलन से जुड़ने वाले युवा भी हतोत्साहित हो रहे हैं। आत्मसमर्पण के पीछे नेतृत्व में आंतरिक कलह, बढ़ती उम्र को भी बड़ा कारण माना जा रहा है। संगठन में कलह के चलते एक धड़ा सरेंडर कर रहा है। संगठन दो गुटों में बंटा हुआ है। भूमिगत कार्यकर्ता और सदस्य अपनी-अपनी राहें चुन रहे हैं। सुरक्षा बलों के तेज प्रहार के कारण भी नक्सल आंदोलन कमजोर हुआ है। कारण चाहे जो भी रहे हों। ये सही है कि नक्सलवाद खत्मे की ओर है, जो देश के विकास के लिए बहुत जरूरी है।

# भाजपा ने नेतृत्व को पुनर्परिभाषित किया



विश्लेषण
हरदीप सिंह पुरी

> वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है।

आजाद भारत के इतिहास में राजनीति ज्यादातर समय हक की एक ऐसी भावना से प्रभावित रही, जिसने विरासत और वैधता के बीच घालमेल किया। एक परिवार और एक पार्टी को यह लगने लगा कि वे शासन करने के लिए ही पैदा हुए हैं। गुजरते वक्त के साथ, इस मानसिकता ने संस्थाओं को खोखला कर दिया और पीढ़ियों को राजनीतिक विशेषाधिकार को जन्मसिद्ध अधिकार मानने के लिए प्रेरित किया। इस धारणा को अब योग्यता, जवाबदेही और प्रदर्शन पर आधारित नई राजनीतिक नैतिकता द्वारा चुनौती दी जा रही है। हाल ही में इंडियन एक्सप्रेस में प्रकाशित "वन नेशन, ए फ्यू फैमिलीज" शीर्षक लेख में भारत में वंशवादी राजनीति के जारी रहने को लेकर एक महत्वपूर्ण सवाल उठाया गया है। यह लेख जिस मुद्दे को उजागर करता है वह वास्तविक तो है, लेकिन उसकी व्याख्या अधूरी है। वंशवाद भाजपा समेत सभी दलों में मौजूद है। फिर भी, भाजपा की एक खासियत यह है कि वहां पारिवारिक पृष्ठभूमि अपने-आप नेतृत्व में तब्दील नहीं होती। यह एक ऐसी पार्टी है जहां अवसर अर्जित करना जरूरी होता है और जहां किसी व्यक्ति का उत्थान उसके काम, प्रतिबद्धता एवं जनता के विश्वास पर निर्भर करता है, न कि वंश पर। भाजपा में, एक पारिवारिक पहचान एक दरवाजा तो खोल सकता है, लेकिन उस दरवाजे को हमेशा के लिए खुला नहीं रख सकता।

यह एक मौलिक अंतर है। राजनीतिक रिश्तेदारी अपने आप में कोई समस्या नहीं है। लेकिन वंशानुगत नियंत्रण एक समस्या है। जब नेतृत्व एक ही परिवार की मिल्कियत बन जाए, जब आंतरिक बहस की जगह रक्त संबंधों के प्रति निष्ठा ले ले, तो लोकतंत्र मुरझा जाता है। राजनीतिक संस्कृतियों के बीच का यह अंतर काफी गहरा है। वर्ष 2000 से, भारतीय जनता पार्टी के आठ राष्ट्रीय अध्यक्ष हुए हैं- बंगारू लक्ष्मण, जना कृष्णमूर्ति, वेंकैया नायडू, लालकृष्ण आडवाणी, राजनाथ सिंह, नितिन गडकरी, अमित शाह और जे.पी. नड्डा। ये सभी अलग-अलग क्षेत्रों एवं पृष्ठभूमि से आए हैं और इनमें से प्रत्येक संगठनात्मक कार्य के अनुशासन के रास्ते आगे बढ़े हैं। इसी अवधि के दौरान, कांग्रेस के मात्र तीन अध्यक्ष ही हुए हैं, जिनमें से दो गांधी परिवार से हैं। सोनिया गांधी उन्नीस वर्षों तक इस पद पर रहीं और आज भी पार्टी में इस परिवार का निर्णय ही अंतिम होता है। आकस्मिक रिश्तेदारी और संस्थागत कब्जे के बीच अंतर किए बिना ही, प्रकाशित विश्लेषण राजनीति में रिश्तेदारों वाले विधायकों की संख्या की गिनती करता है। भाजपा के 2,078 विधायकों में से 84 राजनीतिक परिवारों से आते हैं, जो लगभग चार प्रतिशत है। कांग्रेस के 857 विधायक हैं, जिनमें से 73 वंशवादी हैं, जो लगभग नौ प्रतिशत है। आनुपातिक रूप से मापने पर, कांग्रेस का वंशवादी घनत्व दोगुना है। फिर भी, इस लेख में संख्याओं की गिनती का हवाला देकर एक झूठी समरूपता गढ़ी गई है। कांग्रेस से परे भी, सत्ता का एक परिवार विशेष के हाथों में केंद्रित होना ही कई क्षेत्रीय दलों की पहचान है। समाजवादी पार्टी की बागडोर मुलायम सिंह यादव से निकलकर अखिलेश यादव के पास चली गई। राष्ट्रीय जनता दल यादव परिवार के ही अधीन है। द्रमुक की लगाम एम. करुणानिधि से एम. के. स्टालिन और अब उदयनिधि स्टालिन के पास चली गई। तृणमूल कांग्रेस



ममता बनर्जी और उनके भतीजे अभिषेक के इर्द-गिर्द ही घूमती है। झारखंड मुक्ति मोर्चा पर सोरेन परिवार का नियंत्रण बना हुआ है। ये बहुलवादी नेतृत्व के नहीं, बल्कि विरासत में मिले नेतृत्व के उदाहरण हैं। परिवार को हटा दिया जाए, तो पार्टी ढह ही जाए। इस बात को समझने के लिए कि भाजपा अलग तरह से क्यों काम करती है, हमें इसके संस्थागत ढांचे पर गौर करना होगा। भाजपा का संगठन स्तरीकृत, सामूहिक और लक्ष्य-उन्मुख है। वहां कार्यकर्ताओं को बहुत जल्दी ही पहचान लिया जाता है और उन्हें व्यवस्थित कार्यक्रमों के जरिए प्रशिक्षित किया जाता है और बूथ, मंडल, जिला और राज्य स्तर पर जिम्मेदारी देकर परखा जाता है। प्रत्येक चरण में किया गया प्रदर्शन अगले अवसर का निर्धारण करता है। चुनाव जीते जाने वाली प्रतियोगिताएं होती हैं, लेकिन ये संगठन की लामबंदी, लोगों को समझाने और परिणाम देने की क्षमता का भी लेखा-जोखा होती हैं। यह संरचना एक ऐसी संस्कृति का निर्माण करती है जिसमें सेवा, अनुशासन और परिणाम ही आगे बढ़ने के पैमाने हैं। नेतृत्व की पाइपलाइन की भी यही कहानी है। वर्ष 2014 से पार्टी ने पहली पीढ़ी के वैसे नेताओं को आगे बढ़ाया है जो भारत की सामाजिक गतिशीलता को दर्शाते हैं। छत्तीसगढ़ के पहले आदिवासी मुख्यमंत्री विष्णु देव साईं ने निरंतर जमीनी स्तर पर काम करके अपना करियर बनाया। ओडिशा में मोहन माझी ने मुख्यमंत्री पद का दायित्व मिलने से पहले संगठन और विधानमंडल में वर्षों बिताए। हरियाणा में नायब सिंह सैनी एक साधारण पृष्ठभूमि से आते हैं और राजस्थान में भजन लाल शर्मा वर्षों तक निर्वाचन क्षेत्र में काम करके और पार्टी की जिम्मेदारी निभाकर आगे बढ़े। इनमें से किसी को भी राजनीतिक पद विरासत में नहीं मिला। इनमें से प्रत्येक इस बात के उत्कृष्ट उदाहरण हैं कि एक योग्यता-आधारित पार्टी में नेतृत्व कैसे अर्जित किया जा सकता है। भाजपा का संसदीय और सरकार में रहने का अनुभव भी पहुंच और प्रभुत्व के बीच के अंतर को दर्शाता है। कई युवा नेताओं को दृश्यता और जिम्मेदारी दी जाती है, लेकिन उनका मूल्यांकन उनके काम के आधार पर किया जाता है। मंत्रियों का मूल्यांकन परिणामों, सुधारों और जन संवाद के आधार पर किया जाता है। पार्टी के पद समयबद्ध और प्रदर्शन से जुड़े होते हैं। इससे त्रुटि या महत्वाकांक्षा समाप्त नहीं होती और न ही कोई भी संस्था ऐसा कर सकती है। लेकिन यह कवायद ऐसे प्रोत्साहन पैदा करती है, जो वंशावली की तुलना में योग्यता को प्राथमिकता देते हैं। इतिहास को स्वीकार करना जरूरी होता है। कांग्रेस ने राष्ट्रीय कल्पना में राजनीतिक विरासत को आम बात बना दिया। वाईएसआर कांग्रेस और बीआरएस से लेकर तृणमूल तक, कई क्षेत्रीय वंशवादी संगठन कांग्रेस की ही शाखाएं हैं और उन्होंने उसके वंशानुगत ढांचे की नकल की है। दशकों से इस संस्कृति ने राजनीतिक दलों को ऐसे पारिवारिक उद्यमों में बदल दिया है, जहां विचारधारा की जगह निष्ठा ने ले ली और नेतृत्व के विकास की जगह उत्तराधिकार के नियोजन ने ले ली। यह मॉडल कुछ समय तक चुनावी सफलता तो दिला सकता है, लेकिन यह शायद ही कभी टिकाऊ संस्थाओं या सक्षम नेताओं की एक व्यापक श्रृंखला का निर्माण कर पाता है। भाजपा उन चंद पार्टियों में से एक है जहां नेतृत्व विरासत में नहीं मिलता, केवल अर्जित किया जाता है। इस मायने में, भाजपा एक अनूठी पार्टी है। इसलिए नहीं कि वह पूर्णता का दावा करती है, बल्कि इसलिए कि उसने एक ऐसी संस्कृति विकसित की है जो नेतृत्व अर्जित करने पर जोर देती है। भारत के सार्वजनिक जीवन में यही वह खूबी है जिसे बनाए रखना जरूरी है, क्योंकि यह सत्ता को जवाबदेही से और महत्वाकांक्षा को सेवा से जोड़ती है।

(लेखक केन्द्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)

लेख पर अपनी प्रतिक्रिया **haribhoomi@gmail.com** पर दे सकते हैं।

मममम
आदर्श सिंह




# बाल विवाह के खात्मे व सतत विकास लक्ष्यों के करीब भारत

हाल ही में संयुक्त राष्ट्र महासभा की बैठक के दौरान दुनियाभर से जुटे बाल अधिकार कार्यकर्ताओं ने बाल विवाह के खात्मे की धीमी रफ्तार के मद्देनजर संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्यों (एसडीजी) को हासिल करने में हो रही देरी पर चिंता जताई। संयुक्त राष्ट्र संघ के सतत विकास लक्ष्य 5.3 में बच्चों को नुकसान पहुंचाने वाली सभी प्रथाओं जैसे बाल विवाह व महिलाओं के जननांगों को विकृत करने की कुरीति पर 2030 तक पूरी तरह रोक लगाने का लक्ष्य रखा गया है। इस पर 193 देशों ने दस्तखत किए हैं। बाल विवाह का खात्मा सतत विकास लक्ष्य 3 (अच्छा स्वास्थ्य व सेहत) और सतत विकास लक्ष्य 4 (गुणवत्तापूर्ण शिक्षा) को हासिल करने की भी बुनियादी शर्त है। इसके पीछे कारण यह है कि कम उम्र में बाल विवाह के नतीजे में कम उम्र में मां बनने से जच्चा-बच्चा दोनों की जान को खतरा तो होता ही है, दोनों के कुपोषित होने का खतरा भी रहता है। साथ ही, बाल विवाह का एक दुष्परिणाम यह होता कि शादी के बाद 10 में से सिर्फ दो लड़कियां ही पढ़ाई जारी रख पाती हैं। यानी यह बच्चियों की शिक्षा व पढ़-लिख कर अपने पांव पर खड़े होने की संभावनाएं ही समाप्त कर देता है जो सीधे-सीधे सतत विकास लक्ष्यों की प्राप्ति में सबसे बड़ी रुकावट है। भारत उन देशों में शुमार है जहां बाल विवाह की समस्या हमेशा से विकराल रही है और इसी वजह से माना जा रहा था कि भारत के लिए इन सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करना मुश्किल है। इसकी वजह हैं निराशाजनक आंकड़े। राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे -5 (2019-21) के अनुसार देश में 20 से 24 आयुवर्ग की 23.3 प्रतिशत लड़कियों का विवाह उनके 18 साल की होने से पहले यानी कानूनी रूप से शादी की वैध उम्र से पहले ही हो गया था। सुशिक्षित लोगों का प्रदेश माना जाने वाला पश्चिम बंगाल इस मामले में शीर्ष पर है जहां बाल विवाह की दर 41.6 प्रतिशत है। इसके बाद बिहार (40.8), त्रिपुरा (40.1), झारखंड (32.2) और असम (31.8) आते हैं। देश में बाल विवाह की सबसे ऊंची दर वाले दस जिलों में तीन पश्चिम बंगाल के और पांच बिहार के हैं। इन सभी जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा है। पश्चिम बंगाल के पूर्वी मेदिनीपुर जिले में बाल विवाह की दर 57.6 प्रतिशत है जबकि बिहार के लखीसराय और सुपौल में यह 56.1 और 55.9 प्रतिशत है। देश के 15 जिलों में बाल विवाह की दर 50 प्रतिशत से ज्यादा जबकि 45 जिलों में 40 प्रतिशत से ज्यादा है। बाल विवाह से पीड़ित दुनिया की एक तिहाई लड़कियां अकेले भारत में है। लेकिन सितंबर 2025 में जारी एक रिपोर्ट 'टिपिंग प्वाइंट टू जीरो : एविडेंस टूवाड्र्स ए चाइल्ड मैरेज फ्री इंडिया' के अनुसार देश में लड़कियों की बाल विवाह की दर में 69 प्रतिशत जबकि लड़कों के बाल विवाह की दर में 72 प्रतिशत की गिरावट आई है। जाहिर है कि ये आंकड़े अप्रत्याशित हैं। लेकिन बाल अधिकारों की सुरक्षा व संरक्षण के लिए 250 से भी ज्यादा नागरिक संगठनों के देश के सबसे बड़े नेटवर्क जस्ट राइट्स फॉर चिल्ड्रेन (जेआरसी) के सहयोगी संगठन इंडिया चाइल्ड प्रोटेक्शन की पहल पर सेंटर फॉर लीगल एक्शन एंड बिहैवियरल चेंज फॉर चिल्ड्रेन (सी-लैब) की ओर से तैयार की गई इस सर्वे रिपोर्ट में बाल विवाह के आंकड़ों के बजाय इसमें गिरावट के कारणों को समझना कहीं अहम होगा। देश के पांच राज्यों के 757 गांवों से जुटाए गए इन आंकड़ों के अनुसार बाल विवाह की रोकथाम के लिए गिरफ्तारियों और एफआईआर जैसे कानूनी उपाय सबसे कारगर साबित हुए हैं। इसी का नतीजा है कि लड़कियों के बाल विवाह के खिलाफ सबसे बड़ी गिरावट असम में देखने को मिली जहां राज्य सरकार ने बाल विवाह के खिलाफ बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ रखा है। बिहार व महाराष्ट्र में लड़कियों के बाल विवाह की दर में 70 प्रतिशत जबकि राजस्थान में 66 प्रतिशत की कमी आई है और इन राज्यों में सर्वे में शामिल लोगों ने श्रेय जागरूकता अभियानों और प्रोत्साहन उपायों को दिया। हालांकि किसी निष्कर्ष पर अगले राष्ट्रीय परिवार स्वास्थ्य सर्वे या जनगणना के आंकड़ों से ही पहुंचना संभव होगा, लेकिन माना जा रहा है कि फिलहाल देश में बाल विवाह की दर घटकर 15 प्रतिशत के आसपास आ चुकी है। यह बाल विवाह की रोकथाम के लिए एक लंबी लड़ाई का नतीजा है जिसमें पहली बार सरकार, न्यायपालिका और नागरिक समाज एक साथ आए और समन्वित प्रयासों को अंजाम दिया। कानून पर सख्ती से अमल किया गया। वह दिन दूर नहीं, जब भारत जल्दी ही इस लड़ाई में 'टिपिंग प्वाइंट' यानी वह मुकाम जहां से समस्या अपने आप खत्म होने लगती है, तक पहुंच जाएगा जो हमें सतत विकास लक्ष्यों को हासिल करने के करीब पहुंचाएंगे।

( लेखक बाल अधिकारों की मुहिम से जुड़े वरिष्ठ पत्रकार हैं, ये उनके अपने विचार हैं।)


## बहुत-सी परेशानियों का कारण हमारा मोह



संकलित
दर्शन

श्रीरामचरितमानस और अन्य ग्रंथों का जीवन में महत्व समझें। आप कह सकते हैं कि भागदौड़ भरे जीवन में ग्रंथ पढ़ने का समय कहां से निकाले? मैं कहता हूं कि आज के इस दौर में तो इंटरनेट के जरिए भी बहुत से ग्रंथ पढ़ कर अपनी समस्याओं का समाधान प्राप्त किया जा सकता है। ये ग्रंथ हमारे गुरु हैं। कलिकाल में समस्याओं के समाधान का एक बड़ा साधन और उपाय हरि नाम है। स्वयं भगवान शिव राम नाम जपते हैं। राम परम तत्व हैं। हमारी बहुत सी परेशानियों का कारण हमारा मोह है। मोह रूपी रावण को राम ने मारा था। हमारे भीतर महामोह का महिषासुर बैठा है। महिषासुर का वध राम ने नहीं, मां काली ने किया था। इसे मारने के लिए हम राम कथा का सहारा लें। राम कथा एक ओर जहां काली के रूप में कराल है, तो वहीं चंद्रमा की किरणों की तरह उसमें कोमलता-शीतलता भी है। प्रसन्न रहना है तो प्रत्येक व्यक्ति पर, प्रत्येक बात और प्रत्येक परिस्थिति पर संदेह करने की आदत छोड़नी होगी। एक समय सती ने शिव की बातों का विश्वास नहीं किया और भगवान की परीक्षा लेने लगीं। इस कारण अंत में उन्हें शिव वियोग का सामना करना पड़ा। शंकर विश्वास हैं। भक्ति में संशय का कोई स्थान नहीं। विश्वास जीवन है, संशय हमें नाश तक ले जाता है। एक बात और, किसी भी विपरीत परिस्थिति या किसी भी कठिनाई को विपत्ति मत समझें। श्रीरामचरितमानस की प्रसिद्ध पंक्ति है- कह हनुमंत बिपति प्रभु सोई। जब तव सुमिरन भजन न होई।।

## योजना बनाकर किए काम में मिलती है सफलता



संकलित
प्रेरणा

रामायण में देवी सीता का हरण हो गया था। श्रीराम और लक्ष्मण सीता को खोज रहे थे। राम-लक्ष्मण उस जंगल में पहुंच गए, जहां सुग्रीव बाली की डर से छिपे हुए थे। सुग्रीव के साथ ही हनुमान जी भी थे। सुग्रीव ने दो राजकुमारों को देखा तो वे डर गए। सुग्रीव ने सोचा कि बाली ने मुझे मारने के लिए इन्हें यहां भेजा है। सुग्रीव ने हनुमान जी से कहा कि आप देखिए वहां दो राजकुमार दिख रहे हैं, वहां जाकर मालूम करो कि कहीं ये हमारे शत्रु तो नहीं हैं। अगर वे शत्रु हैं तो वहीं से इशारा कर देना, हम यहां से कहीं और भाग जाएंगे। अगर वे मित्र हैं तो वहीं से इशारा करना, हम यहीं रुक जाएंगे। हनुमान जी सुग्रीव की आज्ञा पाते ही उन दोनों राजकुमारों के सामने पहुंच गए। हनुमान जी वेष बदलकर गए थे। हनुमान जी ने बुद्धिमानी का उपयोग करते हुए अपना सही परिचय बताए बिना राम-लक्ष्मण की परख की। जब हनुमान जी को मालूम हुआ कि ये राम-लक्ष्मण हैं तो वे अपने असली रूप में आ गए और सुग्रीव को इशारा कर दिया कि ये हमारे शत्रु नहीं हैं। हनुमान जी ने राम-लक्ष्मण से कहा कि आप मेरे राजा सुग्रीव के पास चलिए और उनसे मित्रता कर लीजिए। हनुमान जी राम-लक्ष्मण को लेकर सुग्रीव के पास पहुंचे और इनकी मित्रता कराई। हनुमान जी समझ गए थे कि इन दोनों की समस्याएं एक-दूसरे की मदद से हल हो सकती हैं। इस मित्रता के बाद श्रीराम ने बाली वध किया और सुग्रीव को राजा बना दिया। इसके बाद सुग्रीव ने अपनी पूरी वानर सेना सीता की खोज में लगा दी। वानर सेना ने रावण से युद्ध में भी श्रीराम का साथ दिया था।

## सटाका




## आज की पाती

### पराली का हो उचित प्रयोग

पराली को जलाना वायु को तो प्रदूषित करती ही है, साथ ही खेतों की उपजाऊ क्षमता को भी कम करती है। किसानों को यह समझना और समझाना जरूरी है कि अगर वो पराली को ऐसे ही जलाते रहेंगे तो उनके खेत बंजर भी हो सकते हैं। अमेरिका की आयोवा स्टेट यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर डॉन हॉफस्ट्रैंड के अनुसार हम जिस पराली को परेशानी समझ रहे हैं, वह ऊर्जा का बेशकीमती स्रोत है। धान, मक्का, गेहूं जैसी फसलों के अवशेष का इस्तेमाल फाइबर बोर्ड और कागज बनाने में किया जा सकता है। अगर पेपर इंडस्ट्री में इसका इस्तेमाल हो तो कागज बनाने के लिए जरूरी फाइबर का लगभग चालीस फीसदी हिस्सा फसलों के अवशेष से मिल सकता है। इस तरह पराली का सही उपयोग सुनिश्चित बनाना होगा। – *महेश सराफ, राजनांदगांव*

## ट्रेंड

### उर्वरकों पर सब्सिडी



हम किसान भाई-बहनों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने एक बड़ा कदम उठाते हुए रबी सीजन के लिए फॉस्फोरस और पोटाश उर्वरकों पर सब्सिडी को मंजूरी दी है। इससे उनकी कमाई भी बढ़ेगी।

**- नरेंद्र मोदी, प्रधानमंत्री**

### चुनाव आयोग निष्पक्ष



चुनाव आयोग निष्पक्ष रूप से काम कर रहा है और वह एक स्वायत्त संस्था है। निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए चुनाव आयोग द्वारा एसआईआर प्रक्रिया शुरू की गई परन्तु चुनाव आयोग जैसी संवैधानिक संस्था पर भी कांग्रेस और आरजेडी ने आरोप लगा दिए।

**- राजनाथ सिंह, रक्षा मंत्री**

### जीव-जंतुओं का संरक्षण



मां नर्मदा जी का आशीर्वाद पूरे प्रदेश को मिल रहा है...प्रदेश सरकार जीव-जंतुओं के संरक्षण और पर्यावरण संतुलन के लिए सतत कार्य कर रही है। इसी क्रम में हाल ही में चंबल नदी में घड़ियालों का पुनर्वास किया गया था, कल जीवनदायिनी नर्मदा नदी में मगरमच्छ छोड़े जाएंगे।

**- डॉ. मोहन यादव, सीएम, मप्र**

### अफसरशाही से मुक्ति



देश में 75 साल में ऐसा सिस्टम बन गया कि एक भी सरकारी काम बिना रिश्वत या बिना चक्कर काटे नहीं होता। अब पंजाब में लोगों को अफसरशाही से मुक्ति मिलेगी, सिर्फ एक कॉल पर सुविधाएं घर बैठे मिलेंगी।

**- अरविंद केजरीवाल, पूर्व सीएम, दिल्ली**

## करंट अफेयर

### द. अफ्रीका तीन साल बाद 'ग्रे सूची' से बाहर निकला

दक्षिण अफ्रीका को करीब तीन साल बाद वित्तीय कार्रवाई कार्य बल (एफएटीएफ) की संदिग्ध (ग्रे) सूची से बाहर निकलने में सफलता मिली है। वैश्विक धन शोधन और आतंकवादी वित्तपोषण निगरानी संस्था ने पिछले सप्ताह पेरिस में अपनी तीन दिवसीय पूर्ण बैठक के समापन के बाद इस निर्णय की घोषणा की। एफएटीएफ की संदिग्ध सूची में शामिल देशों पर कड़ी निगरानी रखी जाती है और ऐसे देशों को धन शोधन, आतंकवादी वित्तपोषण आदि का मुकाबला करने के लिए रणनीतिक कमियों को दूर करना होता है। दक्षिण अफ्रीका के वित्त मंत्रालय ने एक बयान में कहा, 'गत 32 महीनों में, दक्षिण अफ्रीका ने कार्य योजना की प्रगति का आकलन करने के लिए एफएटीएफ द्वारा नियुक्त समीक्षकों की एक टीम के साथ काम किया है।' बयान के मुताबिक, 'इस सहयोग की वजह से जुलाई 2025 के अंत में समीक्षकों ने मौके का मुआयना किया। इस दौरान समीक्षक सुधारों की स्थिरता की पुष्टि करने के लिए यहां आए और उनके द्वारा तैयार रिपोर्ट एफएटीएफ के समक्ष प्रस्तुत की गई।' बयान में कहा गया कि एफएटीएफ को आश्वासन दिया गया कि सरकार धन शोधन निरोधक और आतंकवाद के वित्तपोषण का मुकाबला करने (एएमएल/सीएफटी) वाली प्रणाली में स्थायी सुधार के लिए प्रतिबद्धता है।




## ऑफ बीट

### 'चैटजीपीटी एटलस' से इंटरनेट ब्राउजिंग का नया दौर होगा शुरू

ओपनएआई ने पिछले सप्ताह 'चैटजीपीटी एटलस' नामक वेब ब्राउज़र पेश किया जिसे इंटरनेट के साथ हमारी बातचीत के तरीके को पूरी तरह बदलने वाला कदम बताया जा रहा है। कंपनी के मुख्य कार्यकारी अधिकारी सैम ऑल्टमैन ने इसे "दशक में एक बार मिलने वाला अवसर" बताते हुए कहा कि यह लोगों के इंटरनेट उपयोग के अनुभव को नए सिरे से परिभाषित करेगा। एटलस को इस तरह से तैयार किया गया है कि यह उपयोगकर्ता के साथ हर वेबसाइट पर सक्रिय रहे, उनकी पसंद याद रखे, लेखों का सारांश दे और फ्लाइट बुक करने या किराने का सामान ऑर्डर करने जैसे कार्य तक स्वचालित रूप से पूरा करे। हालांकि विशेषज्ञों का कहना है कि इस अत्याधुनिक तकनीक के पीछे गंभीर सुरक्षा और गोपनीयता संबंधी खतरे छिपे हैं, जिनसे आम उपयोगकर्ता निपटने के लिए तैयार नहीं हैं। 'एजेंट मोड' : सुविधा के साथ जोखिम एटलस की सबसे बड़ी खासियत इसका "एजेंट मोड" है, जो चैटजीपीटी को उपयोगकर्ता की ओर से वेब पर अर्ध-स्वायत्त रूप से कार्य करने की अनुमति देता है। उदाहरण के लिए, यदि कोई उपयोगकर्ता कहे "मेरे पास के किसी कॉकटेल बार में टेबल बुक करो", तो यह सुविधा न केवल विकल्प ढूंढेगी, बल्कि स्वतः बुकिंग करने का प्रयास भी करेगी।




हमारा पता
हरिभूमि कार्यालय
66/1 इंडस्ट्रियल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मप्र)
पिन कोड-482002
ई-मेल : edit@haribhoomi.com
वेब-साइट : www.haribhoomi.com

# तीन युवा व्यवसायियों की दर्दनाक मौत से जबलपुर में मातम

### नागपुर जाते वक्त खवासा बॉर्डर पर कार और बस की आमने-सामने भिड़ंत

### बाइक सवार को बचाने में हुआ हादसा, एक गंभीर

**हरिभूमि, जबलपुर। शहर के तीन प्रतिष्ठित युवा व्यवसायियों की बुधवार को नागपुर जाते समय एक भीषण सड़क हादसे में मौत हो जाने से पूरे जबलपुर में शोक की लहर दौड़ गई। यह दर्दनाक हादसा महाराष्ट्र सीमा के पास खवासा बॉर्डर पर उस वक्त हुआ, जब उनकी कार सामने से आ रही यात्री बस से आमने-सामने टकरा गई। हादसे में कार में सवार तीनों युवकों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गंभीर रूप से घायल व्यक्ति को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।**





मृतकों की पहचान साहनी टेंट के संचालक कपिल साहनी, रेस्टोरेंट संचालक अमित अग्रवाल, और ज्वाली रेस्टोरेंट व मचान ढाबा के संचालक मोनू के रूप में हुई है। तीनों युवा व्यवसायी बुधवार सुबह नागपुर की ओर जा रहे थे। वे अपने व्यवसायिक कार्यों के सिलसिले में शहर से निकले थे।

### बाइक सवार को बचाने में हुआ भीषण हादसा

पुलिस के अनुसार दुर्घटना उस समय हुई जब उनकी कार देवलापार के पास पहुंची। सामने से आ रहा एक बाइक सवार अचानक अनियंत्रित होकर कार की दिशा में आने लगा। कार चालक ने बाइक सवार को बचाने के लिए जैसे ही कार को दूसरी दिशा में मोड़ा, सामने से आ रही यात्री बस से उसकी भीषण टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि कार का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। पुलिस ने बताया कि तीनों ने अस्पताल ले जाए जाने से पहले ही दम तोड़ दिया। घायल व्यक्ति को गंभीर हालत में नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

### शहर में पसरा सन्नाटा, व्यापार जगत में शोक की लहर

इन तीनों युवाओं की असमय मौत की खबर मिलते ही जबलपुर के व्यापारिक और सामाजिक जगत में मातम छा गया। तीनों अपने-अपने क्षेत्र में सफल और लोकप्रिय थे। कपिल साहनी जहां शहर के आयोजनों और सामाजिक कार्यों में सक्रिय रहते थे, वहीं अमित अग्रवाल और मोनू अग्रणी रेस्टोरेंट संचालक के रूप में युवाओं के बीच खासे चर्चित थे। हादसे की खबर मिलते ही शहर के कई व्यापारिक प्रतिष्ठान बंद रहे और बड़ी संख्या में लोग उनके घरों पर संवेदना व्यक्त करने पहुंचे।

### पुलिस जांच में जुटी, शव पोस्टमार्टम के लिए भेजे गए-

सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस और हाइवे पेट्रोलिंग दल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहन को सड़क से हटाया और कुछ देर बाधित हुआ यातायात सामान्य कराया। शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है तथा दुर्घटना की जांच शुरू कर दी गई है। जबलपुर में परिजनों को हादसे की सूचना दे दी गई है, जिसके बाद देर रात तक गमगीन माहौल बना रहा।

### हर चेहरा छोड़ गया एक खालीपन-

कपिल, अमित और मोनू तीनों ही जबलपुर के युवा और ऊर्जावान चेहरे थे, जिन्होंने मेहनत से अपने-अपने क्षेत्र में पहचान बनाई थी। उनका यूं अचानक चला जाना न केवल उनके परिवारों के लिए बल्कि पूरे शहर के लिए एक बड़ी क्षति है। तीन परिवारों के चिराग बुझ जाने से शहर स्तब्ध है, और लोग एक ही सवाल पूछ रहे हैं अगर सड़क पर थोड़ी सावधानी बरती जाती, तो शायद तीनों आज हमारे बीच होते।

# सुअरमार बम पटकने वाला आरोपी गिरफ्तार

**जबलपुर।** रांझी थाना अतंर्गत मड़ई शराब दुकान कलारी के पास सुअरमार बम पटकने वाले एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से दो सुअरमार बम जब्त किए है। वहीं तीन आरोपी मौके से फरार हो गए हैं। रांझी पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार मुखबिर की सूचना पर गत रात मड़ई शराब दुकान कलारी के पास सुअरमार बम पटकने वाले दुर्गा कालोनी संजीवनीनगर निवासी 19 वर्षीय राजा पटेल को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। वहीं तीन आरोपी अभी फरार हैं। आरोपी राजा पटेल ने अपने साथियों के साथ मिलकर गत रात लगभग 10.30 बजे दुकान के काउण्टर के सामने तीन बम पटककर भाग गए। दुकान के बाहर मौजूद स्टाफ द्वारा बम पटकने वाले लड़कों को पकड़ने की कोशिश की गई जिनमें से राजा पटेल को पकड़कर पुलिस के हवाले किया। आरोपी के पास से दो सुअरमार बम जब्त किए है। पुलिस ने आरोपियों के विरूद्ध धारा 3, 5 विस्फोटक अधिनियम का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## आधा किलो गांजे के साथ तस्कर गिरफ्तार

**जबलपुर।** बेलबाग पुलिस दर्शन चौक के पास मादक पदार्थ गांजा की तस्करी में लिप्त एक आरोपी को गिरफ्तार कर उसके पास से 569 ग्राम गांजा और कार जब्त की है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 11 हजार 380 रुपए बताई गई है। बेलबाग थाना प्रभारी राजकुमार खटीक ने बताया कि गत रात मुखबिर की सूचना पर दर्शन चौक के पास गांजा बेचने की फिराक में खड़े बाई का बगीचा गली नंबर 3 बेलबाग निवासी 45 वर्षीय अभिषेक उर्फ गुडी दुबे को गिरफ्तार कर उसके पास से 569 ग्राम गांजा और एक कार जब्त की है। जब्त गांजे की कीमत लगभग 11 हजार 380 रुपए बताई गई है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 8/20 एनडीपीएस एक्ट के तहत कार्यवाही कर मामला जांच में लिया है।

## शहरवासियों को जल्द मिलेगी एक और सुन्दर सड़क की सौगात

**जबलपुर।** जबलपुर। शहर में सुगम और सुरक्षित यातायात व्यवस्था सुनिश्चित करने नगर निगम द्वारा सड़कों का निर्माण व सुधार कार्य तेजी से कराया जा रहा है। महापौर जगत बहादुर सिंह अन्नू, लोक निर्माण विभाग प्रभारी एमआईसी सदस्य इसी क्रम में लगभग 48 लाख रुपये की लागत से एम.आर. 4 रोड़ पर मेहता पेट्रोल पंप से उखरी चौराहा मार्ग तक डामरीकरण कार्य किया जा रहा है। इस 900 मीटर लंबे और 7 मीटर चौड़े मार्ग के निर्माण की गुणवत्ता की जाँच निगम इंजीनियरों ने स्थल पर पहुँचकर की। अधिकारियों का कहना है कि बहुत जल्द यह सड़क नागरिकों के लिए समर्पित कर दी जाएगी।निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार ने बताया कि सड़क निर्माण और पैचवर्क, दोनों कार्यों को तेजी देने के लिए दिन के साथ-साथ रात्रि में भी कार्य कराया जा रहा है। उन्होंने कहा कि "गुणवत्तापूर्ण सड़कों के निर्माण में कोई लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी।"कार्यपालन यंत्री शैलेन्द्र मिश्रा ने बताया कि निर्माण कार्य इंजीनियरों की उपस्थिति में और तय मापदण्डों के अनुसार कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान सहायक यंत्री वीरेन्द्र पाण्डेय, उपयंत्री अंजली सिंह चौहान एवं शुभम रजक भी मौजूद रहे।

## सट्टा लिखते रंगे हाथ पकड़ा गया सटोरिया

**जबलपुर।** हनुमानताल पुलिस ने डॉक्टर सैन की गली मुन्ना होटल के पास सट्टा पट्टी लिख रहे एक सटोरिए को गिरफ्तार कर उसके पास से दो सट्टा पट्टी व नगद 4 हजार 200 रुपए जब्त किए है। हनुमानताल पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार गत दिवस मुखबिर की सूचना पर डाक्टर सैन की गली मुन्ना होटल के पास सट्टा पट्टी लिख रहे हड्डी गोदाम मुन्ना होटल की गली हनुमानताल निवासी 40 वर्षीय मो. मुस्ताक उर्फ चुम्मा को गिरफ्तार कर उसके पास से दो सट्टी पट्टी एवं नगदी 4 हजार 200 रूपये जब्त किए है। पुलिस ने आरोपी के विरूद्ध धारा 4(क) सट्टा एक्ट के तहत कार्यवाही की गई।

## ट्रेन में युवक की हत्या करने वाला मामा-ससुर गिरफ्तार

जबलपुर।

धनबाद से उधना जा रही ट्रेन में बीते सोमवार हुए हत्या कांड का आरोपी मामा-ससुर पुलिस के हत्थे चढ़ गया। जीआरपी ने बुधवार को पिपरिया निवासी गोविंद रघुवंशी को गिरफ्तार किया है।एडिशनल एसपी जीआरपी भावना मरावी के अनुसार, 27 अक्टूबर को ट्रेन क्रमांक 09040 के कोच एस/4 में चाकूबाजी की वारदात में घायल शैलेन्द्र हांडिया (31 वर्ष), निवासी नर्मदापुरम को गंभीर हालत में जबलपुर स्टेशन पर उतारा गया था, जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई।जांच में सामने आया कि शैलेन्द्र की हत्या उसके मामा-ससुर गोविंद रघुवंशी ने ही की थी। पीड़ित के बयान और परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर थाना जीआरपी जबलपुर में अपराध क्रमांक 928/25 धारा 109 बीएनएस के तहत प्रकरण दर्ज किया गया था। शैलेन्द्र की मृत्यु के बाद इसमें धारा 103(1) बीएनएस जोड़ी गई। पुलिस आरोपी से हत्या के कारणों और विवाद को लेकर आगे पूछताछ कर रही है।

### निगम पेंशनर्स को 2 प्रतिशत महंगाई राहत की स्वीकृति

**जबलपुर।** प्रदेश के पेंशनरों को 2 प्रतिशत महंगाई राहत दिए जाने संबंधी राज्य शासन के आदेश जारी होने के बाद नगर निगम पेंशनर्स को भी इसका लाभ देने का निर्णय लिया गया है। इस संबंध में मध्यप्रदेश शासकीय वाहन चालक एवं यांत्रिक कर्मचारी संघ के प्रतिनिधिमंडल ने निगमाध्यक्ष रिकुंज विज से भेंट कर महंगाई राहत लागू करने का आग्रह किया था। निगमाध्यक्ष विज ने मामले को संज्ञान में लेते हुए सदन की पूर्व प्रत्याशा में स्वीकृति प्रदान करते हुए निगमायुक्त रामप्रकाश अहिरवार को आवश्यक कार्यवाही के निर्देश जारी किए हैं। निर्णय के लिए पेंशनर्स ने निगमाध्यक्ष के प्रति आभार व्यक्त किया।

### रवि योग के संयोग में मनेगी देवउठनी एकादशी, शुरू होंगे मांगलिक कार्य

# चार माह की योग निद्रा से जागेंगे श्रीहरि विष्णु, होगा तुलसी-शालिग्राम विवाहोत्सव

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जबलपुर

कार्तिक माह के शुक्ल पक्ष की एकादशी के दिन चार माह के विश्राम के बाद भगवान श्री हरि निद्रा से जागेंगे। देवउठनी एकादशी 1 नवंबर को मनाई जाएगी। इस दिन लोग घरों में भगवान सत्यनारायण की कथा सुनने के साथ ही तुलसी-शालिग्राम के विवाह पूजन भी करेंगे। देवों के जागने के साथ ही मांगलिक कार्यों पर लगा विराम भी हट जाएगा और शादी विवाह भी शुरू हो जाएंगे।

### विशेष मुहूर्त में होगा पूजन

देवउठनी एकादशी को प्रबोधनी एकादशी, दवोत्थानी एकादशी भी कहा जाता है। सनातन धर्म मे देवोत्थान एकादशी तिथि का विशेष महत्व है। यह दिन जगत के पालनहार भगवान विष्णु को समर्पित होता है।देवउठनी एकादशी पर भगवान विष्णु क्षीर सागर मैं नीद से जागृत होते है। इस बार देवउठनी एकादशी पर सर्वार्थ सिद्दि व रवि योग का संयोग बन रहा है। इन योग में लक्ष्मी नारायण की पूजा करने से साधक को अक्षय फल की प्राप्ति होगी। साथ ही वैवाहिक कार्यों की भी शुरुआत हो जाएगी। इसके साथ ही इस दिन से सभी प्रकार के शुभ मांगलिक कार्य नींव पूजन ,गृह प्रवेश यज्ञोपवीत संस्कार,मुंडन, विवाह तथा सभी प्रकार के अन्य शुभ मांगलिक कार्य शुरू हो जायेंगे।



## देवउठनी एकादशी का महत्व

आषाढ़ मास की देवशयनी एकादशी के दिन भगवान विष्णु चार माह के लिए योग निद्रा में चले जाते हैं व देवउठनी एकादशी को योग निद्रा से जागते है।पूरे साल में आने वाली एकादशियों में देवउठनी एकादशी को श्रेष्ठ माना गया है। इस दिन से मांगलिक कार्य शुरू हो जाते हैं। इस दिन तुलसी विवाह कराना शुभ होता है।मंदिरों व घरो मैं बनेंगे गन्ने के मंडप-देवउठनी एकादशी पर घर-घर गन्ने के मंडप बनाकर तुलसी शालिग्राम विवाह का पूजन होगा।घरो के अलावा मंदिरों मैं भी विशेष पूजन होगा व तुलसी विवाह की बारात भी निकाली जाएगी।

### मप्र राज्य व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण का आयोजन

# निराश्रित वृद्धाश्रम में निशुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण

**जबलपुर।** मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर के तत्वावधान में निराश्रित वृद्धाश्रम में वृद्धजनों के लिए निश्शुल्क नेत्र परीक्षण व चश्मा वितरण शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्देश्य वृद्धजनों के स्वास्थ्य, कल्याण तथा उनके अधिकारों के प्रति जागरुकता बढ़ाना था। इस अवसर पर वृद्धजनों हेतु जागरूकता शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें वरिष्ठ नागरिकों को उनके कानूनी अधिकारों, पेंशन योजनाओं, चिकित्सा सुविधाओं तथा वरिष्ठ नागरिक अधिनियम, 2007 के प्रविधानों के संबंध में जानकारी प्रदान की गई। शिविर में कुल 79 वृद्धजन (49) महिलाएं एवं 30 पुरुष) उपस्थित रहे। इनमें से 25 वृद्धजनों को चश्मे वितरित किए गए व 16 वृद्धजनों में मोतियाबिंद की समस्या पाई गई। सदस्य सचिव सुमन श्रीवास्तव के निर्देशानुसार इनका उपचार विक्टोरिया अस्पताल, जबलपुर के माध्यम से कराया जाएगा। कार्यक्रम के दौरान सदस्य सचिव द्वारा वृद्धाश्रम की स्थिति का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान वृद्धाश्रम की अधीक्षिका रवेन्दु सिंह ने जानकारी दी कि छह वृद्धजन ऐसे हैं जिन्हें आधार कार्ड न होने के कारण पेंशन नहीं मिल पा रही है। इसके अतिरिक्त, एक वृद्ध राजेन्द्र त्रिवेदी के संबंध में बताया गया कि उनकी संपत्ति पर उनके स्वजनों द्वारा अवैध कब्जा कर लिया गया है। इसके पश्चात सदस्य सचिव द्वारा कुष्ठ आश्रम का भी निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान यह पाया गया कि एक महिला स्वयं लकड़ी काटती हुई पाई गई, जो अत्यंत चिंतनीय है। कार्यक्रम के दौरान मध्य प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के अतिरिक्त सचिव अरविंद श्रीवास्तव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, जबलपुर की सचिव शक्ति वर्मा व उप सचिव अनिरुद्ध जैन भी उपस्थित रहे।

### -डीआईजी अतुल सिंह एसएएफ के सरकारी आवास में तो टीके विद्यार्थी अब भी बंगले में डटे

# ट्रांसफर के एक साल बाद भी टीके ने नहीं छोड़ा डीआईजी बंगला!

हरिभूमि, जबलपुर।

**संस्कारधानी जबलपुर में पदस्थ रहे प्रमोटी आईपीएस अधिकारी और पुलिस महकमा में टीके के नाम से चर्चित पूर्व डीआईजी तुषारकांत विद्यार्थी एक बार फिर सुर्खियों में हैं। भोपाल पुलिस मुख्यालय में पदस्थ हुए उन्हें एक वर्ष से अधिक का समय बीत चुका है। फिर भी उन्होंने जबलपुर स्थित सरकारी डीआईजी बंगला खाली नहीं किया है। वहीं वर्तमान डीआईजी अतुल सिंह को बंगला न मिलने के कारण रांझी के एसएएफ के सरकारी आवास में रहना पड़ रहा है। यह मामला अब विभागीय गलियारों में "सरकारी कब्जा कांड" के नाम से चर्चा में है।**

### 90 दिन की सीमा, फिर भी सालभर से कब्जा

पुलिस मुख्यालय के आवासीय नियमों के अनुसार स्थानांतरण के बाद किसी भी अधिकारी को 90 दिन के भीतर सरकारी आवास खाली करना अनिवार्य होता है। जरूरत पड़ने पर यह अवधि बढ़ाई जा सकती है, लेकिन इसके लिए लाइसेंस शुल्क का भुगतान अनिवार्य है। यदि अधिकारी तय अवधि के भीतर बंगला खाली नहीं करता तो यह अनाधिकृत कब्जे की श्रेणी में आता है और उस पर दंडात्मक किराया लगाया जाना चाहिए। परंतु पुलिस सूत्रों के अनुसार विद्यार्थी ने न तो बंगला खाली किया और न ही किसी प्रकार का शुल्क जमा कराया।



### नाम बदल गया, पर कब्जा कायम

डीआईजी बंगले के बाहर वर्तमान डीआईजी अतुल सिंह की नेमप्लेट जरूर लगाई गई है। मगर बंगले के भीतर आज भी टीके विद्यार्थी और उनका परिवार निवासरत है। विभागीय सूत्रों का कहना है कि विद्यार्थी और अतुल सिंह दोनों एक ही बैच के अफसर हैं साथ ही वर्तमान में डीआईजी है। इसी कारण मुख्यालय और स्थानीय अधिकारी "संकोचवश" कोई कार्रवाई नहीं कर पा रहे। इसे लेकर अधीनस्थ अधिकारी अब 'बैचमेट संस्कृति' पर सवाल उठा रहे हैं।

### मुख्यालय की चुप्पी से बढ़े सवाल

पुलिस मुख्यालय का नियम स्पष्ट हैं। स्थानांतरण के 90 दिन बाद आवास खाली करना अनिवार्य हैं। अनुमति पर रहने पर लाइसेंस शुल्क आवश्यक और समयसीमा पार करने पर दंडात्मक कार्रवाई का प्रावधान। लेकिन जब विभाग के वरिष्ठ अधिकारी ही नियमों की खुली अवहेलना करें, तो अधीनस्थों से अनुशासन की उम्मीद कैसे की जा सकती है? मुख्यालय अब तक इस मामले में चुप्पी साधे हुए है। जिससे यह संकेत मिल रहा है कि सिस्टम रिश्तों के आगे नतमस्तक हो गया है।

### क्या प्रमोटी अफसरों के लिए अलग नियम?

पुलिस विभाग में चर्चा यह भी है कि क्या प्रमोटी अधिकारियों को नियमों से ऊपर माना जा रहा है? डीआईजी विद्यार्थी के इस आचरण को कई वरिष्ठ अफसर सिस्टम की साख पर दाग बता रहे हैं। वहीं जनमानस में यह प्रश्न उठ रहा है अगर एक डीआईजी तक नियमों को ताक पर रख सकता है, तो व्यवस्था में जवाबदेही किसकी है?

### नहीं उठे जिम्मेदारों के फोन

हरिभूमि ने जब इस संबंध में डीआईजी अतुल सिंह से संपर्क करना चाहा गया तो उनका फोन देर रात तक लगातार व्यस्त रहा। वहीं डीआईजी विद्यार्थी से मोबाईल पर संपर्क नहीं हो पाया।

## अधिनियम में संशोधनों से बिजली रेट घटेंगे नहीं

### बिजली अधिनियम के संशोधनों पर भेजा अभिमत

**जबलपुर।** बिजली अधिनियम 2003 के धारा 43 तथा धारा 61(जी) में प्रस्तावित संशोधन एक दूसरे के विरोधाभासी हैं, इससे उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिलेगी, बिजली रेट बढ़ते ही रहेंगे। यह अभिमत नागरिक उपभोक्ता मार्गदर्शक मंच ने मनीष मिश्रा, डायरेक्टर, ऊर्जा मंत्रालय, नई दिल्ली को ई मेल से भेजा है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय ऊर्जा मंत्रालय ने 9 अक्टूबर को पत्र जारी कर इलेक्ट्रिसिटी अधिनियम 2003 में प्रस्तावित संशोधनों पर एक माह के भीतर अभिमत मांगा है। डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि इलेक्ट्रेसिटी एक्ट की धारा 43 में संशोधन कर नई उपधारा 4 जोड़ी गई है। इससे वितरण लाइसेंसी को सभी उपभोक्ताओं को यूनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन (यूएसओ) के तहत बिजली सप्लाई करने के अनिवार्यता में छूट दी है। इससे बिजली पूर्ति हेतु बढ़े हुए फिक्स्ड लागत से बिजली खरीदना नहीं पड़ेगी। इस संशोधन से दावा किया गया है कि बढ़ी हुई लागत घटेगी तथा बिजली के रेट घटेंगे। डॉ.पीजी नाजपांडे तथा रजत भार्गव ने बताया कि इस दावे के उल्टे दूसरा संशोधन किया गया है। धारा 61(जी) में संशोधन कर टैरिफ को बिजली सप्लाई के लागत पर आधारित करने को प्रस्तावित है। इस हेतु सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2025 के निर्देशों का हवाला दिया गया है। इसी के साथ राज्य सरकारों का मुफ्त बिजली देने का अधिकार भी बरकरार रखा गया है। बिजली खरीदी में फिक्स्ड लागत घटने से बिजली सप्लाई के खर्च में जो कमी आई थी वह मुफ्त बिजली के बांटने से समाप्त हो गई है। अतः धारा 43 के संशोधन से मिला लाभ धारा 61(जी) के संशोधन से न के बराबर हो गया। धारा 65 के तहत राज्य सरकार को मुफ्त बिजली का फंड वितरण लाइसेंसी को देना है। लेकिन पिछले 27 वर्षों में ऐसा फंड नहीं दिया, अतः वर्तमान प्रस्तावित संशोधनों से बिजली के रेट घटने की उम्मीद नहीं है।

## पुलिस अलंकरण समारोह में अधिकारी, जवान हुए सम्मानित

# गोपाष्टमी पर पिंजरा पोल ट्रस्ट ने गोकुलधाम गौशाला में मनाया अपना 115वां स्थापना वर्ष

हरिभूमि जबलपुर।

हमारे चार वेद, 18 पुराण एवं समस्त ग्रंथों में गौ सेवा के महत्व की बात कही गई है। हमारी पौराणिक कथा में भी सागर मंथन के बाद कामधेनु गाय का उल्लेख आता है। इसलिए ऐसा माना गया है कि जीवन के सृजन के साथ गांव का अस्तित्व एक अमृत कलश की तरह है। आज गोपाष्टमी के महापर्व पर पिंजरा पोल ट्रस्ट द्वारा संचालित गोकुलधाम गौशाला अपनी स्थापना के 115 वर्ष को गौ सेवा, मानव सेवा, शिक्षा एवं दिव्यांगजन को समर्पित कर रही है। इस शुभ अवसर पर राष्ट्रीय सेवा भारती दिल्ली के अखिल भारतीय संगठन मंत्री एवं राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के प्रचारक सुधीर जी ने कहा कि गौसेवा से नर सेवा और नर सेवा से नारायण सेवा संभव है। उन्होंने समाज में पंच परिवर्तन के महत्व पर भी प्रकाश डाला और समाज में स्वास्थ्य के दिशा एवं नागरिक कर्तव्यों के प्रति समाज की भूमिका पर भी बल दिया। स्वावलंबन और स्वदेशी के महत्व को समझाते हुए समाज को इसे अपनाने को कहा। सुधीर जी ने राष्ट्र प्रथम, सक्षम एवं समृद्ध राष्ट्र की संकल्पना के लिए पांच परिवर्तन को अति आवश्यक बताया। उन्हें ट्रस्ट की तरफ से सेवा सम्मान दिया गया। कार्यक्रम के विशिष्ट अतिथि पुलिस अधीक्षक सम्पत उपाध्याय ने कहा कि सच में यह गौशाला इकलौती है जो पूर्ण सेवाभाव से 115 वर्षों से कार्य कर रही है। उन्होंने आयोजन समिति के प्रति पुलिस सम्मान के लिए आभार जताया। साथ ही यह भी कहा कि सम्मान हमें जिम्मेदारी का बोध कराता है। पुलिस अलंकरण समारोह में



सम्मानित हुए पुलिस अधिकारियों, जवानों को उन्होंने शुभकामनाएं दीं।

आज के कार्यक्रम में जबलपुर जिले के कलेक्टर राघवेंद्र सिंह, पुलिस अधीक्षक संपत उपाध्याय एवं रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के कुलगुरु राजेश वर्मा, नगर निगम कमिश्नर आरपी अहिरवार एवं एसडीएम अनुराग सिंह भी उपस्थित रहे।

### गौ सेवा से मानव प्रजाति का संरक्षण, गौसेवा से जीवन में प्रकृति का संरक्षण

### ये हुए सम्मानित


सम्पत उपाध्याय, पुलिस अधीक्षक, रितेश शिव, सीएसपी, कोतवाली, संतोष शुक्ला, डीएसपी, यातायात, बैजनाथ प्रजापति, डीएसपी यातायात, विपिन तिवारी, चौकी प्रभारी, नुनसर, रामसनेही पटेल, एएसआई, शिखा पाठक, एसआई, दुर्गेश, आरक्षक, अर्चना सल्लाम, एसआई, थाना गोसलपुर, टेकचंद शर्मा, चौकी प्रभारी, गौर, सत्यनारायण कुशवाहा, चौकी प्रभारी इंद्राणा, मझौली, संतोष शाह, आरक्षक, बरेला, लतीश कुमार पंद्रे, आरक्षक, कुंडम, पंचम सिंह, आरक्षक, बेलखेड़ा, रवि कुमार सनोडिया, आरक्षक, शहपुरा, शुभम वाजपेयी, आरक्षक, कटंगी, हरि नारायण लोधी, आरक्षक, मझगवां, जय चौधरी, आरक्षक, सीएसपी कार्यालय बरगी, अजय कुमार पांडेय, एएसआई, रितेश पांडेय, थाना प्रभारी, गोहलपुर, उमेश गोल्हानी, थाना प्रभारी, रांझी, जितेंद्र दुबे, आरक्षक, यातायात थाना मालवीय चौक, असलम परवेज, एएसआई, श्रीमती सरिता पटेल, चौकी प्रभारी, बरगी नगर, हरि सिंह, आरक्षक, थाना भेड़ाघाट, हरीश डेहरिया, आरक्षक, थाना भेड़ाघाट, संतलाल आर्मो, आरक्षक, थाना गोराबाजार, मुकेश कुमारी कार्पो, आरक्षक, थाना कैंट, जीआर, शैलेंद्र वरमे, थाना ग्वारीघाट, समंस वारंट, मददगार, अभिषेक कौरव, आरक्षक, थाना चरगवां, श्रीमति पूजा उपाध्याय, थाना प्रभारी कटंगी को सम्मानित किया गया।

# वीयू का 39वां वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन का शुभारंभ



**जबलपुर।** नानाजी देशमुख पशु चिकित्सा विज्ञान विश्वविद्यालय और इंडियन एसोसिएशन ऑफ वेटरनरी एनाटॉमिस्टस (IAVA) के संयुक्त तत्वाधान में 39वां वार्षिक अधिवेशन एवं राष्ट्रीय सम्मेलन आज पशु चिकित्सा एवं पशुपालन महाविद्यालय के सभागार में भव्य रूप से शुरू हुआ। सम्मेलन का विषय है – "पशु स्वास्थ्य एवं उत्पादन के समग्र विकास हेतु पशु शरीर रचना विज्ञान में पारंपरिक एवं नवाचार तकनीक की भूमिका"। उद्घाटन सत्र के मुख्य अतिथि संस्थापक कुलपति डॉ. जीपी मिश्रा, विशिष्ट अतिथि प्रो. पी के मिश्रा और कार्यक्रम अध्यक्ष कुलपति प्रो. मनदीप शर्मा रहे। मंचासीन अतिथियों ने दीप प्रज्वलन एवं मां सरस्वती के वंदन के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

तीन दिवसीय सम्मेलन में देशभर से लगभग 200 शोधार्थी, वैज्ञानिक और विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं। इस दौरान कुल 232 शोध सारांश और 22 मुख्य शोध पत्र प्रस्तुत किए जाएंगे। सम्मेलन में लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड डॉ. उमाकांत मिश्रा और डॉ. एल एन दास को दिया गया। अन्य पुरस्कार विजेताओं में डॉ. जगपति रमैया तिरुपति, डॉ. पी सी कालिता, डॉ. अरुण कुमार मंडल और डॉ. सुनील कुमार गुप्ता शामिल हैं। सम्मेलन के तीन दिन तकनीकी सत्र, रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम और छात्र-छात्राओं की प्रस्तुति के साथ संपन्न होंगे।



## विनोद गोटियां बने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कटिहार रैली के केंद्रीय प्रभारी

*जबलपुर। बिहार विधानसभा चुनाव में आगामी 8 नवंबर को कटिहार में देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की होने वाली रैली को लेकर मध्यप्रदेश शासन में पूर्व कैबिनेट मंत्री(दर्जा प्राप्त) विनोद गोटियां को केंद्रीय प्रभारी नियुक्त किया गया है। प्रधानमंत्री की कटिहार रैली दूसरे चरण के अंतर्गत 12 जिलों को कवर करेगी।*

## लाडली लक्ष्मी सड़क को शराबियों से मुक्त किया जाए

**जबलपुर।** जैसा कि आपको ज्ञात है कि लंबे समय से कांग्रेस कार्यकर्ता एवं क्षेत्रीय जनता लिंक रोड शराब दुकान में चल रहे अवैध अहाते के खिलाफ आंदोलन कर रही है एवं शराब दुकान को स्थानांतरित कराने की मांग उठा रही है। जनता ने खुद बढ़-चढ़कर हिस्सा लेते हुए हस्ताक्षर अभियान में भी समर्थन दिया था, परंतु आज तक कुछ कार्यवाही नहीं हुई है। विषय अति गंभीर हो चुका है, क्योंकि थाना मदन महल की पुलिस सिर्फ अवैध वसूली का काम कर रही है। शराब दुकान से पैसा लेती है और अवैध अहाते व शराब दुकान की चौकीदारी करती है। आए दिन इस शराब दुकान और खुली शराबखोरी के कारण रोड में चलने वाले राहगीरों और रहने वाले लोगों को परेशानी होती है और विवाद उत्पन्न होते है, परंतु पुलिस पैसे के लालच में कुछ नहीं करती और इस गोरखधंधे को और बढ़वाती है। ऐसी भ्रष्ट मदन महल पुलिस और थाने का कांग्रेस पार्टी खुल्ला विरोध करती है और इसी तारतम्य में आज 30 अक्टूबर को अपरान्ह 3 बजे मदन महल थाने का घेराव किया जाएगा।

## भेड़ाघाट में एमपीटी मार्बल कैफे की लिफ्ट बंद, पर्यटक परेशान




**भेड़ाघाट।** मध्य प्रदेश टूरिज्म विभाग द्वारा पंचवटी स्थित मार्बल कैफे में पर्यटकों की सुविधा हेतु लगाई गई लिफ्ट लंबे समय से बंद पड़ी है। विभागीय कर्मचारियों की लापरवाही के कारण लिफ्ट की मरम्मत नहीं हो पाई है, जिससे पर्यटकों को भारी असुविधा झेलनी पड़ रही है। जानकारी के अनुसार, करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद सुविधाओं का अभाव बना हुआ है। वहीं मार्बल कैफे के सामने अवैध रूप से वाहन खड़े होने की शिकायतें भी मिल रही हैं। सूत्रों का कहना है कि विभागीय मिलीभगत से अवैध स्टैंड संचालित हो रहा है। पर्यटन विभाग की लापरवाही के कारण भेड़ाघाट आने वाले देश-विदेश के पर्यटक असंतुष्ट हैं। यह मामला जांच का विषय है।

## भेड़ाघाट में वन चौकी के नाम पर अतिक्रमण की आशंका




**भेड़ाघाट।** पुलिस क्वार्टर के पास वन विभाग की चौकी का निर्माण कार्य जारी है, लेकिन स्थल पर कोई बोर्ड या सूचना नहीं लगाई गई है। इससे स्थानीय लोगों में संदेह है कि कहीं वन चौकी के नाम पर अतिक्रमण तो नहीं किया जा रहा। सूत्रों के अनुसार, भेड़ाघाट परिक्षेत्र में वन भूमि पर अवैध कब्जों और अंधाधुंध कटाई के मामले बढ़ते जा रहे हैं। हाल ही में सरस्वती घाट क्षेत्र में भी अतिक्रमण कर निर्माण कार्य किए जाने की चर्चाएं हैं। लोगों का कहना है कि वन विभाग की निष्क्रियता से अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद हैं।

## जैव विविधता प्रबंधन समिति की तृतीय बैठक संपन्न



**मझौली।** जनपद पंचायत शाहपुरा के सभागार में बुधवार को जैव विविधता प्रबंधन समिति की तृतीय बैठक आयोजित की गई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी श्रीमती सौम्या जैन, सदस्य अभिषेक पटेल, आर.के. शर्मा, संपतबाई, सुषमा कुलेश, नृपति सिंह, नन्हीबाई, राजेंद्र गढ़ेवाल, माधुरी सिंह एवं प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर डॉ. राजभान साहू उपस्थित रहे। बैठक में अब तक किए गए कार्यों की समीक्षा की गई तथा वैद्य एन.के. ठाकुर ने औषधीय पौधों पर जानकारी दी। सदस्यों ने क्षेत्र की रबी-खरीफ फसलों, स्थानीय उद्योगों और नर्मदा नदी के महत्व पर चर्चा की। कृषि, वन एवं पशुपालन विभाग के सहयोग की सराहना की गई।

## सारांश का सैनिक स्कूल में चयन



**सिहोरा।** नगर के वार्ड क्रमांक 10 मैंना कुआ निवासी सौरभ सपना दहायत के पुत्र शुभम किरण दहायत के भतीजे सारांश दहायत का चयन सायना इंटरनेशनल सैनिक स्कूल कटनी में कक्षा 6 वीं के लिए हुआ है। सारांश अब तक शालेम इंग्लिश मीडियम हायर सेकेंडरी स्कूल सिहोरा में अध्ययनरत रहे। अपनी मेहनत, अनुशासन और लगन से उन्होंने विद्यालय और नगर का नाम रोशन किया है।

## संदीपनी विद्यालय में शिक्षक-स्टाफ के लिए हेलमेट अनिवार्य

**सिहोरा।** सड़क सुरक्षा अभियान को एक नई दिशा देते हुए शासकीय उत्कृष्ट उच्चतर माध्यमिक विद्यालय संदीपनी सिहोरा के प्राचार्य अशोक उपाध्याय ने एक अत्यंत सराहनीय और अनूठी पहल की है। उन्होंने विद्यालय परिसर में सभी शिक्षक-शिक्षिकाओं और स्टाफ के लिए हेलमेट पहनकर आना अनिवार्य कर दिया है। यह कदम 'रोड सेफ्टी अभियान' के तहत उठाया गया है जिसका मुख्य उद्देश्य स्वयं के जीवन को सुरक्षित रखने की जिम्मेदारी के महत्व को समझाना और एक मजबूत उदाहरण प्रस्तुत करना है। इस नियम को सख्ती से लागू करने का प्राथमिक उद्देश्य छात्रों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति गहन जागरूकता पैदा करना है। प्राचार्य ने कहा है कि शिक्षक समाज के लिए एक अच्छे मार्गदर्शक होते हैं और इस अभियान को सफल बनाने में उनकी भागीदारी सुनिश्चित करना आवश्यक है। यह पहल न केवल स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित करेगी, बल्कि छात्रों और अभिभावकों के सामने सड़क सुरक्षा के नियमों का पालन करने का एक सशक्त और जीवंत उदाहरण भी पेश करेगी।




## सरदार पटेल की 150वीं जयंती पर 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन

**जबलपुर।** लोह पुरुष सरदार वल्लभभाई पटेल की 150वीं जन्मजयंती पर 31 अक्टूबर को भाजपा जबलपुर महानगर द्वारा 'रन फॉर यूनिटी' का आयोजन प्रातः 7:30 बजे राइट टाउन स्टेडियम से किया जाएगा। इस अवसर पर युवाओं और मातृ शक्ति की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए भाजपा कार्यालय रानीताल में कार्ययोजना बैठक आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता भाजपा जिला अध्यक्ष रत्नेश सोनकर ने की, जिसमें नवनियुक्त प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, विधायक अशोक रोहाणी, अभिलाष पांडे और नगर निगम अध्यक्ष रिंकू विज उपस्थित थे। रत्नेश सोनकर ने कहा कि देश की अखंडता के लिए कार्य करने वाले सरदार पटेल की जयंती पर अधिक से अधिक सहभागिता सुनिश्चित की जाएगी। इसके अलावा आगामी 11 एवं 12 नवम्बर को यूनिटी मार्च सरदार@150 का आयोजन भी किया जाएगा। बैठक में कई वरिष्ठ पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे। इस अवसर पर नवनियुक्त प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन का भी अभिनन्दन किया गया।

# भक्तों के कष्ट हरने अजन्मा परमात्मा भी लेते है जन्म: स्वामी नरसिंह देवाचार्य जी महाराज

### *श्रीमद् भागवत कथा महापुराण में गीता धाम में नंदोत्सव की धूमधाम*

**जबलपुर।** श्रीमद् भागवत महापुराण सप्ताह ज्ञान यज्ञ के पंचम दिवस स्वामी जी ने कहा परमात्मा अजन्मा है उसका जन्म नहीं होता पर भक्तों के लिए वह जन्म भी धारण करता है। आनन्दित करते हैं। निशीथे तम उद्भूते जायमाने जनार्दने भगवान जनार्दन के रूप में प्रगट हुए, जनार्दन अर्थात जो जन जन का परम कल्याण करने वाला है। भगवान चतुर्भुज रूप में महराज वसुदेव जी को दर्शन दिये, पर जब वसुदेव व देवकी दोनों ने भगवान की स्तुति करते है उस समय भागवन "बभूव प्राकृतः शिशुः" प्राकृत शिशु बन गये। मथुरा से ब्रज में



भगवान पधारे और पूरे ब्रज में जन्मोत्सव ऐसे मनाया गया जैसे घर-घर में लाला का जन्म हुआ हो। जब श्रीकृष्ण छै दिवस के हो गये छठी उत्सव के समय अविधा पूतना अपने स्तनों में हलाहल विष भरकर मारने को आई किन्तु उसे भी भगवान ने माता की गति प्रदान किया। परम उदार अविनाशी भावान श्रीकृष्ण ने कंस के द्वारा भेजे गये मायावी दैत्यों का तो अन्त करते है तथा ब्रह्मा, इन्द्रादिक देवताओं के अहंकार का मन मर्दन करते हैं। भगवान अपने ग्वाल सखाओं के साथ वत्स चारण, फिर गो-चारण करते हुए असुरों का उद्धार करते हुए वृन्दावन के पावन पुलिन को दिव्यता प्रदान किया 1 व्यास पीठ का पूजन शिवप्रसाद गर्ग समस्त गर्ग परिवार ने किया।

इस अवसर पर पूज्य दंडी स्वामी कलिकानन्द जी महाराज, चंद्रशेखरानन्द जी ,श्री प्रदीप मिश्र दीप नारायण शास्त्री ,रामफल शास्त्री ,राममिलन साहू, पन्ना लाल बर्मन, राजेंद्र यादव की रही उपस्थिति।

# वृंदावन-मथुरा की तर्ज पर संस्कारधानी में गोपाष्टमी धूमधाम से मनाई गई

**जबलपुर।** बुधवार को संस्कारधानी के शहर और ग्रामीण क्षेत्रों में श्रद्धा और उत्साह के साथ गोपाष्टमी का पर्व मनाया गया। विभिन्न गौशालाओं और मंदिरों में भक्तों ने गौ माता का पूजन-अर्चन कर गुड़-रोटी, दाल-चना, मीठा दलिया और हरा चारा खिलाया। इस दौरान बड़ी संख्या में महिलाएं और बच्चे भी पूजा कार्यक्रम में शामिल हुए। गौ संवर्धन और संरक्षण की थीम पर आयोजित आयोजनों में गोश्ठियों के माध्यम से गौसेवा का संदेश दिया गया। गौ सर्वधन के संरक्षक स्वामी अखिलेश्वरानंद महाराज के आव्हान पर शहरवासियों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गौ सेवा का संकल्प लिया। दरअसल धार्मिक मान्यता के अनुसार, द्वापर युग में इसी दिन बाल कृष्ण पहली बार नंदबाबा की अनुमति से गाय चराने गए थे। तभी से गौ पूजा और व्रत की परंपरा चली आ रही है।

### लम्हेटाघाट में सामूहिक गौपूजन

लम्हेटाघाट-गोपालपुर में प्रशांत अग्रवाल के सौजन्य से सामूहिक गौ पूजन किया गया। वेद मंत्रोच्चार, शंख-घंटे की गूंज और हवन-पूजन के बीच लगभग तीन दर्जन गायों को गो-ग्रास, गुड़-चना और चारा खिलाया गया। प्रशासनिक अधिकारियों ने गौसेवकों को सम्मानित भी किया। आयोजकों ने बताया कि यह कार्यक्रम कई वर्षों से नियमित रूप से किया जा रहा है।

### कथा स्थल पर भी हुआ गो पूजन

सिविल लाइन थाने के सामने संत स्वामी गिरीशानंद सरस्वती महाराज की भागवत कथा के शुभारंभ पर पहले दिन गौ पूजा की गई। कथा यजमानों ने बताया कि कार्तिक मास में कथा श्रवण का विशेष महत्व बताया गया है। कथा 4 नवम्बर तक प्रतिदिन दोपहर 3 से शाम 7 बजे तक आयोजित की जाएगी. 5 नवंबर को हवन और विशाल भंडारे के साथ समापन होगा ।

## *दिनदहाड़े दुकान से एलसीडी टीवी चोरी, सीसीटीवी में कैद हुई घटना*

**जबलपुर।** शहर में चोरी की घटनाओं पर रोक नहीं लग रही है। मंगलवार को सुहागी इलाके में दिनदहाड़े चोरों ने एक इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों की दुकान से एलसीडी टीवी चोरी कर लिया। यह पूरी वारदात सीसीटीवी कैमरे में भी कैद हो गई है। मिली जानकारी के अनुसार, सुहागी मुख्य मार्ग पर अशोकनगर आधारताल निवासी आयुष सिंह की दुकान आयुष इंटरप्राइजेज स्थित है। मंगलवार शाम लगभग 4:30 बजे जब आयुष दुकान में काम कर रहे थे, तभी दो अज्ञात व्यक्ति एक एक्सेस गाड़ी में आए और बाहर रखे एलसीडी टीवी को उठाकर फरार हो गए।

## कॉफी विद एक्सपर्ट का कार्यक्रम आज

**जबलपुर।** नए उद्यम स्थापित करने के इच्छुक युवाओं के लिए कलेक्टर कार्यालय स्थित निवेश प्रोत्साहन केंद्र में "कॉफी विद एक्सपर्ट" कार्यक्रम का आयोजन 30 अक्टूबर को सायं 4 बजे से किया जाएगा। इस बार के कॉफी विथ एक्सपर्ट का कार्यक्रम "सोशल मीडिया में स्वरोजगार के अवसर" पर केंद्रित रहेगा। जिला व्यापार एवं उद्योग केंद्र के महाप्रबंधक विनीत रजक के अनुसार कॉफी विथ एक्सपर्ट्स के इस कार्यक्रम में सोशल मीडिया क्षेत्र के सफल उद्यमी, उद्योग विभाग, एमपी जीएसटी विभाग के अधिकारी, वित्त सलाहकार एवं अन्य विशेषज्ञ उपस्थित रहेंगे तथा प्रतिभागियों को मार्गदर्शन देंगे।




**श्री विनेश रैकवार-** महेशपुर मदनमहल निवासी श्री रामचरण रैकवार के पुत्र श्री विनेश रैकवार (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गुप्तेश्वर मोक्षधाम में किया गया।

**श्री नारायण चंद्र मंडल-** अंजली कॉलोनी रिछाई निवासी श्री नारायण चंद्र मंडल (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती वंदना विश्वकर्मा-** फूटाताल बढ़ई मोहल्ला निवासी श्री विजय आनंद विश्वकर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती वंदना विश्वकर्मा (55) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती जानकी बाई-** ग्राम बरबटी गौर समाधि रोड निवासी श्री मंगल प्रसाद की धर्मपत्नी श्रीमती जानकी बाई (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री सुरेंद्र सोनकर-** खेरमाई वार्ड सोनकर मोहल्ला निवासी श्री सुरेंद्र सोनकर (48) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्री राम नारायण सोनी-** वंदना नगर अमखेरा निवासी श्री राम नारायण सोनी (77) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्रीमती माया-** फूटाताल दुर्गा चौक निवासी श्री रमेश डुमार की धर्मपत्नी श्रीमती माया (60) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती शांति बाई-** पुरानी बस्ती रांझी निवासी श्री हरी लाल की धर्मपत्नी श्रीमती शांति बाई (67) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री राम सेवक खैरवार-** ओम कला मंदिर रोड लालमाटी चांदमारी (68) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती सुमित्रा देवी राय-** रावण पार्क के पास रांझी निवासी श्री रामदेव राय की धर्मपत्नी श्रीमती सुमित्रा देवी राय (80) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री मुकेश मेहतो-** राजीव आवास योजना एमएलबी स्कूल के पास निवासी श्री मुकेश मेहतो (59) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

**श्रीमती समली बाई यादव-** कजरवारा धोबीघाट निवासी श्री हरी सिंह यादव की धर्मपत्नी श्रीमती समली बाई यादव (75) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार गौरीघाट मुक्तिधाम में संपन्न हुआ।

**श्री गणेश माहुरे-** राधाकृष्णन वार्ड अम्बेडकर भवन निवासी श्री गणेश माहुरे (63) का निधन हो गया। अंतिम संस्कार करियापाथर श्मशान भूमि में किया गया।

हरिभूमि
बिजी/शोक/उठावन, पगड़ी रस्म, पुण्यतिथि संबंधी संदेश प्रकाशित कराने के लिए
अब मात्र 40/- प्रति कॉलम से.मी.
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. ब्लैक&व्हाईट 300/-
फिक्स साइज:- 5x4 से.मी. रंगीन 400/-
फिक्स साइज 10x8 से.मी. रंगीन 1100/-
सम्पर्क करें विज्ञापन विभाग:- 9303308294, 9407362110

पूर्व स्वास्थ्य मंत्री और विधायक अजय विश्नोई सहित कांग्रेस विधायक सचिन यादव को बनाया सदस्य

# मध्य प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों का बढ़ेगा वेतन, 45 फीसदी बढ़ोतरी के लिए वित्त मंत्री की अध्यक्षता में बनाई कमेटी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

मध्य प्रदेश में विधायक और पूर्व विधायकों के वेतन में बढ़ोतरी जल्द ही की जाएगी। विधानसभा में उठाई गई इस मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई है। मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने कमेटी गठन करने का फैसला किया है। इसका मीटिंग में वित्त विभाग के मंत्री जगदीश देवड़ा, पूर्व मंत्री और भाजपा विधायक अजय विश्नोई के साथ कांग्रेस विधायक सचिन यादव को सदस्य बनाया गया है। इस संबंध में सामान्य प्रशासन विभाग ने निर्देश जारी किया है।



**मुख्यमंत्री डॉ. यादव के निर्देश पर सामान्य प्रशासन विभाग ने लिया निर्णय**

अपर मुख्य सचिव मध्य प्रदेश संसदीय कार्य विभाग समिति के सदस्य सचिव होंगे। समिति की आवश्यकता अनुसार अन्य विभागों और विधानसभा सचिवालय के अधिकारियों को भी बैठक में शामिल किया जाएगा। मध्य प्रदेश के विधायक और पूर्व विधायक का वेतन बढ़ाने के लिए विधानसभा में चर्चा हुई थी। विधायकों की मांग थी कि 45% वेतन में बढ़ोतरी की जाए। इस पर सरकार ने कमेटी बनाकर निर्णय लेने का विचार किया है। माना जा रहा है कि अगले वर्ष 2026 के जनवरी महीने में रिपोर्ट भी शासन को भेज दी जाएगी।

विधायकों का कितने प्रतिशत वेतन बढ़ाया जा सकता है। उनके महत्व में कितनी बढ़ोतरी होगी, इस विषय में वित्त मंत्री की अध्यक्षता में कमेटी फैसला करेगी। हालांकि वेतन बढ़ाई जाने को लेकर कांग्रेस-भाजपा दोनों के विधायकों ने ही सरकार से मांग की थी कि उनके वेतन को रिवाइज किया जाए। कई राज्यों के वेतन मध्य प्रदेश से ज्यादा है, इसलिए विधायकों की सहूलियत को ध्यान में देते हुए सैलरी में बढ़ोतरी की जाए।

### मांग को लेकर सरकार ने गंभीरता दिखाई

### अभी विधायकों को मध्य प्रदेश में इतना मिलता है वेतन

प्रदेश में विधायकों को वर्तमान में वेतन भत्तों को मिलाकर करीब 1 लाख 10 हजार रुपए हर महीने मिलते हैं। प्रस्ताव के मुताबिक सरकार वेतन बढ़ाती है तो 1 लाख 60 हजार रुपए प्रति महीना दिया जा सकता है, जिसमें चिकित्सा भत्ता, अर्दली और निजी सचिव का भत्ता भी शामिल रहता है। अभी मप्र में 230 विधायकों में 31 मंत्रियों का वेतन सामान्य प्रशासन विभाग देता है। मुख्यमंत्री को 2 लाख, कैबिनेट मंत्री, कैबिनेट मंत्री एक लाख 70 हजार और राज्य मंत्री को 145000 मिलते हैं।

**इन राज्यों में मप्र से भी कम वेतन**

मेघालयः 20 हजार
नगालैंडः 1 लाख
पंजाबः 94 हजार
ओड़िशाः 65,170
केरलः 70 हजार
छगः 80 हजार

***इन राज्यों में मप्र से ज्यादा वेतन***

*बिहारः 1.24 लाख रुपए*
*गुजरातः 1.10 लाख रुपए*
*हरियाणाः 1.95 लाख रुपए*
*हिमाचलः 2.10 लाख रुपए*

## खबर संक्षेप



### कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री डॉ. यादव को सौंपा ज्ञापन

**भोपाल।** मध्य प्रदेश कर्मचारी मंच के प्रदेशाध्यक्ष अशोक पांडे ने दैनिक वेतन भोगी कर्मचारियों की मांगों को लेकर मंत्रालय में आयोजित दीपावली मिलन समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को ज्ञापन सौंपा। अशोक पांडे ने मुख्यमंत्री को सौंपे ज्ञापन में बताया कि उच्च न्यायालय के आदेश के बाद भी अभी तक दैनिक वेतन भोगी से नियमित हुए कर्मचारियों को पेंशन लाभ के लिए दैनिक वेतन भोगी सेवाकाल की वरिष्ठ का लाभ नियमित सेवा में जोड़ने के के आदेश अभी तक जारी नहीं हुए है। कर्मचारी मंच ने मुख्यमंत्री को ज्ञापन सौंप कर वन विभाग में दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी से वन रक्षक पद पर नियमित हुए वनरक्षको को दैनिक वेतन भोगी कर्मचारी सेवा काल की वरिष्ठता की गणना नियमित सेवा की वरिष्ठता में करने एवं पुरानी पेंशन योजना ओपीएस का लाभ देने एवं वरिष्ठ के अनुसार ग्रेजुएटी का लाभ देने के आदेश जारी करने की मांग की है। मुख्यमंत्री ने कर्मचारी मंच को आश्वासन दिया कि वह जल्द ही मांगों का निराकरण किया जाएगा।

### 15 मामलों में 9 करोड़ की ठगी, सीबीआई करेगी जांच

**रायपुर।** डिजिटल अरेस्ट के नाम पर साइबर अपराधियों ने प्रदेशभर में छह महीनों में 15 पीड़ितों से करीब 9 करोड़ रुपए की ऑनलाइन ठगी की गई है। अब इन मामलों की जांच सीबीआई को सौंपने की तैयारी है। रायपुर में अकेले छह लोगों से चार करोड़ रुपए ठगे गए हैं, जबकि बिलासपुर, भिलाई और राजनांदगांव में भी कई लोग इस गिरोह के शिकार बने हैं। वहीं अब तक पुलिस ने अंतरराज्यीय नेटवर्क से जुड़े 25 आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जो गुजरात, उत्तरप्रदेश, झारखंड, आंध्रप्रदेश, दिल्ली और छत्तीसगढ़ के विभिन्न जिलों से हैं। तकनीकी जांच और बैंक ट्रांजेक्शन के जरिए पुलिस आरोपियों तक पहुंची और अब तक लगभग 2.30 करोड़ रुपए की राशि पीड़ितों को वापस दिलाई गई है। साइबर ठग दिल्ली, सीबीआई या अन्य एजेंसियों के अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं और उनसे लाखों, करोड़ों रुपए वसूल रहे।

132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के लिए प्रतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति

# भारिया, बैगा एवं सहरिया के आवासों को रोशन करने के लिए 78 करोड़ 94 लाख का अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जन मन) के तहत अतिरिक्त 18 हजार 338 अविद्युतीकृत पीवीटीजी घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत अधोसंरचना विस्तार के लिए लगभग 78 करोड़ 94 लाख रुपए की द्वितीय चरण की कार्ययोजना की स्वीकृति प्रदान की गई है। इस के लिए 60 प्रतिशत राशि 47 करोड़ 36 लाख रुपए केन्द्र शासन से अनुदान प्राप्त होगा व शेष 40 प्रतिशत राशि 31 करोड़ 58 लाख रुपए राज्य शासन की ओर से वितरण कंपनियों को अंशपूंजी के रूप में उपलब्ध कराई जाएगी।

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट की बैठक मंगलवार को मंत्रालय में सम्पन्न हुई। कैबिनेट ने प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम जन मन) के तहत प्रदेश में पीवीटीजी समूहों यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के घरों के विद्युतीकरण के लिए विद्युत वितरण कंपनियों की अतिरिक्त कार्ययोजना द्वितीय चरण का अनुमोदन प्रदान किया गया है।

**मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में मंत्रि-परिषद के निर्णय**



### बक्स्वाहा के लिए 7 अतिरिक्त पद स्वीकृत

बक्स्वाहा जिला छतरपुर में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर के लिए कुल 7 पदों की स्वीकृति दी गई है। बक्स्वाहा जिला छतरपुर में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड में व्यवहार न्यायाधीश, कनिष्ठ खण्ड स्तर का एक नवीन पद व उनके अमले के तहत तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी के 06 पद, इस प्रकार कुल 07 नवीन पदों का सृजन के लिए 52 लाख 46 हजार रुपए प्रति वर्ष की स्वीकृति प्रदान की गई है।

### भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के यहां बिजली कनेक्शन लगेंगे

प्रधानमंत्री जनजातीय आदिवासी न्याय महा अभियान (पीएम-जनमन) के तहत प्रदेश में 3 पीवीटीजी जनजाति, यथा भारिया, बैगा एवं सहरिया समूहों के अविद्युतीकृत घरों का विद्युतीकरण किया जा रहा है। 11 मार्च, 2024 को संपन्न कैबिनेट बैठक में योजना के तहत प्रथम चरण में 10 हजार 952 घरों के विद्युतीकरण के लिए लगभग 65 करोड़ रुपए की कार्ययोजना को स्वीकृति प्रदान की गई थी, जिसमें से 8 हजार 752 घरों को विद्युत कनेक्शन प्रदाय किए जा चुके हैं।

### क्षेत्रफल को बढ़ाकर कॉरिडोर अनुसार 28 मीटर किया गया

केवल तार के नीचे की जमीन 132 केवी लाइन में 7 मीटर क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल को बढ़ाकर कॉरिडोर अनुसार 28 मीटर किया गया है। उसी तरह 220 केवी लाइन 14 मीटर में वृद्धि कर कॉरिडोर अनुसार 35 मीटर किया गया है। इसके अतिरिक्त 400 केवी लाइन के नीचे की जमीन का क्षतिपूर्ति क्षेत्रफल 52 मीटर निर्धारित किया गया है।

### जहां विद्युतीकरण नहीं, वहां गांव रोशन होंगे सोलर पैनल से

पीएम जनमन के तहत प्रदेश के 24 जिलों में निवासरत भारिया, बैगा एवं सहरिया समुदाय के अविद्युतीकृत घरों के विद्युतीकरण के लिए बसाहट वार पूर्व स्वीकृत सीमा एक लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड को बढ़ाकर 2 लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड किए जाने की स्वीकृति दी गई। विद्युत कंपनियों की ओर से 2 लाख रुपए प्रति हाउसहोल्ड तक आकलित लागत से विद्युतीकरण किया जाएगा। लागत अधिक होने की स्थिति में ऊर्जा विकास निगम की ओर से एक किलोवाट क्षमता का ऑफ ग्रिड सोलर पैनल और बैटरी लगाकर विद्युतीकरण किया जाएगा। 211 घरों का विद्युतीकरण ऑफ ग्रिड प्रणाली से किया जाएगा।

### बड़ी लाइन बिछाने के लिए किसानों को मुआवजा

132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के कारण क्षतिपूर्ति राशि और क्षतिपूर्ति क्षेत्रफल में वृद्धि की स्वीकृति कैबिनेट की ओर से अति उच्च दाब पारेषण 132 केवी और उससे बड़ी लाइन बिछाने के लिए किसानों को दी जाने वाली मुआवजा, क्षतिपूर्ति राशि में वृद्धि करने की स्वीकृति प्रदान की गई है। स्वीकृति अनुसार टॉवर लगाने पर दी जाने वाली क्षतिपूर्ति राशि को 85 प्रतिशत से बढ़ाकर 200 प्रतिशत किया गया है। साथ ही लाइन ट्रान्समिशन लाइन के आरओडब्ल्यू (राइट ऑफ वे) में आने वाली भूमि की क्षतिपूर्ति राशि को 15 प्रतिशत से बढ़ाकर 30 प्रतिशत किया गया है। क्षतिपूर्ण क्षेत्रफल में टॉवर के चार पाए के अलावा सब तरफ 1-1 मीटर की अतिरिक्त वृद्धि की गई है। भूमि का स्वामित्व किसान का ही रहेगा। टॉवर के बीच में और लाइन के नीचे की फसल किसान ले सकेगा।

जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है प्रकृति के प्रति आस्था

## जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए पर्यावरण संरक्षणः सीएम डॉ. मोहन



विशेष प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा है कि प्रकृति के प्रति आस्था ही हमें जीवन का सच्चा अर्थ सिखाती है। भारतीय संस्कृति ने सदैव प्रकृति के साथ सामंजस्य से जीने की परम्परा अपनाई है। दुनिया के कई देश प्रकृति का दोहन कर रहे हैं पर भारत ने सदियों से प्रकृति का पोषण किया है। उपभोग प्रधान जीवन शैली वर्तमान के जलवायु संकट को बढ़ाती है जबकि उपयोग से पहले संरक्षण की समझ और भोग से पहले योग का संतुलन ही भारतीय संस्कृति का सार है। भोपाल प्रकृति और प्रगति का अनूठा संगम है।

प्राकृतिक सुंदरता और जैव-विविधता सहेजे इस सुंदर शहर में जलवायु परिवर्तन और पर्यावरण संरक्षण को लेकर कार्यशाला का आयोजन शहर की विशेषता के अनुरूप है। डॉ. यादव पर्यावरण और जीवन शैली-जलवायु परिवर्तन और सतत विकास वैचारिक संगोष्ठी को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि पर्यावरण संरक्षण जीवन शैली का हिस्सा बनना चाहिए।

***विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन की जरूरत***

*मुख्यमंत्री डॉ. यादव ने कहा कि हमें स्थानीय सोच को वैश्विक समाधान से जोड़ने और विकास तथा पर्यावरण के बीच संतुलन बनाते हुए आगे बढ़ने की आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश में ग्रीन कवरेज बढ़ाने, वेटलैंड संरक्षण, जलस्रोतों के पुनर्जीवन और हरित उद्योगों को प्रोत्साहित करने के लिए निरंतर कार्य कर रही है। प्रदेश के 32 लाख किसानों को सोलर पम्प उपलब्ध कराने की दिशा में कार्य प्रगति पर है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य नीति आयोग, मध्यप्रदेश विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी परिषद और ऐप्को के संयुक्त तत्वावधान में मानव संग्रहालय में संगोष्ठी का आयोजन किया गया। नर्मदा समग्र, सिकोईडिकोन, पैरवी और राष्ट्रीय मानव संग्रहालय, कार्यक्रम के सह आयोजक हैं। जलवायु परिवर्तन के समाधान में राज्यों की भूमिका पर विचार विमर्श और व्यक्ति-समाज एवं सरकारों की सहभागिता से सतत विकास के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना संगोष्ठी का मुख्य उद्देश्य है। मप्र, इस चर्चा को आरंभ करने वाला भारत का पहला राज्य है।*

# भारतमाला परियोजना में मुआवजा घोटाला, तीन लोकसेवक गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

भारतमाला परियोजना के भूमि अधिग्रहण में मुआवजा वितरण के दौरान हुए करोड़ों रुपए के घोटाले के मामले में तीन लोकसेवकों को एसीबी–ईओडब्ल्यू की टीम ने गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों में तत्कालीन पटवारी दिनेश पटेल (नायकबांधा), लेखराम देवांगन (टोकरो) और बसंती घृतलहरे (भेलवाडीह) शामिल हैं।

यह कार्रवाई ब्यूरो में दर्ज अपराध के तहत की गई है। प्रकरण में आरोप है कि साल 2020 से 2024 के बीच रायपुर-विशाखापट्टनम प्रस्तावित इकॉनॉमिक कॉरिडोर (भारतमाला परियोजना) के लिए भूमि अधिग्रहण के दौरान शासन को भारी आर्थिक हानि पहुंचाई गई।

***कई तरह से धोखाधड़ी की गई***

*आरोपों के अनुसार, लोकसेवकों ने भू-माफिया और कुछ निजी व्यक्तियों के साथ मिलकर भूमि का बैक डेट में बंटवारा और नामांतरण, कूटरचित दस्तावेजों की तैयारी, तथा शासन द्वारा अधिग्रहीत भूमि को पुनः शासन को विक्रय कर मुआवजा प्राप्त करने जैसी धोखाधड़ी की। इसके अलावा कई मामलों में भूमि स्वामी के स्थान पर किसी अन्य व्यक्ति को मुआवजा दिलाने और निजी भूमि को गलत तरीके से अधिग्रहीत दिखाकर टुकड़ों में बांटकर भुगतान लेने के भी प्रमाण मिले हैं।*

***शासन को पहुंचाई गई करोड़ों की आर्थिक क्षति***

*जांच में पाया गया कि इस षड्यंत्र के माध्यम से शासन को करोड़ों रुपए की आर्थिक क्षति पहुंचाई गई है। ब्यूरो अधिकारियों के अनुसार, तीनों आरोपियों को मंगलवार 29 अक्टूबर को गिरफ्तार कर विशेष न्यायालय (भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम), रायपुर में पेश किया गया। इस मामले में पूर्व में 10 आरोपियों, जिनमें दो लोकसेवक भी शामिल हैं, के खिलाफ 13 अक्टूबर 2025 को प्रथम अभियोग पत्र (चार्जशीट) न्यायालय में प्रस्तुत किया जा चुका है। हालांकि, इस दौरान उच्च न्यायालय ने उनकी गिरफ्तारी पर रोक लगा दी थी, जिसे 28 अक्टूबर 2025 को हटाए जाने के बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू ने उन्हें गिरफ्तार कर लिया। अब भी प्रकरण के कुछ अन्य आरोपी फरार हैं।*

खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी स्टॉक की जानकारी

# गेहूं पर स्टॉक सीमा तय, 31 मार्च 2026 तक लागू रहेगा आदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶ भोपाल

भारत सरकार के उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण मंत्रालय की ओर से आवश्यक वस्तु अधिनियम के तहत विशिष्ट खाद्य पदार्थों पर लाइसेंसी अपेक्षाएं, स्टॉक सीमाएं और संचलन प्रतिबंध हटाना (संशोधन) आदेश, 2025 जारी किया गया है। इस आदेश के अनुसार देशभर में गेहूं पर नई स्टॉक सीमा 31 मार्च 2026 तक के लिए लागू की गई है।

मप्र के खाद्य, नागरिक आपूर्ति एवं उपभोक्ता संरक्षण मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने बताया कि भारत सरकार ने सभी राज्यों और संघ राज्य क्षेत्रों में गेहूं के लिए अधिकतम स्टॉक सीमा निर्धारित की है। मंत्री राजपूत ने बताया कि व्यापारी, थोक विक्रेता के अधिकतम स्टॉक सीमा 2000 मीट्रिक टन, प्रत्येक रिटेल आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बिग चेन रिटेलर में प्रत्येक आउटलेट के लिए 8 मीट्रिक टन, बशर्ते अधिकतम मात्रा कुल दुकानों की संख्या 8 गुणा होना चाहिए। यह अधिकतम स्टॉक होगा जो उनके सभी रिटेल आउटलेट और डिपो पर एक साथ रखा जा सकता है।



### जानकारी विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी

इसी प्रकार प्रोसेसर के लिए मासिक स्थापित क्षमता के 60 प्रतिशत को 2025-26 के शेष महीनों से गुणा के बराबर रखना होगा। मंत्री राजपूत ने बताया कि आदेश के तहत संबंधित विधिक इकाइयों को अपने स्टॉक की जानकारी खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण विभाग के पोर्टल पर दर्ज करनी होगी। यदि किसी के पास निर्धारित सीमा से अधिक स्टॉक है, तो उसे अधिसूचना जारी होने की तारीख से 15 दिनों के भीतर निर्धारित सीमा तक लाना होगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा मध्यप्रदेश गेहूं (अधिकतम स्टॉक सीमा एवं स्टॉक घोषणा, नियंत्रण आदेश - संशोधन, 2025) का प्रारूप तैयार कर लिया गया है। इस आदेश के माध्यम से विभागीय और जिला प्रशासन के अधिकारी जांच तलाशी, अभिग्रहण की कार्रवाई करने में सक्षम होंगे।

***राज्य में वह संशोधन स्वतः प्रभावी हो जाएगा***

*मंत्री राजपूत ने यह भी स्पष्ट किया कि भारत सरकार की ओर से यदि भविष्य में स्टॉक सीमा की अवधि या मात्रा में कोई परिवर्तन किया जाता है, तो राज्य में वह संशोधन स्वतः प्रभावी हो जाएगा। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य उपभोक्ताओं के हितों की रक्षा करना और अनावश्यक जमाखोरी व कृत्रिम मूल्य वृद्धि पर प्रभावी नियंत्रण सुनिश्चित करना है।*

सरेंडर करने वालों में 9 महिलाएं भी शामिल, 66 लाख रुपए का इनाम घोषित था

# बीजापुर में 51 इनामी माओवादियों का सामूहिक आत्मसमर्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बीजापुर

छत्तीसगढ़ की माओवाद उन्मूलन नीति को बीजापुर में एक बड़ी कामयाबी मिली है। राज्य सरकार की प्रभावी 'पूना मारगेमः पुनर्वास से पुनर्जीवन' योजना के तहत, 51 सक्रिय माओवादी कैडरों ने हिंसा का मार्ग छोड़कर समाज की मुख्यधारा में लौटने के लिए आत्मसमर्पण कर दिया। आत्मसमर्पण करने वालों में माओवादी संगठन की रीढ़ समझे जाने वाले पीएलजीए बटालियन के सदस्य, कंपनी सदस्य शामिल हैं। इन सभी 51 कैडरों पर छत्तीसगढ़ सरकार द्वारा कुल 66 लाख रुपए का इनाम घोषित था।

आत्मसमर्पण करने वालों में नौ महिला और 42 पुरुष शामिल हैं। इस समूह में चार ऐसे दुर्दांत सदस्य शामिल हैं, जिन पर अकेले आठ-आठ लाख रुपए का इनाम था। इनमें पीएलजीए कंपनी न. 01 सदस्य बुधराम पोटाम उर्फ रंजीत, बटालियन न. 01 सदस्य मनकी कोवासी, कंपनी न. 2 सदस्य हुंगी सोढ़ी और सदस्य रविन्द्र पुनेम उर्फ आयतू शामिल हैं। इसके अलावा, सीआरसी कंपनी 02 पीएलजीए सदस्य देवे करटाम पर भी आठ लाख का ईनाम था।




**समर्पण नीति का दिख रहा असर**

सुरक्षाबलों के अभियान और समर्पण नीति का असर वर्ष 2025 में बड़े पैमाने पर दिखाई दे रहा है। जिले में वर्ष 2025 में अब तक 461 माओवादी मुख्यधारा में लौट चुके हैं। इस साल अब तक सुरक्षाबलों की कार्रवाई में 138 माओवादी मारे गए और 485 गिरफ्तार हुए हैं।

***सभी कैडरों को दी जाएगी 50-50 हजार की सहायता राशि***

*जिला पुलिस अधीक्षक डॉ. जितेंद्र कुमार यादव ने बताया कि आत्मसमर्पण करने वाले सभी कैडरों को पुनर्वास प्रोत्साहन के रूप में तत्काल 50-50 हजार रुपये की सहायता राशि प्रदान की जाएगी। उन्होंने शेष माओवादियों से भ्रामक विचारधाराओं को त्यागकर, निर्भय होकर समाज की मुख्यधारा में लौटने की अपील की, और कहा कि संवाद, पुनर्वास और विकास का मार्ग ही क्षेत्र में स्थायी शांति लाएगा।*

जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र बनाने की प्रक्रिया अब ऑनलाइन

## अक्टूबर 2023 के पूर्व जन्मे बच्चों के लिए आधार कार्ड अनिवार्य

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायपुर

राज्य सरकार ने प्रत्येक जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र का ऑनलाइन बनाया जाना अनिवार्य कर दिया है। केंद्रीय महारजिस्ट्रार कार्यालय की ओर से वर्ष-2023 में संशोधित ऑनलाइन पोर्टल लान्च किया गया है, जिसके माध्यम से राज्य में जन्म व मृत्यु प्रमाण पत्र ऑनलाइन बनाए जा रहे हैं। बता दें कि इसके लिए जन्म-मृत्यु पंजीकरण अधिनियम, 1969 में वर्ष 2023 में संशोधन किया गया है।

संशोधन के अनुसार अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों की जन्म तिथि प्रमाणित करने के लिए जन्म प्रमाण पत्र ही एकमात्र वैध आधार होगा। इस तिथि के पूर्व जन्मे बच्चों के मामलों में अन्य वैकल्पिक दस्तावेज भी जन्म तिथि के प्रमाण के रूप में मान्य रहेंगे। हालांकि अक्टूबर 2023 के बाद जन्मे बच्चों के लिए केवल जन्म प्रमाण पत्र ही तिथि प्रमाण का एकमात्र स्त्रोत होगा। पूर्व में जिन बच्चों का जन्म प्रमाण पत्र मैन्युअल पद्धति से जारी किया गया था, उनके लिए भी अब पोर्टल में ऑनलाइन प्रमाण पत्र बनाने का प्रविधान उपलब्ध है। इससे पुराने प्रमाण पत्र भी डिजिटल स्वरूप में सुरक्षित किए जा सकेंगे। अधिकारियों का कहना है कि यह संज्ञान में आया है कि कुछ जिलों में केवल उन्हीं जन्म प्रमाण पत्रों के आधार पर आधार कार्ड बनाए जा रहे हैं, जिनमें क्यूआर कोड है। इस विषय में राज्य सरकार की ओर से अनुरोध किया गया है कि सभी आधार केंद्रों को उचित दिशा-निर्देश जारी करें।

## वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान एंबर ने जारी की रिपोर्ट

# भारत नए कोयला संयंत्रों के बिना 2032 तक बिजली की मांग पूरी कर सकता है

*भारत को 2032 तक अपनी बिजली की मांग को पूरा करने के लिए पहले से निर्माणाधीन कोयला बिजली संयंत्रों के अलावा किसी नए संयंत्र की आवश्यकता नहीं है। एक हालिया अध्ययन में यह बात सामने आई।*

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

वैश्विक ऊर्जा शोध संस्थान एंबर द्वारा मंगलवार को जारी रिपोर्ट में आगाह किया गया है कि अधिक कोयला क्षमता जोड़ना लाभकारी नहीं होगा बल्कि इससे बिजली वितरण कंपनियों एवं उपभोक्ताओं पर उच्च शुल्क का बोझ पड़ सकता है क्योंकि नवीकरणीय ऊर्जा तथा भंडारण सस्ता एवं अधिक टिकाऊ हो जाएगा।



- किया गया आगाह, अधिक कोयला क्षमता जोड़ना लाभकारी नहीं
- बिजली वितरण कंपनियों व उपभोक्ताओं पर उच्च शुल्क बोझ पड़ता है
- नवीकरण ऊर्जा तथा भंडारण सस्ता एवं अधिक टिकाऊ हो जाएगा

### भारत के विद्युत बदलाव में कोयले की भूमिका घट रही

'भारत के विद्युत बदलाव में कोयले की घटती भूमिका' शीर्षक वाले अध्ययन में कहा गया कि भारत अपनी 2032 की बिजली आवश्यकताओं को राष्ट्रीय विद्युत योजना (एनईपी) 2032 के तहत पहले से निर्धारित सौर, पवन एवं ऊर्जा भंडारण लक्ष्यों के माध्यम से पूरा कर सकता है।

### कोयले से बनी बिजली महंगी

कोयले से बनी बिजली पहले से ही कई नवीकरणीय विकल्पों की तुलना में महंगी हो गई है। रिपोर्ट में कहा गया कि नई कोयला परियोजनाओं के लिए हाल ही में तय की गईं दरें बिहार में छह रुपये प्रति यूनिट से अधिक और मध्य प्रदेश में लगभग 5.85 रुपये प्रति यूनिट हैं जबकि दोनों ही कोयला उत्पादक क्षेत्रों के निकट है। इस वृद्धि का अधिकतर हिस्सा उच्च स्थिर लागत के कारण है, जो तब भी देय होता है जब संयंत्र बिजली उत्पादन नहीं कर रहे होते।

*भारत की बिजली व्यवस्था बदलाव व नए दौर में : एंबर में वरिष्ठ ऊर्जा विश्लेषक (एशिया) नेशविन रोड्रिग्स ने कहा, ''भारत की बिजली व्यवस्था बदलाव के एक नए दौर में प्रवेश कर रही है। जैसे-जैसे नवीकरणीय ऊर्जा देश के कुल उत्पादन मिश्रण में बड़ी हिस्सेदारी हासिल कर रही है और भंडारण सस्ता होता जा रहा है, कोयले की भूमिका कम होती जा रही है। मौजूदा कोयला बिजली संयंत्रों के अलावा आगे कोयले पर आधारित ऊर्जा उत्पादन देश के लिए न तो आवश्यक है और न ही किफायती।'*

*सौर ऊर्जा सबसे सस्ती पड़ती है*

इसके विपरीत, ठोस एवं प्रेषण योग्य नवीकरणीय ऊर्जा (एफडीआरई) जो सौर या पवन जैसे नवीकरणीय स्रोतों को बैटरी भंडारण के साथ जोड़ती है...एक सस्ता और अधिक टिकाऊ विकल्प बनती जा रही है। एफडीआरई शुल्क अब 4.3 रुपये से 5.8 रुपये प्रति यूनिट के बीच है, जबकि 'सौर-प्लस' भंडारण परियोजनाओं की दरें 2.9 रुपये से 3.6 रुपये प्रति यूनिट तक पहुंच गई हैं।

## जिंदल स्टील के मुनाफे में 26 फीसदी की गिरावट

**नई दिल्ली।** जिंदल स्टील का सितंबर तिमाही का एकीकृत शुद्ध मुनाफा 26 प्रतिशत से अधिक घटकर 635.08 करोड़ रुपये रह गया। खर्च बढ़ने से कंपनी का मुनाफा कम हुआ है। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष 2024-25 की जुलाई-सितंबर अवधि में 860.47 करोड़ रुपये का शुद्ध मुनाफा कमाया था। हालांकि, कंपनी की कुल आय एक साल पहले की दूसरी तिमाही के 11,248.14 करोड़ रुपये से बढ़कर 11,707.82 करोड़ रुपये हो गई। कुल खर्च भी एक साल पहले की अवधि के 10,034 करोड़ रुपये से बढ़कर 10,725.55 करोड़ रुपये हो गया। अलग से दिये एक बयान में, कंपनी ने कहा कि उसका कच्चे इस्पात का उत्पादन एक साल पहले की समान अवधि के 19.7 लाख टन से बढ़कर 20 लाख टन हो गया।

## एनएलसी का मुनाफा 26 प्रतिशत घटा

**नई दिल्ली।** सार्वजनिक क्षेत्र की कंपनी एनएलसी इंडिया लिमिटेड का जुलाई-सितंबर तिमाही में एकीकृत शुद्ध लाभ 26.2 प्रतिशत घटकर 724.80 करोड़ रुपये रह गया। कंपनी का जुलाई-सितंबर, 2024 में मुनाफा 982.41 करोड़ रुपये रहा था। समीक्षाधीन तिमाही में उसकी कुल आय मामूली रूप से घटकर 4,346.72 करोड़ रुपये रह गई । जबकि पिछले वर्ष की इसी तिमाही में यह 4,374.12 करोड़ रुपये थी। कंपनी का व्यय सालाना आधार पर 3,177.40 करोड़ रुपये से 13.7 प्रतिशत बढ़कर 3,615.72 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी सूचना के अनुसार, एनएलसी इंडिया के निदेशक मंडल ने उसकी पूर्ण स्वामित्व वाली इकाई एनएलसी इंडिया रिन्यूएबल्स लिमिटेड (एनआईआरएल) में एक या एक से अधिक किस्तों में 666 करोड़ रुपये तक के निवेश को सैद्धांतिक मंजूरी दे दी है।

**MP POORV KSHETRA VIDYUT VITARAN CO. LTD.**
BLOCK NO.7 SHAKTI BHAWAN, RAMPUR, JABALPUR (M.P.)
Tel No: 0761 2702473 , 2702442 CIN: U40109MP2002SGC015120 email: cepurez@yahoo.in
No. CGM(S&P)/EZ/GM-II/III/1970 **ONLINE TENDER** Jabalpur, dtd: 17.10.2025
Online Tenders are invited for following services:-

| S. No. | TS No. (For e-Tendring Discom/EZ/Pur | NAME OF ITEMS | Approx. Value (Rs. in Lakhs) | Tender fee (in Rs) | Due date & times of Opening of Tender online from 11.00 Hrs (*) |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | TS-1619 (E-Tender No. 2025_PKVVC_452163_1) | Printing and Supply of Training Manual | 3.36 | 590 | 12.11.2025 |

For updated/ extended due dates for opening fo tender (EMD in Cover-1 & Techno-Commercial bin in cover -2) Phase refer to the online key dates. For other details visit company website: www.mpez.co.in or https:// mptenders.gov.in
SAVE ENERGY FOR BETTER TOMORROW विद्युत अनियमितता संबंधी शिकायत के लिए वी मित्र ऐप डाउनलोड करें और पाएं रु 50,000 तक का इनाम CGM (S&P)

**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग, (भ / स ) संभाग नरसिंहपुर (म.प्र.)**
निविदा सूचना क्रमांक 21 / वर्ष 2025 - 26 / कार्य.यं. **निविदा सूचना** नरसिंहपुर, दिनांक 27/10/2025
निम्नलिखित कार्यों हेतु निविदायें आमंत्रित की जाती है। उल्लेखित कार्य का विस्तृत विवरण वेबसाइट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेण्डर आई डी | जिला | कार्य का प्रकार | कार्य का नाम | कार्य की अनु. राशि (रू. लाख में) | धरोहर राशि | निविदा फार्म की राशि | आमंत्रण क्र. | कार्य समयावधि | भौतिक रूप से लिफाफा प्रस्तुत करने का कार्यालय (मूल एफ. डी. आर. एवं अन्य दस्तावेज) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 | 11 |
| 1 | 2025_ PWDRB_ 410420_9 | नरसिंहपुर | बी.टी. रिन्युवल | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत करेली एवं तेन्दूखेड़ा रेस्ट हाउस एप्रोच मार्ग लंबाई 0.70 कि.मी. का बी.टी. रिन्युवल कार्य ।(नवमां आमंत्रण) | 13.93 | 28,000 | 2,000 | नवम आमंत्रण | 1 माह (वर्षाऋतु रहित) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 2 | 2025_ PWDRB_ 456192_2 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण सड़क | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत करेली एवं तेन्दूखेड़ा सेक्शन में विभिन्न मार्गों के पेच रिपेयर एवं अन्य मरम्मत का कार्य ।(द्वितीय आमंत्रण | 19.80 | 40,000 | 2,000 | द्वितीय आमंत्रण | 03 माह (वर्षाऋतु सहित ) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 3 | 2025_ PWDRB_ 456194_2 | नरसिंहपुर | वार्षिक संधारण सड़क | गाडरवारा उपसंभाग के अंतर्गत विभिन्न मार्गों के पेच रिपेयर एवं अन्य मरम्मत का कार्य ।(द्वितीय आमंत्रण) | 17.82 | 36,000 | 2,000 | द्वितीय आमंत्रण | 03 माह (वर्षाऋतु सहित ) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| 4 | 2025_ PWDRB_ 457554_1 | नरसिंहपुर | निर्माण | नरसिंहपुर उपसंभाग के अंतर्गत केरपानी से हथियाटोला (पोल शिफ्टिंग कार्य सहित) मार्ग लंबाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य । | 209.58 | 2,10,000 | 15,000 | प्रथम आमंत्रण | 04 माह (वर्षाऋतु सहित ) | सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत करें। |
| | | | | योग | 261.13 | | | | | |


उपरोक्त वेबसाइट आर्नलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र ( टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने की अंतिम तिथि 04/11/2025 ( 17.00) बजे निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट www.mptenders.gov.in में देखा जा सकता है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा। पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा । मूल धरोहर (ई.एम.डी.) राशि एवं अन्य सभी दस्तावेज ऑनलाईन प्रस्तुत दिनांक 04/11/2025 ( 17.30 बजे तक उपरोक्तानुसार संबंधित पोर्टल में प्राप्त की जावेगी ।
कार्यपालन यंत्री
G-20650/25 "स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता" लोक निर्माण विभाग ( म / स ) - संभाग नरसिंहपुर

# सोना 2,600 रुपए बढ़कर 1,24,400 रुपए प्रति 10 ग्राम पर पहुंचा, चांदी भी चमकी

एजेंसी ⏭ नई दिल्ली

फेडरल रिजर्व के नीतिगत नतीजों से पहले सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी के नए दौर के बीच बुधवार को राष्ट्रीय राजधानी के सराफा बाजार में सोने की कीमतें 2,600 रुपये बढ़कर 1,24,400 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गईं। इससे दो सत्रों से चली आ रही गिरावट थम गई।

अखिल भारतीय सराफा संघ ने बताया कि 99.5 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना 2,600 रुपये बढ़कर 1,23,800 रुपये प्रति 10 ग्राम (सभी करों सहित) हो गया जबकि पिछले कारोबारी सत्र में यह 1,21,200 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। वहीं, 99.9 प्रतिशत शुद्धता वाला सोना मंगलवार को 1,21,800 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ जिंस विश्लेषक सौमिल



- फेड की घोषणा से पहले सुरक्षित निवेश के लिए खरीदारी बढ़ी
- चांदी की कीमतों में 6700 रुपए का आया उछाल

गांधी ने कहा, ''बुधवार को सोने की कीमतों में उछाल आया और फेडरल रिजर्व की मौद्रिक बैठक के नतीजे आने से पहले यह 4,000 डॉलर प्रति औंस के मनोवैज्ञानिक स्तर पर पहुंच गया। चांदी की कीमतों में भी तेज उछाल आया और इसकी कीमतें 6,700 रुपये बढ़कर 1,51,700 रुपये प्रति किलोग्राम (सभी करों सहित) हो गईं। मंगलवार को चांदी की कीमत

### एलएंडटी को सऊदी अरब में मिलीं परियोजनाएं

**नई दिल्ली।** बुनियादी ढांचा क्षेत्र की प्रमुख कंपनी लार्सन एंड टुब्रो (एलएंडटी) ने बुधवार को कहा कि उसे सऊदी अरब में 2,500 करोड़ रुपये से 5,000 करोड़ रुपये के बीच की परियोजनाएं मिली हैं।

एलएंडटी ने शेयर बाजार को बताया कि पहला ऑर्डर गैस इंसुलेटेड सबस्टेशन के निर्माण से संबंधित है। दूसरा ऑर्डर 420 किलोमीटर से अधिक की कुल लंबाई वाले ओवरहेड ट्रांसमिशन लिंक के निर्माण से संबंधित है।

ऊर्जा परियोजनाओं को बढ़ावा देने बिजली ग्रिड को उन्नत कर रहा है।

### व्यापार तनाव कम होने से सोने की मांग थम सकती है

इस बीच, फेडरल रिजर्व के नतीजों से पहले डॉलर सूचकांक 0.15 प्रतिशत बढ़कर 98.82 पर पहुंच गया। हालांकि विश्लेषकों का कहना है कि अमेरिका-चीन व्यापार तनाव कम होने के संकेतों से सुरक्षित निवेश के तौर पर सोने की मांग में तेजी थम सकती है। विदेशी बाजारों में हाजिर चांदी 2.85 प्रतिशत बढ़कर 48.40 डॉलर प्रति औंस हो गई।

## खबर संक्षेप

### टीवीएस मोटर कंपनी का लाभ बढ़कर 42 फीसदी

**नई दिल्ली।** टीवीएस मोटर कंपनी ने मंगलवार को बताया कि मजबूत वाहन बिक्री के कारण 30 सितंबर, 2025 को समाप्त दूसरी तिमाही में उसका एकीकृत शुद्ध मुनाफा 42 प्रतिशत बढ़कर 832.76 करोड़ रुपये हो गया। कंपनी ने पिछले वित्त वर्ष की इसी तिमाही में 588.13 करोड़ रुपये का एकीकृत शुद्ध मुनाफा अर्जित किया था।

### अकासा एयर आईपीओ लाने पर करेगा विचार

**नई दिल्ली।** अकासा एयर के संस्थापक और मुख्य कार्यपालक अधिकारी (सीईओ) विनय दुबे ने बुधवार को कहा कि एयरलाइन अगले दो से पांच साल में आईपीओ लाने पर विचार करेगी। उन्होंने जोर देकर कहा कि एयरलाइन ''अंतहीन एवं अनियंत्रित वृद्धि की दौड़ में शामिल नहीं होगी।'' एयरलाइन ने अगस्त, 2022 में उड़ान शुरू की थी और इस समय उसके पास 30 विमानों का बेड़ा है। दुबे ने कहा कि एयरलाइन नकदी के मामले में अच्छी स्थिति में है और ''वित्तीय स्थिति जिस तरह से आगे बढ़ रही है, उससे हम खुश हैं।'' उनके अनुसार, एयरलाइन अगले दो से पांच वर्षों में आईपीओ लाने पर विचार करेगी। अकासा एयर ने अगस्त में कहा था कि उसने प्रेमजी इन्वेस्ट और क्लेपॉन्ड कैपिटल सहित निवेशकों से धन जुटाया है, और इसका उपयोग मुख्य रूप से परिचालन विस्तार के लिए किया जाएगा।

**विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड**
VISTAAR FINANCE
CIN: U67120K1991PTC059126, RBI पंजीकरण क्र.: B-02.00251
पंजीकृत कार्यालयः प्लाट नंबर 59 और 60 -23, 22nd क्रॉस, 29 मैन, BTM लेआउट, 2nd स्टेज, बैंगलोर-560076
**शाखा पता परिवर्तन की सूचना**
एतद् द्वारा यह सूचित किया जाता कि संचालन के कारणों हेतु हाउस. नं.3, 1ली मंज़िल, महालक्ष्मी नगर,धामनोद रोड,पुराना कमला बेन हॉस्पिटल, इंडेन गैस के पास,स्वराज ट्रैक्टर के ऊपर , ए बी रोड, धामोद, पिन है – 451224, मध्य प्रदेश में स्थित हमारी शाखा बदल दी गई है,और अब से सभी लेन देन नीचे दिए पते पर स्थित हमारे ब्रांच ऑफिस पर किए जाएंगे। किसी भी प्रकार के दावों / बकाया देय / शिकायतों के लिए शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे नीचे दिए पते पर संपर्क करें।
पता : विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेस प्राइवेट लिमिटेड.,
हाउस नंबर 191, वार्ड नंबर 08, महेश्वर रोड, धामोद, पिन – 454552.
मध्य प्रदेश, मोबाइल नं.: 8349679350 /8889455769
ई-मेल : bm.dhamnod@vistaarfinance.com
ops.dhamnod@vistaarfinance.com
स्थान : धामोद
विस्तार फाइनेंशियल सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड
हस्ता/-
अधिकृत हस्ताक्षरी

**कार्यालय क्षेत्र संचालक कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला म.प्र.**
Phone 07642-250760, E-mail - fdknp.mdl@mp.gov.in
क्र./मा.चि./3766 दिनांक 26/10/2025
**ट्रेप कैमरा हेतु बैटरी एवं एस. डी. एच. सी कार्ड क्रय**
1. निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की वेबसाइट www.mptender.gov.in एवं www.mpforest.gov.in. पर देखी जा सकती हैं। 2. उपरोक्त निविदाएं कान्हा टाईगर रिजर्व के अंतर्गत मण्डला एवं बालाघाट जिले के कार्यक्षेत्र में सामग्री प्रदाय हेतु आमंत्रित की जा रही हैं। 3. निविदाएं मध्यप्रदेश शासन की वेबसाइट www.mptender.gov.in पर आनलाइन पद्धति से प्रस्तुत की जावेगी । निविदा में किसी प्रकार के संशोधन की जानकारी उपरोक्त दोनों वेबसाइट पर ही दी जावेगी ।
4.निविदा प्रस्ताव हेतु विवरण निम्नानुसार है।

| गतिविधि | गतिविधि दिनांक |
|---|---|
| निविदा प्रकाशन की तिथि और समय | 27.10.2025 समय - 09:00 AM |
| निविदा विक्रय की प्रारंभिक तिथि और समय | 27.10.2025 समय - 05:00 PM |
| निविदा जमा करने की प्रारंभिक तिथि और समय | 29.10.2025 समय - 03:30 PM |
| निविदा जमा करने की (अंतिम तिथि ) | 08.11.2025 समय - 06:30 PM |
| प्राप्त तकनीकी प्रस्तावों को खोलने का समय और तिथि | 10.11.2025 समय - 10:30 AM |

टीप :- 1. यदि वित्तीय बिड किन्ही अपरिहार्य कारणों से नियत तिथी को खोली नही गई तो आगामी कार्य दिवस में दोपहर 12 बजे खोली जावेगी ।
**निविदा समाशोधन की प्रक्रिया निम्नानुसार है:-**
प्रक्रिया 1- निविदा प्रपत्र का मूल्य राशि रू. 2000.00 (रुपए दो हजार मात्र) है तथा अमानत निधि की राशि 50,000/- (रु. पचास हजार मात्र) इन्हें ऑनलाइन जमा किया जाना है, जमा की दोनों ही रसीदें एम.पी. टेण्डर की बेबसाइट पर अपलोड किया जाना है।
प्रक्रिया 2- प्रक्रिया 1 में पात्र पायी गई फर्म को ही निविदा के अगले चरण में अवलोकन हेतु लिया जावेगा। इस चरण में फर्म द्वारा प्रपत्र अनुसार अपलोड किये गये विभिन्न दस्तावेज का अवलोकन किया जावेगा।
प्रक्रिया 3- प्रक्रिया 2 में पात्र पाई गई फर्मो की ही वित्तीय निविदा अवलोकन हेतु खोली जावेगी। निविदा में सफल निविदाकार को अनुबंध अनुसार धरोहर राशि (Performing security deposite) जमा करना होगा। स्वीकृत सामग्रियों के निविदा मूल्य की 3 प्रतिशत राशि का एफ. डी. आर. उप संचालक, कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला के नाम (राष्ट्रीयकृत बैंक से जारी) का 18 माह की काल अवधि का एफ. डी. आर. (Performing security deposite) अनुबंध संपादन के साथ जमा कराया जावेगा।
उप संचालक,
G-20647/25 "स्वच्छता ही सेवा" कान्हा टाइगर रिजर्व, मण्डला

**कार्यालय कलेक्टर एवं पदेन उप सचिव, मध्य प्रदेश शासन राजस्व विभाग जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)**
प्रारूप V
(नियम 10 देखे)
धारा 19 (1) के तहत पुनर्वासन एवं पुनर्व्यावस्थापन घोषणा का प्रकाशन
सचिव, राजस्व विभाग
क्रमांक 1140/ अ.वि.अ./ भू-अर्जन / 2025 नरसिंहपुर, दिनांक 24/10/2025
रा.मा.क्र. 0010/अ-82/2024-25 ग्राम गरारू
प.ह.नं.-07 नं.ब.-123 तहसील-नरसिंहपुर
जहां सरकार को ऐसा प्रतीत होता है कि लोक प्रयोजन चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु ग्राम गरारू प.ह.नं.-07 नं.ब. - 123 तहसील - नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर में कुल 9.042 हेक्टेयर भूमि अपेक्षित है इसलिये घोषणा की जाती है कि उपर्युक्त परियोजना के लिए अर्जन के अधीन एक भू-खंड है, जो 9.116 हेक्टेयर है ग्राम गरारू तहसील नरसिंहपुर जिला नरसिंहपुर में है, जिसका विस्तृत ब्यौरा निम्नलिखित है :-
**ग्राम - गरारू प.ह.नं. -07 नं.ब. - 123 तहसील - नरसिंहपुर**

| स. क्र. | हितबध्द व्यक्ति का नाम एवं पता | स्वामित्व का प्रकार | खसरा नंबर | अर्जित रकवा |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 |
| 1 | धनाबाई पत्नि अन्नीलाल मेहरा सा गरारू | भूमिस्वामी | 2 (s)<br>3 (s) | 0.263<br>0.656 |
| 2 | गजराज पिता सूरत धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 6 (s)<br>7 (s) | 0.100<br>0.036 |
| 3 | धनीराम वल्द गजराज धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 8 (s) | 0.219 |
| 4 | बलुआ उर्फ बलराम पिता सूरत मुन्नी बाई शीलाबाई रूपाबाई पिता बलुआ धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 9/1/1 (s)<br>10/1 (s)<br>11/1 (s) | 0.180 |
| 5 | मुलाम पिता बलुआ उर्फ बलराम धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 9/1/2 (s)<br>10/2(s)<br>11/3 (s) | 0.180 |
| 6 | लालसिंह पिता बलुआ उर्फ बलराम धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 9/1/3 (s)<br>10/3 (s)<br>11/4 (s) | 0.152 |
| 7 | धर्मराज पिता बलुआ उर्फ बलराम धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 9/1/5 (s)<br>10/5 (s)<br>11/6 (s) | 0.133 |
| 8 | कुंअर बाई वेवा गुलाबसिंह महेन्द्रसिंह भूमिस्वामी कमलसिंह सुरेन्द्रसिंह पिता गुलाब सिंह राजपूत सा. गरारू कुसुमबाई वेवा राजेन्द्रसिंह प्रशांतसिंह अंकाबाई पिता राजेन्द्र सिंह सा. गरारू | भूमिस्वामी | 5 (s) | 0.240 |
| 9 | ताराचन्द्र बलराम गजराज दौलत रामबाई उमाबाई यशोदाबाई पिता सूरत धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 12/4 (s) | 0.090 |
| 10 | सुरेश वल्द सोवरन कलार सा. गरारू | भूमिस्वामी | 13/1 (s) | 0.040 |
| 11 | रामप्रसाद पिता प्रेमनारायण कलार सा. गरारू | भूमिस्वामी | 13/2 (s) | 0.215 |
| 12 | दिनेश पिता देवलाल कलार सा. गरारू | भूमिस्वामी | 13/3 (s) | 0.150 |
| 13 | श्रीदेव रामजानकी मंदिर कुलभूषण सिंह वल्द शशिभूषण सिंह प्रबंधक जिला अध्यक्ष महोदय नरसिंहपुर जाति राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 14 (s) | 0.160 |
| 14 | टीकाराम पिता खरगराम ब्राम्हण सा. गरारू | भूमिस्वामी | 15 (s)<br>18/1 (s)<br>19/1 (s) | 0.057<br>0.054 |
| 15 | डब्बल तेजबल पिता दिब्बा तुलाराम वल्द पीतम टावल जानकी पिता चेतराम धानक सा. देह | भूमिस्वामी | 16 (s) | 0.040 |
| 16 | छोटेलाल पिता औंकार लोधी सा. गरारू | भूमिस्वामी | 18/2/1 (s)<br>19/2/1 (s) | 0.040 |
| 17 | तोड़ल पिता हल्के धानक सा. देह | भूमिस्वामी | 20/1/1 (s) | 0.008 |
| 18 | कीरत पिता हल्के धानक सा. देह | भूमिस्वामी | 20/1/2 (s) | 0.008 |
| 19 | बालाराम पिता दुर्जन धोबी सा. गरारू | भूमिस्वामी | 20/2 (s) | 0.024 |
| 20 | केशररानी पत्नि राघवेन्द्र सिंह राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 31 (s)<br>37 (s) | 0.603<br>0.130 |
| 21 | भगवानदास पिता ताराचंद धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 32 (s)<br>35/1/2(s) | 0.036<br>0.300 |
| 22 | बैनीप्रसाद कलोबाई हल्कीबाई छोटीबाई भूमिस्वामी गुड्डीबाई पिता मनका गम्मत आहिरऊ इमरतीबाई वेवा हनुमत राधेश्याम छोटेलाल सुकराम दशोदाबाई देवकाबाई शकुनबाई पिता हनुमत हाकम सरदार जीजीबाई जानकी बाई पिता परसादी उर्फ हरप्रसाद धानक हल्कीबाई वेवा रोशन चोलाराम जीजीबाई ओमवती बाई छोटलबाई पिता रोशन राधाबाई वेवा सरजू झलकन प्रहलाद दशरथ लालसिंह जमनाबाई पेराबाई वतीबाई गीताबाई मालतीबाई सविताबाई पिता सरजू गिरवर दिमान मुन्नीबाई पिता डम्मर मथुराबाई पिता लक्ष्मन लोचन कालूराम हेमंत मुन्नीबाई भूरीबाई पिता मुल्लू धानक सा. देह | भूमिस्वामी | 35/1/1 (s)<br>45/2 (s) | 0.040 |
| 23 | कलावतीबाई पत्नि गोविन्द सिंह राजपूत सा. देह | भूमिस्वामी | 35/1/3 (s)<br>35/1/4 (s) | 0.030<br>0.120 |
| 24 | लोचन सिंह कालूराम हेमन्त सिंह मुन्नीबाई भूमिस्वामी भूरीबाई पिता मुल्लू धानक सा. गरारू | भूमिस्वामी | 35/1/6 (s)<br>45/3 (s) | 0.140 |
| 25 | भानुप्रतापसिंह पिता अमोल सिंह राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 35/2 (s) | 0.700 |
| 26 | बृजभूषण सिंह पिता तोपसिंह राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 36 (s) | 0.178 |
| 27 | अर्जुन बलद सोवरन चौकसे सा. देह | भूमिस्वामी | 38 (s) | 0.130 |
| 28 | नरबदी बाई पत्नि कौशल किशोर राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 39 (s) | 0.225 |
| 29 | रामकली पत्नि तेजीलाल गोविन्द ममता मीना शैलेषबाई पिता तेजीलाल कलार सा. गरारू | भूमिस्वामी | 40 (s) | 0.194 |
| 30 | विश्वप्रतापसिंह पिता लक्ष्मन सिंह राजपूत भूमिस्वामी सा. कामथवार्ड कंदेली नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 106 (s)<br>107 (s)<br>108 (s)<br>109 (s) | 0.445 |
| 31 | निगमसिंह पिता जुगराजसिंह राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 111 (s)<br>145/1 (s) | 0.485 |
| 32 | दिनेश मुकेश कुमार पिता इमरतलाल पटेल भूमिस्वामी पता सा. मंडीरोड स्टेशनगंज नरसिंहपुर | भूमिस्वामी | 112/2 (s) | 0.485 |
| 33 | विकास सिंह पिता निगमसिंह राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 113/2 (s)<br>114/2 (s)<br>115/3 (s) | 0.004<br>0.255<br>0.494 |
| 34 | अभिषेक पिता जयप्रकाश राजपूत सा. गरारू | भूमिस्वामी | 115/2 (s) | 0.865 |
| 35 | कुसुमबाई पत्नि लाखनसिंह राजपूत सा. देह | भूमिस्वामी | 114/1 (s)<br>115/1 (s) | 0.089<br>0.049 |
| | कुल योग | | | 9.042 |

1. यह घोषणा हितबद्ध व्यक्तियों के आक्षेपों को सुनने और भूमि अर्जन, पुनर्वासन एवं पुनर्व्यवस्थापन में उचित प्रतिकर एवं पारदर्शिता अधिकार अधिनियम 2013 (2013 का 30 ) की धारा-15 में यथा उपबंधित सम्यक जांच करने के पश्चात की गयी है।
2. धारा-11 की प्रारंभिक अधिसूचना में सरल क्रमांक - 30 में खसरा नंबर - 43 / 2 प्रभावित रकबा 0.074 हेक्टयर का प्रकाशन कराया गया था। भौतिक सत्यापन में खसरा नंबर - 43 / 2 प्रभावित नही होने से धारा-19 की घोषणा में शामिल नही किया जा रहा है।
3. कार्यपालन यंत्री रानी अवंती बाई लोधी सागर नहर संभाग नरसिंहपुर के द्वारा प्रमाण पत्र प्रस्तुत किया गया है कि भू-अर्जन के कारण विस्थापित होने वाले संभावित कुटुम्ब की संख्या निरंक है, अत: इनके लिये पुनर्व्यवस्थापन के क्षेत्र चिन्हित करने का प्रश्न उदभूत नही होता है।
4. चिनकी बोरास बराज संयुक्त बहुउद्देशीय परियोजना के डूब क्षेत्र हेतु हितबद्ध व्यक्तियों में से किसी भी व्यक्ति का विस्थापन नही होने से धारा 19 की उपधारा (2) के तहत पुनर्वासन और पुनर्व्यवस्थापन स्कीम का सार प्रकाशित करने की आवश्यकता नही है।
5. उक्त भूमि के या उक्त भूमि के किसी भाग में पड़े कोयला, लौह पत्थर स्लेट या अन्य खनिजों की खानें है, खान और खनिज के ऐसे भागों में जिन्हे उस प्रयोजन, जिसके लिए भूमि अर्जित की जा रही है, की परियोजना के निर्माण चरण के दौरान खोदे जाने या हटाये या उपयोग किए जाने की अपेक्षा है, को छोडकर आवश्यक नही है।
6. अनुविभागीय अधिकारी (रा.) नरसिंहपुर के कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस को भूमि योजना का निरीक्षण किया जा सकता है।
(मणिन्द्र कुमार सिंह)
अनुविभागीय अधिकारी
G-20682/25
(रजनी सिंह)
कलेक्टर एवं पदेन उपसचिव
मध्यप्रदेश शासन राजस्व विभाग
जिला नरसिंहपुर (म.प्र.)



## एक दीवाने की दीवानियत के बाद अब एक्शन अवतार में दिखेंगे हर्षवर्धन

**नई दिल्ली।** बॉलीवुड अभिनेता हर्षवर्धन राणे इन दिनों अपनी फिल्म 'एक दीवाने की दीवानियत' के लिए खूब सुर्खियां बटोर रहे हैं। अब खबर है कि अभिनेता डायरेक्टर मिलाप जवेरी के साथ काम करने जा रहे हैं। यह नया प्रोजेक्ट एक हाई-एनर्जी मास एंटरटेनर बताया जा रहा है, जो दोनों की जोड़ी को एक बार फिर बड़े पर्दे पर लेकर आएगी। सोशल मीडिया पर हर्षवर्धन राणे ने अपनी तस्वीर साझा करते हुए एक पोस्ट किया। उन्होंने लिखा, 'मुझे मिलाप सर की स्क्रिप्ट पर पूरा भरोसा है, अगर वो मुझे कोई कहानी देंगे, तो मैं बिना सोचे साइन कर दूंगा।' इस पर डायरेक्टर मिलाप जवेरी ने भी तुरंत प्रतिक्रिया दी और कहा, 'मैंने तो ऑफर दे दिया है मेरे दोस्त!

लाइफ Style



# हुमा

## राजगद्दी के लिए ताकत झोकेंगी भारती देवी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

बॉलीवुड एक्ट्रेस हुमा कुरैशी 'महारानी 4' के साथ एक बार फिर ओटीटी पर धमाल मचाने के लिए तैयार हैं। इसका नया ट्रेलर सोशल मीडिया पर रिलीज कर दिया गया है। इस सीजन में पहले से भी ज्यादा राजनीतिक षड्यंत्र देखने को मिलेंगे।

भारती देवी हार मानने वाली नहीं हैं, बल्कि दिल्ली की कुर्सी तक पहुंचने की कोशिश करेंगी। 'महारानी 4' का लेटेस्ट ट्रेलर रिलीज हो गया है, जिसमें इस बार भारती देवी अकेली नहीं, बल्कि अपने कुनबे के साथ दिखाई दे रही हैं। सीरीज में भारती सिंह की बेटी और बेटे की एंट्री हो चुकी है। भारती सिंह की बेटी का किरदार श्वेता प्रसाद ने निभाया है, जो मां की विरासत को आगे बढ़ाने के लिए संघर्ष कर रही हैं, लेकिन इस बार भारती देवी दिल्ली की राजगद्दी यानी प्रधानमंत्री बनने की लड़ाई लड़ती नजर आएंगी। सीरीज में ट्विस्ट यह भी है कि 10 साल पुराने केस में भारती देवी को फंसाने की कोशिश की जाएगी। अब भारती देवी इन परिस्थितियों से कैसे लड़ती हैं, यह तो सीरीज देखने के बाद ही पता चलेगा।'महारानी 4' को सात नवंबर से सोनी लिव पर स्ट्रीम किया जाएगा. गौर करने वाली बात यह है कि सीरीज को बिहार चुनाव के दौरान स्ट्रीम करने का फैसला लिया गया है। 6 नवंबर को बिहार में पहले चरण के विधानसभा चुनाव हैं और 7 नवंबर से दर्शक सीरीज को देख पाएंगे. 'महारानी' का हर सीजन बिहार की राजनीति पर आधारित है और बिहार चुनाव के दौरान सीरीज को रिलीज करना मेकर्स के लिए फायदेमंद साबित हो सकता है।

हॉलीवुड मसाला



## शादी के 2 साल बाद बनीं मां

**लॉस एंजिल्स।** मार्वल सिनेमैटिक यूनिवर्स के 'कैप्टन अमेरिका' उर्फ हॉलीवुड एक्टर क्रिस इवांस पापा बन गए हैं। उनके घर में बेबी गर्ल की किलकारियां गूंजी है। वाइफ एल्बा बैप्टिस्टा शादी के दो साल बाद मां बनी हैं। लेकिन, किसी को भी उनकी प्रेग्नेंसी की कानोंकान खबर तक नहीं मिली। कपल ने 24 अक्टूबर 2025 को मैसाचुसेट्स में अपनी बेटी अल्मा ग्रेस बैप्टिस्टा इवांस का स्वागत किया। दोनों ने साल 2023 में शादी की थी। क्रिस और एल्बा दोनों ही अपनी पर्सनल लाइफ को लाइमलाइट से दूर रखते हैं।



## आज भी सुनाई देती है मैथ्यू की आवाज : केटलीन

**लॉस एंजिल्स।** हॉलीवुड के मशहूर एक्टर और 'फ्रेंड्स' फेम मैथ्यू पेरी को गुजरे लगभग दो साल हो चुके हैं, लेकिन उनके चाहने वालों और परिवार के लिए वो आज भी यादों में जिंदा हैं। हाल ही में मैथ्यू की बहन केटलीन मॉरिसन ने एक इंटरव्यू में बताया कि उन्हें आज भी अपने भाई की मौजूदगी महसूस होती है। कभी-कभी वो उनकी आवाज तक सुन सकती हैं मानो मैथ्यू अब भी उनके साथ हों। उन्होंने कहा, 'जब भी कुछ होता है, मैं सोचती हूं कि मैथ्यू इस पर क्या कहते और तभी ऐसा लगता है जैसे उनकी आवाज कानों में गूंज रही हो'। इसके बाद केटलीन ने मुस्कुराते हुए कहा, 'शायद वो यहीं हैं। कौन जानता है शायद आत्माएं सच में होती हैं।' इसके बाद कैटलिन ने हंसते हुए कहा, 'अगर ऐसा है तो अब हम साथ में मिट्टी के बर्तन बनाएंगे।'



## हमेशा चाहती थीं मृत्यु को समझना...

**मुंबई।** बॉलीवुड की मशहूर अभिनेत्री मनीषा कोइराला ने आज अपने सोशल मीडिया हैंडल पर एक भावुक पोस्ट शेयर किया है। इसमें उन्होंने बौद्ध शिक्षाओं और अध्यात्म के जरिए जीवन और मृत्यु को समझने की अपने सफर के बारे में बताया। मनीषा कोइराला ने गुरु मिंग्युर रिनपोछे के साथ कई तस्वीरें इंस्टाग्राम हैंडल पर शेयर कीं। इसके साथ ही मनीषा ने कैप्शन में लिखा, 'हमेशा मृत्यु को समझना चाहती थीं, ताकि उसका डर खत्म हो जाए।' मनीषा ने आगे किताब 'द तिब्बती बुक ऑफ लिविंग एंड डाइंग' की एक पंक्ति लिखी- 'आप वैसे ही मरते हैं जैसे आप जीते थे'। मनीषा ने अपनी इस पोस्ट में न्यिमा रिनपोछे से हुई मुलाकात के बारे में जिक्र करते हुए लिखा, '2008-09 में चोकी न्यिमा रिनपोछे से मिलीं। मैंने सवाल पूछा- 'मेरा जीवन उद्देश्य क्या?'



## डकैत और लव एंड वॉर में होगा मुकाबला

**मुंबई।** अदिवी शेष और मृणाल ठाकुर अभिनित फिल्म 'डकैत' की नई रिलीज डेट तय हो गई है। पहले यह फिल्म दिसंबर 2025 में रिलीज होने वाली थी, लेकिन शेष की चोट के कारण इसकी नई रिलीज डेट जारी की गई है। मृणाल ने अपनी आगामी फिल्म 'डकैत' का एक नया पोस्टर इंस्टाग्राम पर शेयर किया। 'डकैत' 19 मार्च, 2026 को, उगादि और ईद के अवसर पर सिनेमाघरों में रिलीज होगी। कथित तौर पर यह संजय लीला भंसाली की रोमांटिक ड्रामा फिल्म 'लव एंड वॉर' के आस पास रिलीज होगी, जिसमें आलिया भट्ट, रणबीर कपूर और विक्की कौशल मुख्य भूमिका में हैं। 'लव एंड वॉर' 20 मार्च, 2026 को रिलीज हो रही है। फिल्म 'डकैत' एक प्रेम कहानी है। शेष और मृणाल के अलावा फिल्म में अनुराग कश्यप की अहम भूमिका में नजर आएंगे।

टीवी मसाला



## नेहल ने बिग बॉस से बाहर आते ही फरहाना को बताया झगड़ालू

**मुंबई।** 'बिग बॉस 19' में इस बार दर्शकों को कई ऐसे मोड़ देखने को मिले, जिन्होंने सबको चौंका दिया। इस हफ्ते के 'वीकेंड का वार'में नेहल चुडासमा और बसीर अली को कम वोटों के आधार पर घर से बाहर कर दिया गया। शो में नेहल हमेशा अपने गेम और सच्ची दोस्ती के लिए जानी गईं। घर से बाहर आने के बाद नेहल ने बताया कि उनकी फरहाना भट्ट संग दोस्ती में कैसे दरारें आनी शुरू हुईं। नेहल चुडासमा ने अपने और फरहाना भट्ट के रिश्ते के बारे में बात की। दोनों की दोस्ती कुछ हफ्ते पहले तक काफी मजबूत थी और उन्होंने कई टास्क और मुश्किल हालातों में एक-दूसरे का साथ दिया, लेकिन कुछ समय बाद यह दोस्ती तनावपूर्ण होने लगी. नेहल का घर से बाहर होना फरहाना के लिए काफी भारी पड़ गया। उन्हें यह देखकर दुख हुआ और वह रोती हुई नजर आईं। वह नेहल के साथ अपने झगड़े को लेकर पछतावा करती दिखी। इस बारे में नेहल ने अपनी प्रतिक्रिया साझा की। उन्होंने कहा, फरहाना को पछतावा मेरे शो के जाने के बाद हुआ। मैं उसके इस इमोशन की कद्र करती हूं, लेकिन मेरे लिए इसकी कोई खास अहमियत नहीं है, क्योंकि यह मुझसे सीधे तौर पर नहीं कहा गया। फरहाना के खिलाफ नाराजगी जाहिर करते हुए नेहल ने कहा, मुझे फरहाना ने निराश किया, क्योंकि वह अक्सर बिना वजह झगड़ा करती थी, कोई क्लियर फैसला नहीं लेती थी और कई बार दूसरों को भड़काती थी। उसमें थोड़ा बहुत अहंकार भी था, इसलिए मेरा निराश होना लाजमी था।

### डिवोर्स की अफवाहों पर भड़कीं माही

**नई दिल्ली।** टेलीविजन की मशहूर एक्ट्रेस माही विज और एक्टर-होस्ट जय भानुशाली इन दिनों अपनी शादी को लेकर चर्चा में हैं। सोशल मीडिया पर यह अफवाह जोरों पर थी कि दोनों ने 14 साल की शादी के बाद तलाक ले रहे हैं। हालांकि, अब माही विज ने इन खबरों पर कड़ा रिएक्शन दिया है और इसे 'फॉल्स नैरेटिव'बताते हुए कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है। हाल ही में एक इंस्टाग्राम पेज ने दावा किया कि जय और माही ने जुलाई-अगस्त 2025 में तलाक के कागजात पर साइन कर दिए हैं। इतना ही नहीं, उनके तीनों बच्चों की कस्टडी भी तय हो गई है। इस पोस्ट पर माही विज ने सीधे तौर पर कॉमेंट करते हुए लिखा, 'झूठी खबें मत फैलाओ। मैं इसके खिलाफ कानूनी कार्रवाई करूंगी।' यह रिएक्शन सोशल मीडिया पर वायरल हो गया, जहां फैंस ने सपोर्ट किया। एक रिपोर्ट के मुताबिक, दोनों के रिश्ते में काफी समय से खटपट चल रही थी।



## इक्कीस का ट्रेलर रिलीज दिखी जवानों की दमदार कहानी

**मुंबई।** 'वो इक्कीस का था- इक्कीस का ही रहेगा' इस टैग लाइन से शुरू होगी कहानी। परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की कहानी पर आधारित फिल्म 'इक्कीस' का दमदार ट्रेलर बुधवार को रिलीज हुआ। ट्रेलर की शुरुआत होती है जोश और जुनून से भरे एक वादे के साथ। इस वादे को पूरे करने की शपथ लेते हैं अगस्त्य नंदा, जो फिल्म में परमवीर चक्र विजेता अरुण खेत्रपाल की भूमिका निभा रहे हैं। कुछ करने का जज्बा और फिर से अपनी बटालियन के लिए परमवीर चक्र वाले का वादा। फिल्म में बहादुरी, वीरता और पराक्रम के साथ एक प्यारी लव स्टोरी भी नजर आएगी। ट्रेलर में आगे अगस्त्य सैन्य प्रशिक्षण करते दिखाई देते हैं। आखिर में दिग्गज अभिनेता धर्मेंद्र उनके दादा के रूप में दिखाई देते हैं, जो बताते हैं कि कैसे बचपन में अरुण उनकी युद्ध की कहानियां सुना करते थे। फिल्म इक्कीस में धर्मेंद्र, जयदीप अहलावत, अगस्त्य नंदा, सिमर भाटिया, दीपक डोबरियाल, विवान शाह, सिकंदर खेर, राहुल देव के अलावा भी कई कलाकार नजर आएंगे। इस फिल्म को दिनेश विजान और मैडॉक फिल्म्स प्रस्तुत कर रहे हैं। इस फिल्म का निर्देशन श्रीराम राघवन ने किया है। 'इक्कीस', परमवीर चक्र विजेता लेफ्टिनेंट अरुण खेत्रपाल, सबसे कम उम्र के अधिकारी की कहानी से प्रेरित है। 'इक्कीस' 1971 के युद्ध की पृष्ठभूमि पर आधारित फिल्म है।



## वो टीचर, जिसने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर लिखे हिट गाने, 17 साल किया संघर्ष...

**नई दिल्ली।** बनारस की गलियों में जन्मे लालजी पांडेय एक शानदार गीतकार थे, जिन्हें सब 'अनजान' के नाम से जानते हैं। लालजी का कॅरियर जितना सुपरहिट रहा, उतने ही संघर्ष भरे उनके शुरुआती दिन थे। उन्होंने बच्चों को ट्यूशन पढ़ाकर अपनी दैनिक जरूरतें पूरी की थीं। बॉलीवुड में कदम रखने से पहले वह गणित के सवाल हल करवा कर अपने परिवार का पेट पालते थे।बचपन से ही उनके परिवार में कला और साहित्य का माहौल था। उनके परदादा राजाराम शास्त्री बड़े ज्ञाता थे और यही कला और शब्दों का रस उनके खून में भरा गया। उन्होंने बचपन में ही कविता और लेखनी की ओर रुचि दिखाई और बनारस के प्रसिद्ध कवि रुद्र काशिकेय से शिक्षा पाई।

***अनजान की शुरुआत :*** बनारस की पत्र-पत्रिकाओं में उनकी कविताएं छपने लगीं और स्थानीय काव्य गोष्ठियों में वह अपनी सुरीली आवाज में कविता पढ़कर लोगों का दिल जीतने लगे। उस जमाने में हरिवंश राय बच्चन की किताब 'मधुशाला' बहुत लोकप्रिय थी और अनजान ने उसका एक पैरोडी रूप 'मधुबाला' लिखा, जो नौजवानों में खूब मशहूर हुआ।



***क्यों आए मुंबई :*** मुंबई आने का फैसला उनके लिए स्वास्थ्य और करियर दोनों कारणों से जरूरी था। उन्हें अस्थमा की गंभीर बीमारी थी और डॉक्टरों ने कहा कि अगर वह शुष्क वातावरण में रहेंगे तो जिंदा नहीं रह सकते। इसलिए, उन्होंने समुद्र के किनारे कहीं बसने का निर्णय लिया और मुंबई का रुख किया। मुंबई आने के बाद अनजान को एक लंबा संघर्ष शुरू करना पड़ा। उनके बनारस के दोस्त शशि बाबू ने उन्हें गायक मुकेश से मिलवाया, जिन्होंने उनकी कविताओं को सुना और उन्हें फिल्मों में गीत लिखने के लिए प्रोत्साहित किया।

### ट्यूशन पढ़ाकर किया गुजारा

मुकेश की मदद से उन्हें प्रेमनाथ की फिल्म 'प्रिजनर ऑफ गोलकुंडा' में काम मिला। इस फिल्म के गाने अनजान ने लिखे, लेकिन यह फिल्म फ्लॉप रही, पर दर्शकों को गाने पसंद आए। यही वह दौर था जब अनजान को जीविका चलाने के लिए बच्चों को ट्यूशन पढ़ाना पड़ता था। ट्यूशन पढ़ाना उनके लिए सिर्फ पैसे कमाने का जरिया नहीं था, बल्कि यह उनके संघर्ष और मेहनत की कहानी का अहम हिस्सा भी था।

***17 साल का संघर्ष :*** उनकी मेहनत और लगन रंग लाई और 17 साल के लंबे संघर्ष के बाद उन्हें फिल्म 'गोदान'में मौका मिला। इस फिल्म के गीतों ने उन्हें पहचान दिलाई और उनके काम में स्थिरता आई। इसके बाद उन्हें राजेश खन्ना और मुमताज की फिल्म 'बंधन' में गाने लिखने का अवसर मिला, जिसमें उनका गीत 'बिना बदरा के बिजुरिया'बहुत मशहूर हुआ।

**अनजान के गाने :** इसके बाद उन्होंने कल्याणजी-आनंदजी, बप्पी लहरी, लक्ष्मीकांत-प्यारेलाल और आर.डी. बर्मन जैसे दिग्गज संगीतकारों के साथ काम किया। उन्होंने बॉलीवुड को 'खइके पान बनारस वाला', 'पिपरा के पतवा सरीखा डोले मनवा' और 'बिना बदरा के बिजुरिया'जैसे हिट गाने दिए। उनके गीतों में भोजपुरी और पूर्वांचल की मिठास झलकती थी।

## अपराध की दुनिया में इंसान की जान की कीमत एक गोली से ज्यादा नहीं

# इन फिल्मों-सीरीज में दिखीं ड्रग माफिया की कहानी

***नई दिल्ली।*** *ब्राजील एक बार फिर दुनिया की सुर्खियों में है। रियो डी जेनेरियो के दो इलाकों में ड्रग माफिया के खिलाफ पुलिस की सबसे बड़ी कार्रवाई हुई, जिसमें एक ही दिन में 64 लोगों की मौत और 81 गिरफ्तारियां हुईं। संयुक्त राष्ट्र मानवाधिकार कार्यालय ने इस पर चिंता जताई है। लेकिन, ब्राजील के इन अपराधी नेटवर्क्स की गहराई और भयावहता सिर्फ वास्तविक दुनिया में नहीं, बल्कि हॉलीवुड फिल्मों में भी कई बार दिखाई गई है। रियो की बस्तियों में पलने वाले अपराध और हिंसा की कहानियां कई फिल्मों के जरिए दुनिया भर के दर्शकों के सामने आई हैं। आइए जानते हैं किन-किन फिल्मों ने ब्राजील के ड्रग माफिया को पर्दे पर उतारा।*

**फास्ट फाइव (2011) :** 'फास्ट एंड फ्यूरियस' सीरीज की यह फिल्म रियो डी जेनेरियो में शूट की गई थी। इसमें एक शक्तिशाली ड्रग किंगपिन हेर्नन रेयेस को दिखाया गया है, जो शहर पर अपनी पकड़ बनाए रखने के लिए हर हद पार कर जाता है। तेज कारों, एक्शन और अपराध के बीच यह फिल्म ब्राजील की अंडरवर्ल्ड दुनिया का ग्लैमरस लेकिन खतरनाक रूप दिखाती है। इस फिल्म में विन डीजल, पॉल वॉकर और ड्वेन जॉनसन जैसे दिग्गज कलाकार शामिल हैं।

**सिटी ऑफ गॉड (2002) :** रियो डी जेनेरियो की झुग्गी बस्तियों में पलने वाले बच्चों की कहानी पर बनी यह फिल्म ब्राजील के अपराध तंत्र की सच्ची तस्वीर पेश करती है। निर्देशक फर्नांडो मीरेलेस ने दिखाया कि कैसे गरीबी और अपराध के बीच पैदा हुए बच्चे धीरे-धीरे गैंग वार्स में फंस जाते हैं। 'सिटी ऑफ गॉड' में हिंसा, डर और अपराध की वह दुनिया दिखाई गई है, जहां इंसान की जान की कीमत एक गोली से ज्यादा नहीं। इस फिल्म ने हॉलीवुड को दिखाया कि रियो की झोपड़ियों में कैसी खामोश जंग चल रही है।

**एलीट स्क्वाड (2007) :** जोस बस्टोस पडिल्हा के निर्देशन में बनी यह फिल्म ब्राजील की विशेष पुलिस यूनिट **BOPE** की कहानी है, जो ड्रग माफिया से जंग लड़ती है। इसमें दिखाया गया है कि पुलिस, राजनीति और अपराध की दुनिया कितनी गहराई से एक-दूसरे में उलझी है। 'एलीट स्क्वाड' ने उस सच्चाई को उजागर किया जिसे आम जनता शायद ही कभी जान पाती है। इस फिल्म को अंतरराष्ट्रीय स्तर पर जबरदस्त सराहना मिली और इसे ऑस्कर में सर्वश्रेष्ठ विदेशी फिल्म का सम्मान भी मिला।



**एलीट स्क्वाड: द एनिमी विदिन (2010) :** पहली फिल्म का सीक्वल होने के बावजूद इसने ब्राजील के भ्रष्ट राजनीतिक तंत्र और माफिया गठजोड़ को और भी गहराई से उभारा। कहानी में दिखाया गया है कि जब सत्ता और अपराध हाथ मिलाते हैं तो आम इंसान के लिए न्याय की कोई जगह नहीं बचती। यह फिल्म बताती है कि ब्राजील में ड्रग लॉर्ड्स सिर्फ गलियों में नहीं, बल्कि सत्ता के गलियारों में भी बैठे हैं।

**ट्रैश (2014) :** तीन गरीब बच्चों की मासूम कहानी के जरिए 'ट्रैश' ब्राजील के समाज की गहराई में छिपे अपराध और भ्रष्टाचार को उजागर करती है। जब बच्चे एक रहस्यमय बैग पाते हैं, तो उनके सामने खुलती है ड्रग और पैसे की वो दुनिया जो मौत से भी ज्यादा डरावनी है। स्टीफन डॉल्ड्री द्वारा निर्देशित यह फिल्म अपराध और इंसानियत के संघर्ष की कहानी कहती है।

***नार्कोस (2015–2017) :*** *हालांकि, यह सीरीज मुख्य रूप से कोलंबिया के कुख्यात ड्रग लॉर्ड्स पर केंद्रित है, लेकिन इसके कई हिस्सों में ब्राजील को कोकीन तस्करी के ट्रांजिट हब के रूप में दिखाया गया है। बाद के सीजन्स में ब्राजीलियन कनेक्शन और माफिया के विस्तार की झलक भी देखने को मिलती है।*

***7 प्रिजनर्स (2021) :*** *यह फिल्म अपराध की उस भयावह दुनिया को दिखाती है जहां गरीबी में जी रहे युवा ड्रग्स और मानव तस्करी के जाल में फंस जाते हैं। अलेक्जेंड्रे मोराटो द्वारा निर्देशित '7 प्रिजनर्स' आधुनिक ब्राजील की सच्चाई और वहां के अपराध नेटवर्क की गहराई को उजागर करती है।*

***आउटलॉ (2022) :*** *नेटफ्लिक्स की यह सीरीज एक युवा महिला की कहानी है जो रियो की फेवला में रहती है और अनजाने में एक खतरनाक ड्रग गैंग के जाल में फंस जाती है। 'आउटलॉ'सिर्फ अपराध की कहानी नहीं, बल्कि प्रेम, धोखे और शक्ति की उस लड़ाई को दिखाती है जो फेवला की तंग गलियों से निकलकर पूरी दुनिया में गूंजती है। यह सीरीज़ आधुनिक ब्राजील के अंधेरे और सशक्त दोनों पहलुओं को सामने लाती है।*

# आंवला नवमीं का पर्व आज

## महिलाएं रखेगी व्रत, करेगी परिक्रमा

जबलपुर।

आंवला नवमी के दिन ही आंवले का प्राकट्य हुआ था। इस दिन आंवले के वृक्ष के नीचे पूजा अर्चना करने से अक्षय पुण्य की प्राप्ति होती है, साथ ही अक्षय वृक्ष के नीचे भोजन करना इस दिन उत्तम माना जाता है। कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि को आंवला नवमी का पर्व मनाया जाता है, इसे अक्षय नवमी भी कहा जाता है। मान्यताओं के अनुसार, कार्तिक मास के शुक्ल पक्ष की नवमी तिथि से लेकर पूर्णिमा तिथि तक भगवान विष्णु आंवला के वृक्ष में निवास करते हैं इसलिए आंवला नवमी के दिन आंवला के वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है, जिससे आरोग्य, सुख, शांति और अखंड सौभाग्य की प्राप्ति होती है। अक्षय नवमी का शास्त्रों में वही महत्व बताया गया है, जो वैशाख मास की तृतीया यानी अक्षय तृतीया का महत्व है।



### आंवला नवमी पूजा विधि

आंवला नवमी के दिन सुबह स्नान व ध्यान करके आंवले के वृक्ष की पूजा करनी चाहिए। आंवले के पेड़ पर दूध, जल, अक्षत, सिंदूर व चंदन अर्पित करें। इसके बाद आंवला के पेड़ पर मौली बांधकर भगवान विष्णु के मंत्र का जप करना चाहिए। इसके बाद धूप दीप से आरती उतारें और 11 बार हाथ जोड़कर परिक्रमा करें। इस दिन कद्दू व सोने का दान देना बहुत शुभ माना जाता है, साथ ही गरीब व जरूरतमंद लोगों की मदद के लिए आगे आएं।

### आंवला नवमीं का महत्व

आंवला नवमी को कूष्मांडा नवमी और जगधात्री पूजा के नाम से भी जाना जाता है। शास्त्रों में बताया गया है कि आंवला नवमी के दिन किया गया पुण्य कार्य कभी खत्म नहीं होता है। इस दिन जो भी शुभ कार्य जैसे दान, पूजा, अर्चना, भक्ति, सेवा आदि की जाती हैं, उसका पुण्य कई जन्म तक मिलता है अर्थात इस दिन किए गए शुभ कार्यों का फल अक्षय होता है इसलिए इस तिथि को अक्षय नवमी के नाम से भी जाना जाता है। मान्यता है कि इस दिन ही द्वापर युग का आरंभ हुआ था और इस दिन से ही भगवान कृष्ण ने अपनी बाल लीलाओं को त्यागकर मथुरा चले गए थे। आंवला भगवान विष्णु को अत्यंत प्रिय फल है और आंवले के वृक्ष में सभी देवी देवता निवास भी करते हैं इसलिए इस वृक्ष की पूजा अर्चना की जाती है।

## म.प्र. शिक्षक संघ की संभागीय कार्यसमिति बैठक संपन्न

# शिक्षकों की समस्याओं के समाधान हेतु शंखनाद होगा

जबलपुर।



मध्य प्रदेश शिक्षक संघ जबलपुर संभागीय कार्यकारिणी की बैठक महानगर जबलपुर में संपन्न हुयी। इसमें जबलपुर संभाग के सभी नौ जिलों से आए मप्र शिक्षक संघ के पदाधिकारी, कार्यकर्ताओं ने शिक्षकों व शिक्षा की तमाम समस्याओं को रखकर उनके समाधान की रणनीति तैयार की। इस मौके पर संघ के सदस्यता अभियान 2025 की समीक्षा, जिलों में शिक्षक सदन निर्माण, बीएड प्रशिक्षणार्थियों को छात्रावास में ही अनिवार्यता आवास उपलब्धता जैसे विषय उठे। दोपहर 12 से शाम 5 बजे तक दो सत्रों में यह बैठक स्थानीय एमएलबी हायर सेकेण्डरी स्कूल में संपन्न। बैठक का आयोजन मप्र शिक्षक संघ जबलपुर के जिलाध्यक्ष आशीष तिवारी ने महानगर अध्यक्ष सुरेन्द्र रिछारिया के सौजन्य से किया था। बैठक में लंबे समय से लंबित, क्रमोन्नत, ई-अटेंडेंस, नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता, जबलपुर जिला-संभाग में शिक्षकों के हित लाभ के प्रति अधिकारियों की उदासीनता, जैसे विषय उठे, जिनके निराकरण हेतु कदम उठाने का निर्णय सर्वसम्मति से हुआ।



## भारतीय मजदूर संघ के राष्ट्रीय संगठन मंत्री का जबलपुर आगमन

**जबलपुर।** जबलपुर नगर निगम में संपन्न हुई बैठक में **BMS** के राष्ट्रीय संगठन मंत्री बी सुरेंद्रन व प्रदेश अध्यक्ष संजय सिंह ने नगर निगम कर्मचारियों की अनेक समस्याओं को संज्ञान में लिया। इस अवसर पर जिला जबलपुर की इकाइयों से पदाधिकारी उपस्थित हुए, सभी विभागों की समस्या पर ध्यान आकर्षित कर संगठन के विषय में विशेष चर्चा की गई। बैठक में प्रदेश मंत्री अजय विश्वकर्मा, विभाग प्रमुख राजकुमार नायक, जिला मंत्री अमर साडकर, कार्यालय मंत्री राजेश मार्वेकर, दिनेश उबेठ, रजनीश विश्वकर्मा, आकाश श्रीवास्तव, विजय जैन, एसएल बर्मन, राकेश कुंवर, शारदा गौतेल, विक्रम पारस, अखिलेश ग्रसिया, ओमप्रकाश गट सहित जिले की सभी इकाइयों के पदाधिकारी शामिल हुए।

# सूर्या हाफ मैराथन हेतु नागरिक प्रशासन के साथ संवाद



**हरिभूमि, जबलपुर।** मेजर जनरल संजय गौतम, चीफ ऑफ़ स्टाफ, मध्य भारत एरिया ने, 16 नवंबर 2025 को आयोजित होने वाली सूर्या हाफ मैराथन 2025 की तैयारियों की समीक्षा हेतु जबलपुर के प्रशासनिक अधिकारीयों एवं विभिन्न विभागों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक की।

बैठक में कार्यक्रम के सुचारू संचालन, मार्ग निर्धारण, यातायात प्रबंधन, सुरक्षा तथा नागरिकों से विशाल सहभागिता और पंजीकरण की अपील जैसे मुद्दों पर विचार-विमर्श हुआ। भारतीय सेना और नागरिक प्रशासन के बीच समन्वय को मज़बूत करते हुए, यह बैठक इस विशाल आयोजन से जुड़े सभी पहलुओं पर चर्चा का एक महत्वपूर्ण मंच साबित हुई। बैठक में शामिल जबलपुर के सभी प्रशासनिक अधिकारीयों ने आश्वासन दिया कि आयोजन की सुचारु और त्रुटिरहित व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु विभिन्न विभागों के प्रतिनिधि अपनी भूमिका निभाएंगे। आयोजन में अधिकतम सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न कॉलेजों, संस्थानों और मंचों से संपर्क किया जाएगा।

सूर्या हाफ मैराथन का यह तीसरा संस्करण है, जो कि हर साल जबलपुर में आयोजित होता है। देशभर से विभिन्न आयु वर्ग के प्रतिभागी उत्साहपूर्वक पंजीकरण कर रहे हैं। यह आयोजन फिटनेस, एकता और देशभक्ति की भावना का प्रतीक बन चुका है। मेजर जनरल संजय गौतम, चीफ ऑफ़ स्टाफ, मध्य भारत एरिया ने महाकौशल क्षेत्र एवं मध्य भारत के सभी नागरिकों से अपील की है कि वे पूर्ण उत्साह से पंजीकरण कर इस आयोजन का हिस्सा बनें।



## श्रीमद् भागवत कथा में पुस्तक 'श्री सत्यनारायण कथा' का विमोचन

**जबलपुर।** द्वारका नगर, घमापुर में जारी श्रीमद् भागवत कथा ज्ञान यज्ञ सप्ताह में वृंदावन से पधारे संत कविचंद्र दास जी महाराज के सान्निध्य में कथा के षष्ठम दिवस पर भगवान श्रीकृष्ण की बाल लीलाओं एवं रुक्मिणी विवाह प्रसंग का भावपूर्ण वर्णन किया गया। कथा श्रवण से भक्तजन भावविभोर हो उठे।कथा उपरांत मुख्य यजमान श्रीमती मिथलेश गौरीशंकर नायक द्वारा बुंदेली भाषा में रचित काव्यात्मक पुस्तक "श्री सत्यनारायण कथा" का विमोचन पूज्य संत कविचंद्र दास जी महाराज के करकमलों से किया गया। व्यासपीठ से पुस्तक की प्रशंसा करते हुए कहा गया कि यह रचना बुंदेलखंड की सांस्कृतिक विरासत को जीवंत करती है।कार्यक्रम के समापन पर प्रसाद वितरण किया गया। आयोजन में अतुल–अनु, मनीष–पूजा, श्वेता–कृष्ण, अमित–प्रतिभा, अभिषेक–स्वाति नायक, आराध्य, अथर्व, श्रेष्ठ, अर्जित तथा रेखा–उमेश चौबे का विशेष सहयोग रहा।

## सुनील यादव बने जागरूक खेल संघ के संरक्षक



**जबलपुर।** मध्य प्रदेश जागरूक खेल संघ के प्रदेश अध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने एक प्रेस विज्ञप्ति के माध्यम से बताया कि पूर्व में ख्याति प्राप्त हॉकी खिलाड़ी और एमपीईबी से सेवानिवृत्त सुनील यादव की खेल के प्रति समर्पित भावना, खेल भावना और लम्बे समय से देते आ रहे उनके योगदान को देखते हुए आज जागरूक खेल संघ के सभी पदाधिकारियों की उपस्थिति में सर्वसम्मति से सुनील यादव को जागरूक खेल संघ का संरक्षक नियुक्त किया गया।



## नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा हेतु हर 15 मिनट में बसें, भक्तों को मिलेगा 15% किराया छूट

**जबलपुर।** भेड़ाघाट महाकुंभ के तहत नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा का शुभारंभ 5 नवंबर, कार्तिक पूर्णिमा को प्रातः 8:30 बजे हरे कृष्णा आश्रम, भेड़ाघाट से पूज्य संत-महात्माओं एवं शहीद परिवारों के सान्निध्य में किया जाएगा।नर्मदा पंचकोशी परिक्रमा समिति के अध्यक्ष एवं नर्मदा महाआरती के संस्थापक डॉ. सुधीर अग्रवाल तथा "चलो सीओ" के सचिन विश्वकर्मा ने बताया कि नर्मदा भक्तों की सुविधा के लिए हर 15 मिनट में बसें दमोह नाका, बलदेवबाग चौक, पनागर, बरेला आदि क्षेत्रों से चलेंगी, जिनका संगम तीन पत्ती चौक पर होगा। भक्तों को किराए में 15% की छूट दी जाएगी।तीन पत्ती चौक से हर 10 मिनट में शास्त्री ब्रिज, दशमेश द्वार, त्रिपुरी चौक और मेडिकल क्षेत्र से भी भेड़ाघाट के लिए बसें उपलब्ध रहेंगी। सभी बसों की एक दिन पूर्व धुलाई कर उन्हें स्वच्छ रखा जाएगा। नर्मदा भक्तों को यात्रा का किराया स्वयं वहन करना होगा।

## साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

### पूर्व क्षेत्र कंपनी में 'साइबर जागरूक भारत' थीम पर सत्र सम्पन्न

**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड, जबलपुर द्वारा आज राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह (**National Cyber Security Awareness Month - NCSAM**) के अंतर्गत एक साइबर सुरक्षा जागरूकता कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम केंद्रीय प्रशिक्षण संस्थान (**CTI**), नयागांव, जबलपुर में आयोजित किया गया।कार्यक्रम का आयोजन कंप्यूटर सिस्टम्स एवं ऑटोमेशन विभाग के तत्वावधान में तथा सी-डैक (**C-DAC**) के सहयोग से किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य कर्मचारियों में साइबर सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाना, साइबर जोखिमों से बचाव की रणनीतियों को समझना एवं सुरक्षित डिजिटल व्यवहार को प्रोत्साहित करना था।



## गोपाष्टमी पर त्रिमूर्ति नगर में भव्य हरिनाम संकीर्तन

**जबलपुर।** कार्तिक मास की गोपाष्टमी के पावन पर्व पर चैतन्य महाप्रभु संकीर्तन मंडल, जाबालीपुरम के तत्वावधान में त्रिमूर्ति नगर स्थित वर्षा-मनोज तिवारी के निवास पर भव्य हरिनाम संकीर्तन का आयोजन किया गया। संकीर्तनाचार्य पं. मनमोहन दिए के सान्निध्य में हुए कार्यक्रम में भक्तजन हरिनाम संकीर्तन की सुरधुनियों पर भावविभोर होकर झूम उठे। मातृशक्ति द्वारा दीपावली गीत प्रस्तुत किए गए। इस अवसर पर संयोजक देवेंद्र नेमा, पार्षद मृदुबाला राजपूत सहित पं. देवेंद्र त्रिपाठी, सत्यप्रकाश नामदेव, विनीता शर्मा, मधु मिश्रा, शशि तिवारी, सुरेन्द्र गिरी, सत्यनारायण दुबे, अमित विश्नोई, नरेश गुजराती, अनिल सुहाने सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।

## कतिया समाज का राष्ट्रीय वार्षिक साधारण कार्यक्रम संपन्न

जबलपुर।



अखिल भारतीय कतिया समाज महासंघ, राष्ट्रीय संगठन की वार्षिक साधारण की 6वीं बैठक, सेमिनार, सम्मान समारोह, राष्ट्रीय अध्यक्ष एच.एस. महले "राजकुमार" की अध्यक्षता में रविवार को भगवान शंकर जी एवं कतिया समाज के आराध्य संत भूरा भगत जी आरती पूजन के साथ प्रारम्भ हुई। मुख्य अतिथि सुरेश आरसे सेवानिवृत्त जिला एवं सत्र न्यायधीश जबलपुर रहे, विशिष्ट आतिथि राष्ट्रीय संयोजक वीरेन्द्र वेलवंशी पिपरिया, राष्ट्रीय संरक्षक अनिल महलगांवन, वरिष्ठ समाज सेवी सुरेश चाँद नाग, दीपचंद भानारे, प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ संतोष शिवजी, के समक्ष राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष सुखनंदन शिव बिलासपुर एवं उपकोषाध्यक्ष दिनेश नाग के द्वारा वर्ष 2024-25 का आय-व्यय प्रस्तुति किया गया जो सराहनीय रहा। राष्ट्रीय स्तरीय सामाजिक मुद्दों (एजेंडा) पर चर्चा उपरांत पारित किया गया जिसमें मुख्य रूप से समाज में व्याप्त कुप्रथा मृत्यु भोज और व्यौहार में कपड़ा प्रथा को बंद करने के साथ संत भूरा भगत जी के नाम से सिवनी में विधि कालेज खोलने, कतिया समाज की विशेष पहचान, सामाजिक जनगणना, युवा बेरोजगार को छोटे उद्योगों के प्रशिक्षण कार्यशाला, समाज में वैवाहिक परंपराएं रीति-रिवाज में एकरूपता लाना, समाज के बच्चों को उच्च शिक्षा पर मार्गदर्शक मंडल का निर्माण कर उच्च शिक्षा आदि पर चर्चा उपरांत सभी प्रस्ताव को सर्वसम्मति से पारित किया गया।

कार्यालय संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर

भूखण्ड हस्तांतरण हेतु सूचना

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री हाकम सिंह साहू पिता श्री एल.पी. साहू. के द्वारा सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर में भवन क्रमांक एल.आई.जी. ई. एल. -62 के हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया गया है। वर्तमान में उक्त भूखण्ड श्री हीरेश कोष्टा पिता परसराम कोष्टा के नाम आवंटित है। श्री हीरेश कोष्टा पिता परसराम कोष्टा के प्राप्त आवेदन एवं निर्धारित दस्तावेज के आधार पर उक्त भूखण्ड श्री हाकम सिंह साहू पिता श्री एल. पी. साहू के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जाना है। यदि किसी व्यक्ति / संस्था को उक्त भूखण्ड के हस्तांतरण बाबत् आपत्ति हो तो इस सूचना के प्रकाशित होने से 15 दिवस के अंदर लिखित एवं वैद्य आपत्ति सप्रमाण स्वयं उपस्थित होकर अथवा पंजीकृत डाक से प्रस्तुत कर सकते हैं। निर्धारित अवधि में किसी भी प्रकार की आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर सुभाष नगर महाराजपुर कालोनी जबलपुर स्थित भवन क्रमांक एल.आई.जी. ई. एल. - 62 श्री हाकम सिंह साहू पिता श्री एल. पी. साहू के नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जावेगी एवं भविष्य में किसी भी प्रकार की कोई आपत्ति / दावा मान्य नही होगा।

संपदा अधिकारी
म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मण्डल, प्रक्षेत्र जबलपुर



## स्वच्छता अभियानः सफाई मित्रों का सम्मान व प्रश्नमंच का आयोजन

**जबलपुर।** पश्चिम मध्य रेल मुख्यालय के यांत्रिकी विभाग द्वारा स्वच्छता अभियान-2025 के तहत बुधवार को विशेष कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रमुख मुख्य यांत्रिक इंजीनियर श्री एम. विजय कुमार की अध्यक्षता में हुए इस कार्यक्रम में सफाई मित्रों का सम्मान एवं स्वच्छता प्रश्नमंच (क्विज़) का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में वरिष्ठ उप महाप्रबंधक नीरज कुमार सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। महाप्रबंधक श्रीमती शोभना बंदोपाध्याय ने स्वच्छता में योगदान के लिए 55 सफाई मित्रों को सम्मानित किया।स्वच्छता प्रश्नमंच में 70 से अधिक अधिकारियों व कर्मचारियों ने भाग लिया। मुख्य यांत्रिक इंजीनियर (इएनएचएम) श्री पाराशर ने बताया कि स्वच्छता अभियान का उद्देश्य रेलवे परिसर में स्वच्छता के प्रति जागरूकता बढ़ाना है।

## इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 के प्रारूप पर मांगे गए अभिमत

**जबलपुर।** इलेक्ट्रिसिटी (संशोधन) बिल 2025 के प्रारूप पर मांगे गए अभिमत पर बताया गया कि बिजली अधिनियम 2003 की धारा 43 तथा धारा 61(जी) में प्रस्तावित संशोधन एक-दूसरे के विरोधभासी हैं, इससे उपभोक्ताओं को राहत नहीं मिलेगी, बिजली रेट बढ़ते ही रहेंगे। इलेक्ट्रिसिटी एक्ट की धारा 43 में संशोधन कर नई उपधारा 4 जोड़ी गई है, इससे वितरण लाइसेंसी को सभी उपभोक्ताओं को यूनिवर्सल सर्विस आब्लीगेशन (यूएसओ) के तहत बिजली सप्लाई करने की अनिवार्यता में छूटी दी गई है। इससे बिजली पूर्ति हेतु बढ़े हुए फिक्स्ड लागत से बिजली खरीदना नहीं पड़ेगी। इस संशोधन से दावा किया गया कि बढ़ी हुई लागत घटेगी तथा बिजली के रेट घटेंगे। इस दावे के उलट दूसरा संशोधन किया गया है। धारा 61(जी) में संशोधन कर टैरिफ को बिजली सप्लाई की लागत पर आधारित करना प्रस्तावित है। इस हेतु सुप्रीम कोर्ट के वर्ष 2025 के निर्देशों का हवाला दिया गया है।

## अरुण कान्त टीबड़ेवाला को रोटरी अंतर्राष्ट्रीय द्वारा सर्वोच्च सेवा सम्मान



जबलपुर।

शेखावाटी अग्रवाल समाज जबलपुर के पूर्व अध्यक्ष एवं वरिष्ठ संस्थापक सदस्य अरुण कान्त टीबड़ेवाला को रोटरी अंतर्राष्ट्रीय द्वारा सर्वोच्च सेवा सम्मान के लिए चयनित किया गया। इस सम्मान से उन्हें मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव द्वारा जनसमारोह में अलंकरण प्रदान किया गया। समारोह में शेखावाटी अग्रवाल समाज के संरक्षक पुरुषोत्तम पोद्दार ने कहा कि यह न केवल अरुण कान्त और उनके परिवार के लिए अपूर्व उपलब्धि है, बल्कि इससे शेखावाटी अग्रवाल समाज, संस्कारधानी जबलपुर और पूरे प्रदेश का गौरव बढ़ा है। पोद्दार ने आशा व्यक्त की कि अरुण कान्त की बहुआयामी और विलक्षण प्रतिभा मानवता की सेवा हेतु प्रेरणा स्त्रोत बनेगी। इस अवसर पर अध्यक्ष पवन बगड़ोदिया, सचिव सौरभ सेक्सरिया और भरत बजाज के प्रयास सराहनीय रहे।

## मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना सम्मेलन 23 जनवरी 2026 को

**जबलपुर।** नगर निगम सीमा अंतर्गत 23 जनवरी 2026 को मुख्यमंत्री कन्या विवाह-निकाह योजना अंतर्गत सामूहिक विवाह का आयोजन किया जा रहा है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने समस्त अविवाहित युवक-युवतियों से विनम्र अपील की है, कि विवाह-निकाह योजना के अंतर्गत पंजीयन कराने के लिए सभी संभागीय कार्यालयों से आवेदन पत्र प्राप्त कर आवश्यक सभी दस्तावेजों को संलग्न करते हुए दिनांक 03 जनवरी 2026 तक कार्यालय में जमा करें, ताकि आप सभी अविवाहित युवक युवतियों को योजना का लाभ मिल सके।

CHANGE OF NAME
I, Army No. 15476299L Rank EX LD RAJESH KUMAR PATEL, son of BALMIKI PRASAD PATEL, presently residing at H. No. 1818/1, REWA COLONY, RAMPUR CHHAPAR JABALPUR M.P.- 482008, I have changed of my daughter name from ANCHAL PATEL (name as per my army service records) to AANCHAL PATEL (name my daughter as per AADHAR CARD) vide Affidavit dated in 27/10/2025 format) before SUBHASHISH CHATTERJEE Public notary, JABALPUR M.P.
CORRECT NAME
AANCHAL PATEL
INCORRECT NAME
ANCHAL PATEL

औद्योगिक उत्थान को लेकर भारत को चीन का उदाहरण लेना चाहिए

# भारत को अगली औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व करना चाहिए: सुमन बेरी

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



नीति आयोग के उपाध्यक्ष सुमन बेरी ने बुधवार को कहा कि अगली औद्योगिक क्रांति ग्रीन हाइड्रोजन, इलेक्ट्रिक मोबिलिटी, सेमीकंडक्टर और एडवांस मटेरियल जैसे उद्योगों से परिभाषित होगी और इस औद्योगिक क्रांति का नेतृत्व भारत द्वारा किया जाना चाहिए। इंस्टीट्यूट फॉर स्टडीज इन इंडस्ट्रियल डेवलपमेंट (आईएसआईडी) द्वारा आयोजित एक कॉन्फ्रेंस में बेरी ने कहा कि औद्योगिक उत्थान को लेकर भारत को चीन का उदाहरण लेना चाहिए और अपने लिए एक अलग और खास मार्ग तैयार करना चाहिए।

### अगला चरण राज्य और जिला प्रधान होना चाहिए

*उन्होंने कहा कि सुधारों के अगले चरण में मजबूत सप्लाई चेन, गुणवत्ता मानकों और स्किल इकोसिस्टम के विकास को प्राथमिकता दी जानी चाहिए। इससे छोटे उद्यमों को विस्तार करने और ग्लोबल प्रोडक्शन नेटवर्क में इंटीग्रेट करने का अवसर मिलेगा। बेरी ने कहा कि भारत की औद्योगिक रणनीति का अगला चरण राज्य और जिला-प्रधान होना चाहिए, जिसमें क्षेत्रीय इंडस्ट्रियल क्लस्टर का निर्माण हो। उन्होंने आगे कहा कि भारत ने बड़े पैमाने पर सुधारों में प्रगति हासिल की है।*

2047 तक तकनीकी आत्मनिर्भरता के लिए भूमिका निभाने किया प्रोत्साहित

# एसआरएम यूनिवर्सिटी-एपी का दीक्षांत समारोह संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चेन्नई

एसआरएम विश्वविद्यालय-एपी ने अपने 5वें दीक्षांत समारोह का आयोजन मुख्य अतिथि प्रो. (डॉ.) कोठा मधु मूर्ति, अध्यक्ष, आंध्र प्रदेश राज्य उच्च शिक्षा परिषद (एपीएससीएचई), संस्थापक कुलाधिपति डॉ. टी आर पारीवेंद्र, प्रो-कुलपति डॉ. पी सत्यनारायणन, कुलपति प्रो. सीएच सतीश कुमार, बोर्ड ऑफ गवर्नर्स के सदस्य; प्रबंधन




बोर्ड, रजिस्ट्रार डॉ. आर प्रेमकुमार; परीक्षा नियंत्रक, शैक्षणिक और अनुसंधान परिषद,सभी स्कूलों के डीन, निदेशक, पूर्व छात्र, संकाय सलाहकार और गौरवान्वित अभिभावकों की गरिमामयी उपस्थिति में किया। प्रो. सीएच सतीश कुमार ने अपने स्वागत भाषण में कहाकि स्नातक होना किसी के जीवन के सबसे महत्वपूर्ण पड़ावों में से एक होता है। मुख्य अतिथि प्रो. मधु मूर्ति ने 2025 के स्नातक वर्ग को दीक्षांत भाषण देते हुए कहाकि आंध्र प्रदेश भारत के एआई परिवर्तन में एक प्रमुख भूमिका निभा रहा है।

## निर्माण कार्य शुरू, करीब 30 लाख रुपए की लागत से दो माह में तैयार होगा

# भोपाल दुग्ध संघ के प्लांट गेट पर स्थित पार्लर अब सांची फैमिली रेस्टोरेंट यानी कैफे में बदलेगा

वाणिज्य प्रतिनिधि ▶▶ भोपाल

भोपाल दुग्ध संघ के मुख्य प्रवेश द्वार स्थित पार्लर को अब सांची फैमिली रेस्टोरेंट में बदला जाएगा। यह बदलाव का नवाचार खुद भोपाल सहकारी दुग्ध संघ ने शुरू किया है।

किफायती दाम पर शुद्ध, गुणवत्तायुक्त सांची दूध और दुग्ध उत्पाद उपलब्ध कराने में महारथ हासिल कर शहरवासियों के साथ समूचे मध्यप्रदेश में लोकप्रियता हासिल करने वाला एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) भोपाल से संबद्ध भोपाल सांची दुग्ध सहकारी संघ ने नवाचार को मूर्तरूप देने में जुट गया है। सांची कैफै के रूप में तब्दील करने का कार्य संघ ने शुरू करवा दिया है।

**खास बातें**

- सांची कैफे में दूध सहित सभी दुग्ध उत्पाद, मिष्ठान और सांची अन्य उत्पाद किफायती दाम पर मिलेंगे
- जहां शहरवासी अपनी फैमिली के साथ एंजाय कर सकेंगे
- सुरक्षित और सुंदर फैमिली रेस्टोरेंट में मिलेंगे शुद्ध सांची घी से तले हुए समोसे, पनीर पकोड़े, जलेबी,रबड़ी सहित अन्य खाद्य सामग्री और अन्य डेयरी उत्पाद


अभी का सांची पार्लर


दो महीने बाद ऐसा दिखेगा

### आधुनिक लुक देने रेनोवेशन का कार्य प्रारंभ

भोपाल दुग्ध संघ की मुख्य कार्यपालन अधिकारी (सीईओ) प्रीतेश जोशी ने बताया कि रानी कमलापति स्टेशन स्थित सांची दुग्ध संघ प्लांट के प्रवेश द्वार पर संचालित सांची



पार्लर को आधुनिक लुक देने के साथ यहां इस फैमिली रेस्टोरेंट में स्थापित करने के लिए रेनोवेशन का कार्य शुरू करवा दिया गया है। सीईओ प्रीतेश जोशी ने सांची कैफे और फैमिली रेस्टोरेंट के रूप में पार्लर को बदले जाने की लागत खर्च 30 लाख रुपए है। जो अगले दो महीने में तैयार हो जाएगा। यह आधुनिकता और सुंदरता से ओतप्रोत होगा।

*सांची कैफे में चारों तरफ हरियाली युक्त वातावरण कोल्ड स्टोरेज स्थापित होने के साथ यह आधुनिकता और सुंदरता से ओतप्रोत होगा*

### सभी दुग्ध संघों के प्रवेश द्वार पर स्थित पार्लर होंगे भोपाल की तर्ज पर आधुनिक : गोवाणी

एमपी स्टेट कोआपरेटिव डेयरी फेडरेशन लिमिटेड (एमपीसीडीएफ) के प्रबंध संचालक संजय गोवाणी ने बताया कि



भोपाल दुग्ध की तर्ज पर इंदौर, जबलपुर, ग्वालियर, उज्जैन सहित सभी दुग्ध संघों के फैक्ट्री गेट पर संचालित सांची पार्लर को आधुनिक लुक देते हुए सांची कैफे में तब्दील किया जाएगा। प्रबंध संचालक गोवाणी ने बताया कि नेशनल डेयरी डेवलपमेंट बोर्ड ने 13 अप्रैल को दुग्ध संघ की जिम्मेदारी ली थी। इसके बाद दूध संग्रहण और बिक्री दोनों में बड़ा सुधार हुआ है। इस सफलता के पीछे सबसे बड़ा कारण ईआरपी सिस्टम है, जिससे किसानों को समय पर भुगतान हो रहा है।

# साम्प्रे न्यूट्रिशन्स ने रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स के साथ किया मेन्युफेक्चरिंग एग्रीमेन्ट

**तेलंगाना।** कन्फेक्शनरी निर्माता साम्प्रे न्यूट्रिशन्स लिमिटेड (BSE: 530617) ने रिलायंस कंज्यूमर प्रोडक्ट्स लिमिटेड (RCPL) के साथ न्यूट्रास्युटिकल और फूड प्रोडक्ट्स के निर्माण व आपूर्ति हेतु 8 अक्टूबर 2025 को समझौता किया है। इस करार से कंपनी को अगले तीन वर्षों में सालाना 12–15 करोड़ रुपये का कारोबार होने की उम्मीद है। इसके तहत साम्प्रे, RCPL के मानकों के अनुसार हार्ड-बॉयल्ड कन्फेक्शनरी, लॉलीपॉप व टॉफ़ी जैसे उत्पादों का निर्माण, पैकिंग और सप्लाई करेगी।हाल ही में कंपनी ने 4 मिलियन अमेरिकी डॉलर (लगभग 355 करोड़) के फॉरेन करंसी कन्वर्टिबल बॉन्ड (FCCB) जारी करने को मंजूरी दी है, जिससे ईजिप्त

SAMPRE
Sampre Nutrition Limited

और लाइबेरिया जैसे उभरते बाजारों में विस्तार किया जाएगा। साम्प्रे ने नाइजीरिया की तोलाराम वेलनेस लिमिटेड और रामा एक्सपोर्ट्स के साथ भी मेन्युफेक्चरिंग समझौते किए हैं, जिनसे क्रमशः 30 करोड़ और 15 करोड़ के कारोबार की उम्मीद है। वित्त वर्ष 2026 की पहली तिमाही में कंपनी ने 10.87 करोड़ का राजस्व और 70.76 लाख का नेट प्रॉफिट दर्ज किया, जो पिछले वर्ष की तुलना में क्रमशः 141% और 615% की वृद्धि है।

रिजर्व बैंक के पास 9 लाख किलो सोना

# वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में 880.18 मीट्रिक टन हो गया

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली

भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार पिछले 12 महीनों में सितंबर 2025 तक 25.45 मीट्रिक टन बढ़कर 880 मीट्रिक टन (करीब 9 लाख किलो) हो गया। केंद्रीय बैंक का गोल्ड रिजर्व सितंबर 2024 के अंत में उसके भंडार 854.73 मीट्रिक टन से बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में 880.18 मीट्रिक टन हो गया। इसमें 25.45 मीट्रिक टन की वृद्धि हुई। केंद्रीय बैंक ने जारी एक छमाही रिपोर्ट में यह बात कही है।

### आरबीआई बीते 6 महीनों में विदेशों में रखा अपना 64 टन सोना वापस भारत लाया

भारतीय रिजर्व बैंक देश की संपत्ति को सुरक्षित रखने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठा




रहा है। इस वर्ष मार्च से सितंबर तक की अवधि में केंद्रीय बैंक ने विदेशों में रखा अपना 64 टन सोना वापस मंगवा लिया है। यह कदम ऐसे समय में उठाया गया है जब दुनिया भर के देश भू-राजनीतिक दबाव के हथियार के तौर पर फाइनेंशियल बैन और एसेट फ्रीज का इस्तेमाल कर रहे हैं। आरबीआई के पास 880.8 टन सोना है। इसमें से 575.8 टन का एक बड़ा हिस्सा भारत में सुरक्षित रखा गया है। इसके अलावा, 290.3 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड और बैंक ऑफ इंटरनेशनल सेटलमेंट्स के पास रखा गया है। वहीं, 14 टन सोना गोल्ड डिपॉजिट अरेंजमेंट का हिस्सा है।

# इस्मा ने की एथेनॉल का कोटा बढ़ाने की मांग

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



चीनी उद्योग ने वर्ष 2025-26 सत्र के लिए एथेनॉल आपूर्ति अनुबंधों में बड़ी हिस्सेदारी की मांग की है। उद्योग के एक निकाय ने बुधवार को यह जानकारी दी। भारतीय चीनी एवं जैव-ऊर्जा निर्माता संघ (इस्मा) ने कहा कि चीनी मिलों को केवल 289 करोड़ लीटर एथनॉल आवंटित किया गया है - जो कुल 1,050 करोड़ लीटर की आवश्यकता का 28 प्रतिशत है, जबकि अनाज आधारित भट्टियों को 760 करोड़ लीटर या 72 प्रतिशत एथनॉल मिला है।

इस्मा ने कहा कि चीनी क्षेत्र द्वारा 900 करोड़ लीटर से अधिक एथनॉल क्षमता बनाने के लिए 40,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश करने के बावजूद आवंटन कम है।

- वर्ष 2025-26 सत्र के लिए आपूर्ति अनुबंधों की बड़ी हिस्सेदारी मांगी
- चीनी मिलों को केवल 289 करोड़ लीटर एथेनॉल आवंटित किया गया

*चीनी के एमएसपी में वृद्धि की मांग : इस्मा चीनी-आधारित फीडस्टॉक्स के लिए कम से कम 50 प्रतिशत आवंटन की मांग कर रहा है और वर्ष 2025-26 सत्र (नवंबर-अक्टूबर) के लिए पूरक निविदा में लगभग 150 करोड़ लीटर आवंटन की उम्मीद कर रहा है। उद्योग ने चीनी के न्यूनतम विक्रय मूल्य (एमएसपी) में भी वृद्धि की मांग की है, जो फरवरी 2019 से 31 रुपये प्रति किलोग्राम पर अपरिवर्तित है।*

# वैश्विक चावल सम्मेलन 30 अक्टूबर से दिल्ली में

एजेंसी ▶▶ नई दिल्ली



भारत की पहली कृत्रिम मेधा (एआई)-आधारित चावल छंटाई प्रणाली का अनावरण बृहस्पतिवार से शुरू हो रहे दो दिवसीय भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) 2025 में किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य देश के चावल निर्यात में सटीकता, दक्षता और वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना है। भारतीय चावल निर्यातक महासंघ (आईआरईएफ) ने बुधवार को बयान में कहा कि 30-31 अक्टूबर को भारत मंडपम में आयोजित होने वाला भारत अंतरराष्ट्रीय चावल सम्मेलन (बीआईआरसी) 2025, वैश्विक चावल क्षेत्र में भारत के बढ़ते नेतृत्व को उजागर करेगा। इस कार्यक्रम में देश की पहली कृत्रिम मेधा (एआई)-आधारित चावल छंटाई प्रणाली की सजीव पेशकश भी होगी। इस सम्मेलन में 80 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे, जिनमें शीर्ष वैश्विक चावल आयातक, निर्यातक, वैज्ञानिक और नीति-निर्माता शामिल हैं। कृषि एवं प्रसंस्कृत खाद्य उत्पाद निर्यात विकास प्राधिकरण (एपीडा) इस आयोजन को गैर-वित्तीय सहायता प्रदान कर रहा है। बीआईआरसी 2025 का एक विशेष आकर्षण कई राज्यों के 17 किसानों को अंतरराष्ट्रीय खरीदारों द्वारा सम्मानित करना होगा, जो चावल की खेती में गुणवत्ता, नवाचार और स्थिरता में उनके योगदान को मान्यता देंगे।

- एआई-आधारित छंटाई प्रणाली का प्रदर्शन: आईआरईएफ
- पहल का उद्देश्य वैश्विक प्रतिस्पर्धात्मकता को बढ़ावा देना

### 172 से अधिक देशों को चावल का निर्यात

वर्ष 2024-25 में, भारत ने 12.95 अरब डॉलर मूल्य के 2.01 करोड़ टन चावल का निर्यात किया, जो 172 से अधिक देशों तक पहुंचा। आईआरईएफ के राष्ट्रीय अध्यक्ष प्रेम गर्ग ने कहा, ''बीआईआरसी, भारतीय किसानों की वैश्विक स्वीकृति और अंतरराष्ट्रीय मंच पर उनकी बढ़ती पहचान की पुष्टि है।'' उन्होंने कहा कि यह आयोजन भारत की उन्नत तकनीकी क्षमताओं को भी प्रदर्शित करेगा।

# मजबूत वैश्विक संकेतों से घरेलू बाजार में तेजी

एजेंसी ▶▶ मुंबई

अमेरिकी फेडरल रिजर्व की तरफ से ब्याज दरों में कटौती की उम्मीद और विदेशी कोषों के ताजा प्रवाह के बीच बुधवार को घरेलू शेयर बाजार बढ़त के साथ बंद हुए। सेंसेक्स में 369 अंक की तेजी रही जबकि निफ्टी 26,000 अंक के पार पहुंच गया। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित मानक सूचकांक सेंसेक्स 368.97 अंक चढ़कर 84,997.13 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 477.67 अंक बढ़कर 85,105.83 अंक पर पहुंच गया था। निफ्टी भी 117.70 अंक यानी 0.45 प्रतिशत बढ़कर 26,053.90 अंक पर पहुंच गया। जियोजीत इन्वेस्टमेंट्स लिमिटेड के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, ''एशियाई बाजारों से सकारात्मक संकेतों और वैश्विक व्यापार गतिशीलता पर स्पष्टता आने से घरेलू बाजार मजबूती के साथ बंद हुआ। भारत-अमेरिका व्यापार वार्ता में संभावित प्रगति को लेकर आशावाद ने भी धारणा को मजबूत किया। नायर ने कहा कि निवेशकों को फेडरल रिजर्व के आगामी निर्णय का इंतजार है और 0.25 प्रतिशत दर कटौती की संभावना जताई जा रही है। इसके साथ फेडरल रिजर्व की टिप्पणियों से भी भावी दृष्टिकोण का पता चलेगा। व्यापक बाजार में मझोली कंपनियों का बीएसई मिडकैप सूचकांक 0.68 प्रतिशत चढ़ गया ।

## राशिफल

**मेष** — धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक कार्यों के लिए विदेश जाने के योग बन रहे हैं। स्वास्थ्य का ध्यान रखें। भाइयों का साथ मिलेगा।

**वृष** — वाणी में मधुरता तो रहेगी, परन्तु मन परेशान रहेगा। पारिवारिक जीवन सुखमय रहेगा। सन्तान की ओर से सुखद समाचार मिल सकते हैं।

**मिथुन** — शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा, परन्तु लाभ में कुछ कमी आ सकती है। क्रोध पर नियंत्रण रखें।

**कर्क** — आत्मविश्वास में कमी आएगी। शैक्षिक कार्यों में सफलता मिलेगी। कुटुम्ब के बुजुर्ग के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। धर्म के प्रति श्रद्धाभाव रहेगा।

**सिंह** — सम्पत्ति में वृद्धि के योग बन रहे हैं। परिवार में धार्मिक कार्य हो सकते हैं। मित्रों का सहयोग मिलेगा। किसी नए कारोबार की शुरुआत करेंगे।

**कन्या** — किसी पुराने मित्र से भेंट हो सकती है। सुस्वादु खानपान में रुचि बढ़ सकती है। कारोबार में परिश्रम अधिक रहेगा। संबंधों में निकटता आएगी।

**तुला** — मन में उतार-चढ़ाव रहेंगे। धैर्यशीलता बनाये रखने के प्रयास करें। शैक्षिक एवं शोधादि कार्यों के लिए किसी दूसरे स्थान पर जा सकते हैं।

**वृश्चिक** — शैक्षिक कार्यों के सुखद परिणाम मिलेंगे। नौकरी में अफसरों का सहयोग तो मिलेगा, परन्तु कार्यक्षेत्र में वृद्धि हो सकती है।

**धनु** — आत्मविश्वास भी भरपूर रहेगा। घर-परिवार में धार्मिक कार्य होंगे। सन्तान के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। खर्च बढ़ेंगे। वाणी पर नियंत्रण रखें।

**मकर** — व्यर्थ के क्रोध से बचें। लाभ में वृद्धि होगी। जीवनसाथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें। रहन-सहन कष्टमय हो सकता है। सुखद समाचार मिलेगा।

**कुंभ** — मन अशान्त हो सकता है। संयत रहें। आलस्य भी बढ़ सकता है। सन्तान सुख में वृद्धि होगी। कारोबार में कुछ सुधार होगा।

**मीन** — परिवार की समस्या परेशान कर सकती है। आय में कमी एवं खर्च अधिक की स्थिति हो सकती है। नौकरी में कोई नई जिम्मेदारी मिल सकती है।

# भारत 'उबर चुके बाजार' का दर्जा पाने की राह पर

एजेंसी ▶▶ मुंबई

भारतीय रिजर्व बैंक की डिप्टी गवर्नर पूनम गुप्ता ने बुधवार को कहा कि लगातार सुधारों और आर्थिक मजबूती के कारण भारत आने वाले दशकों या संभवतः अगले कुछ वर्षों में ही 'उभरते हुए बाजार' से 'उभर चुके बाजार' का दर्जा हासिल कर सकता है।

गुप्ता ने 'बिजनेस स्टैंडर्ड बीएफएसआई इनसाइट समिट' में कहा कि भारत के नीतिगत ढांचे लगातार विकसित हो रहे हैं और ये इस समय वैश्विक स्तर पर सबसे अच्छे ढाचों में से एक हैं। उन्होंने कहा कि देश की विनिमय दर 1991 तक विनियमित थी और अब यह तेजी से बाजार संचालित हो रही है। इसके बाहरी खाते का प्रबंधन भी अच्छी तरह से किया गया है। डिप्टी गवर्नर ने कहा, ''देश के विविध भुगतान संतुलन में अंतर्निहित ताकतें हैं। चालू खाते की बात करें तो वस्तु व्यापार घाटा मजबूत सेवा निर्यात और प्रेषण प्राप्तियों से संतुलित किया गया है।



- आरबीआई की डिप्टी गवर्नर गुप्ता ने समिट में कहा
- लगातार सुधारों व आर्थिक मजबूती से होगा संभव

*नीतिगत सुधारों से जीडीपी हुई तेज : डिप्टी गवर्नर ने कहा, /''ऐसे सामूहिक प्रयास निश्चित रूप से भारत को आगामी दशकों में (और संभवतः आने वाले वर्षों में ही) उभरते हुए बाजार से उभर चुके बाजार की स्थिति में ले जाएंगे। उन्होंने कहा कि नीतिगत सुधारों के पूरे ढांचे के चलते भारत का सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) और प्रति व्यक्ति आय वृद्धि दर समय के साथ तेज हुई है। वृद्धि दर वैश्विक स्तर पर सबसे अधिक है।*

## रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर में बढ़कर 880 टन




**मुंबई।** भारतीय रिजर्व बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर, 2025 तक पिछले 12 महीनों में 25.45 टन बढ़कर 880 टन हो गया है। केंद्रीय बैंक का स्वर्ण भंडार सितंबर, 2024 के अंत में 854.73 टन था और यह बढ़कर चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही के अंत में 880.18 टन हो गया। इसमें 25.45 टन की वृद्धि हुई। आरबीआई ने अप्रैल-सितंबर, 2025 के विदेशी मुद्रा भंडार प्रबंधन पर अपनी अर्धवार्षिक रिपोर्ट में कहा, 'सितंबर, 2025 के अंत तक रिजर्व बैंक के पास 880.18 टन सोना था, जिसमें से 575.82 टन घरेलू स्तर पर था।' मंगलवार को जारी इस रिपोर्ट के मुताबिक, 290.37 टन सोना बैंक ऑफ इंग्लैंड (बीओई) और बैंक फॉर इंटरनेशनल सेटलमेंट्स (बीआईएस) के पास सुरक्षित रखा गया है, जबकि 13.99 टन सोना जमा के रूप में रखा गया है। मूल्य (अमेरिकी डॉलर) के संदर्भ में कुल विदेशी मुद्रा भंडार में सोने का हिस्सा मार्च, 2025 के अंत तक 11.70 प्रतिशत था और यह बढ़कर सितंबर, 2025 के अंत तक लगभग 13.92 प्रतिशत हो गया है।

## शब्द पहेली - 6032



**बाएँ से दाए-**

1. छुट्टी, रजा-4
3. वध, आघात-4
5. दशानन-3
7. अनमोल, अनूठा-3
8. अनाथ, बेसहारा-3
10. खजूर-3
11. रहम करना-2,3
14. गहराई नापना-2,3
17. लगातार, सतत-5
20. संतुष्ट होना-2,3
23. बीच में, दौरान-3
24. खुश, आनंदित-3
25. शिक्षा-3
26. शोक-3
27. जांचना, परखना-4
28. धार्मिक विधि का आयोजन करने वाला-4

**ऊपर से नीचे**

2. मयखाना, मधुशाला-5
3. प्रेमकहानी-5
4. चापलूसी-4
6. नटना, वचन तोड़ना-4
7. फिजूल, व्यर्थ-3
9. अव्यवस्थित समूह, भीड़-3
12. गुजर करना-3
13. वेग, गति-3
15. खूबसूरत-3
16. पर्वतीय मैदान, समतल पर्वत-3
17. गुजारिश, मांग-4
18. सुअर-3
19. गुस्सा होना-5
20. ममतापूर्ण-5
22. अयोग्य, असंगत-4

**शब्द पहेली -6031 का हल**



## सूडोकु नवताल - 6042

मध्यम

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 5 | | | 8 | | | |
| | 7 | | | 3 | 5 | | | |
| 3 | | | | | | 6 | | |
| | | | | | | | 8 | 5 |
| | 6 | | | | | | 1 | |
| 4 | 2 | | | | | | | |
| | | 1 | | | | | | 8 |
| | | | 7 | 4 | | | 3 | |
| | | | 2 | | | 7 | | |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6041 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 7 | 4 | 1 | 3 | 9 | 6 | 2 | 8 |
| 2 | 8 | 9 | 6 | 5 | 7 | 1 | 4 | 3 |
| 3 | 6 | 1 | 2 | 8 | 4 | 5 | 7 | 9 |
| 9 | 3 | 7 | 8 | 1 | 6 | 4 | 5 | 2 |
| 6 | 5 | 8 | 4 | 9 | 2 | 3 | 1 | 7 |
| 1 | 4 | 2 | 5 | 7 | 3 | 8 | 9 | 6 |
| 7 | 9 | 6 | 3 | 4 | 1 | 2 | 8 | 5 |
| 4 | 2 | 5 | 9 | 6 | 8 | 7 | 3 | 1 |
| 8 | 1 | 3 | 7 | 2 | 5 | 9 | 6 | 4 |

MANGAL SEHACHA BANGALORE

# साउंड हीलिंग थेरेपी ध्वनि से संभव तन-मन का उपचार

बदलती जीवनशैली की वजह से आज के दौर में अधिकतर लोग मानसिक रूप से परेशान नजर आते हैं। इसका असर शारीरिक स्वास्थ्य पर भी पड़ता है। इनसे राहत के लिए साउंड हीलिंग थेरेपी बहुत कारगर हो सकती है।

**नेचुरोपैथी**

**बुशरा फातमा**



बीते एक दशक में जितनी तेजी से हमारी लाइफस्टाइल में बदलाव आया है, उसने पूरी तरह हमारे मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ्य को बदल दिया है। छोटी-छोटी बातों पर तनावग्रस्त हो जाना या डिप्रेशन में चले जाना, आम समस्या बनती जा रही है। भारत उन देशों की कतार में भी आगे होता जा रहा है, जहां डिप्रेशन के मरीजों की संख्या अधिक है। बढ़ता तनाव और उससे जुड़ी शारीरिक समस्याएं, लोगों को फिर से उन प्राचीन यौगिक क्रियाओं और प्राकृतिक चिकित्सा की तरफ मोड़ रहा है, जो एक समय में हमारे देश में बहुत प्रचलित हुआ करती थीं। साउंड हीलिंग थेरेपी एक ऐसी ही थेरेपी है, जिसे लेकर लोगों में में रुझान बढ़ रहा है, जो तनाव कम करने में कारगर साबित हो रहा है।

**कैसे काम करती है थेरेपी:** साउंड हीलिंग एक ऐसी थेरेपी है, जिसमें ध्वनि तरंगों का इस्तेमाल किया जाता है, जो हमारे शरीर के सातों चक्रों पर काम करते हैं। इन सात चक्रों से संबंधित सात अलग-अलग बाउल का यूज किया जाता है, जिनके अलग नोट्स होते हैं और वो शरीर पर उसी नोट्स के हिसाब से काम करते हैं। ये बाउल मुख्यतः हाथों से बने होते हैं, जिनमें सात धातुओं का मिश्रण होता है, जिन्हें पूर्णिमा की रात में बनाया जाता है। इन बाउल में इतने वाइब्रेशन मौजूद होते हैं कि ये हमारे शरीर के चक्रों को सीधे प्रभावित करते हैं। इसलिए जब अलग-अलग चक्र के बाउल्स हमारे आस-पास बजाए जाते हैं, तब उनसे जो वाइब्रेशंस निकलती हैं, वो हमारे चक्रों के ब्लॉक को तोड़ देती हैं। चूंकि शरीर में मौजूद चक्रों के असंतुलन से ही मानसिक और शारीरिक समस्याएं उत्पन्न होती हैं। ऐसे में साउंड हीलिंग थेरेपी हमारे चक्रों को बैलेंस करने का काम करता है।



साउंड हीलिंग उन लोगों के लिए बहुत लाभदायक है, जो किसी मानसिक समस्या से गुजर रहे हैं और अपने दैनिक जीवन में तनाव को आसानी से हैंडल नहीं कर पाते हैं। चूंकि मन का स्वास्थ्य, तन के स्वास्थ्य से जुड़ा होता है, इसलिए कई ऐसे लोग जो किसी गंभीर बीमारी से भी गुजर रहे हों तो साउंड हीलिंग उनके लिए लाभदायक सिद्ध हो सकता है।

**तनाव-चिंता से दिलाए राहत:** साउंड हीलिंग थेरेपी में अलग-अलग ध्वनि के वाइब्रेशन शरीर को अलग-अलग तरीके से ही प्रभावित करते हैं, जो हमारी चिंता और तनाव को काफी हद तक कम करने में मदद करते हैं। ये वाइब्रेशन, कोशिकाओं को शांत करती है, जिससे तनाव कम महसूस होने लगता है। कई बार जब आप ये थेरेपी लेंगे तो सर भारी महसूस होगा लेकिन कुछ सेशन लेने के बाद आप अपने तनाव को कम होता महसूस करेंगे।

**अच्छी नींद में मददगार:** जिन लोगों को कम नींद या नींद न आने की समस्या हो उनके लिए ये थेरेपी रामबाण की तरह काम करती है। शरीर में मौजूद चक्र जब धीरे-धीरे संतुलन में आने लगते हैं तो दिमाग शांत होने लगता है और उससे अच्छी नींद आती है।

**एकाग्रता बढ़ाने में सहायक:** बढ़ते काम का बोझ हो या स्टूडेंट्स की पढ़ाई का बढ़ता स्ट्रेस दिमाग को अशांत तो बनाता ही है। साथ ही ये एकाग्रता को भी कम करता है। साउंड हीलिंग थेरेपी एकाग्रता को बढ़ाने में मदद करती है और फोकस में वृद्धि करती है। रैटल शेकर इस थेरेपी में इस्तेमाल किया जाने वाला एक ऐसा अद्भुत यंत्र है, जिसे ऋषिकेश के जंगलों में पाए जाने वाले एक पेड़ के बीज से बनाया जाता है। हमारा दिमाग चार अलग-अलग वेव्स पर काम करता है अल्फा, बीटा, डेल्टा और गामा और जब हम किसी बात को लेकर ओवर थिंकिंग करते हैं तो वो दिमाग अल्फा, बीटा के स्टेट में चला जाता है। जब रैटल शेकर को मस्तिष्क पर रखा जाता है तो उससे निकलने वाली आवाज से शरीर प्रतिक्रियाएं देता है और दिमाग शांत होता चला जाता है।

**कोर्टिसोल हॉर्मोन पर नियंत्रण:** हमारे शरीर में मौजूद कोर्टिसोल हॉर्मोन बहुत-सी बीमारियों को जन्म देती है और शरीर के जिस हिस्से में यह बढ़ता है, वहां म्यूकस पैदा होता है। डिप्रेशन के मरीजों में कोर्टिसोल हॉर्मोन की मात्रा बहुत बढ़ जाती है और साउंड हीलिंग थेरेपी में ये हॉर्मोन रिएक्ट करता है इसलिए रेगुलर सेशन के बाद मरीज खुद को काफी शांत और हल्का महसूस करता है।

**लाइफस्टाइल में बदलाव है जरूरी:** डिजिटल और सोशल मीडिया के बढ़ते इस्तेमाल ने लोगों को बहुत इंपल्सिव और इंसिक्योर बना दिया है और लोग शांति और सुकून की तलाश में अपने पुराने दौर की जीवनशैली की तरफ दोबारा बढ़ रहे हैं। लेकिन अगर अपने लाइफस्टाइल में हेल्दी बदलाव लाया जाए तो मानसिक तनाव पर बहुत हद तक काबू पाया जा सकता है। अच्छे खान-पान की आदत, अच्छी नींद और हार्मोनल बैलेंस के लिए सुबह-सुबह घास पर नंगे पांव चलना न सिर्फ फिजिकली फिट रखने में मदद करता है बल्कि यह हमारे मानसिक स्वास्थ्य को भी ठीक करता है। पूरे दिन में एक घंटे की फिजिकल एक्टिविटी जैसे वॉक, योग या जॉगिंग भी मेंटल फिटनेस के लिए बहुत जरूरी है। *

**(होलिस्टिक हीलर शुभांगी चौहान से बातचीत पर आधारित)**

---

**डॉक्टर्स एडवाइस**

**डॉ. विकास अग्रवाल**
**जनरल फिजीशियन, कोलकाता**

अस्त-व्यस्त जीवनशैली समेत कुछ अन्य वजहों से इन दिनों अनेक लोग थाइरॉयड प्रॉब्लम से ग्रस्त रहने लगे हैं। हालांकि पुरुषों की तुलना में महिलाएं इससे अधिक ग्रस्त रहती हैं लेकिन पुरुषों में भी इसे काफी देखा जाने लगा है। ध्यान ना देने पर कई बार यह रोग गंभीर रूप भी ले लेता है। इसलिए यहां आपको इस रोग के कारणों, लक्षणों, उपचार और बचाव के बारे में डिटेल में बता रहे हैं।

# कई अन्य समस्याओं की वजह बन सकती है थाइरॉयड प्रॉब्लम





अगर आप अकसर बिना किसी कारण के खुद को बेचैन महसूस करते हैं, घबराए हुए से रहते हैं और जरा भुलक्कड़ भी हो गए हैं। किसी कार्य में एकाग्रचित्त नहीं हो पाते हैं। अचानक आपका शारीरिक वजन घटने या बढ़ने लगा है। जरूरत से ज्यादा थकान महसूस होती रहती है तो सावधान हो जाएं ऐसा थाइरॉयड प्रॉब्लम की वजह से भी हो सकता है। इंडियन थाइरॉयड सोसाइटी से प्राप्त आंकड़ों के मुताबिक भारत में 4.2 करोड़ से ज्यादा लोग थाइरॉयड के मरीज हैं, जिनमें 60 प्रतिशत महिलाएं हैं।

## क्या है थाइरॉयड प्रॉब्लम

हमारे गले में अखरोट के आकार की थाइरॉयड ग्लैंड होती है, जो दो तरह के हारमोन टी3 और टी4 बनाती है। यह शरीर की सबसे महत्वपूर्ण ग्रंथियों में से एक है, जो कई शारीरिक क्रियाओं को कंट्रोल में रखती है। अच्छी नींद, स्वस्थ पाचन तंत्र, मेटाबॉलिज्म, लिवर फंक्शन, शरीर के तापमान को नियमित रखना और उसका विकास आदि। इस तरह आप थाइरॉयड ग्रंथि को शरीर का सेंट्रल कंट्रोलर मान सकते हैं। यह समस्या दो प्रकार की हो सकती है- हाइपोथाइरॉयडिज्म और हाइपरथाइरॉयडिज्म। हाइपो में वजन बढ़ने लगता है और भूख कम लगती है। हाथ पांव में सूजन आ जाती है। सुस्ती और ठंड लगने से व्यक्ति परेशान रहता है। महिलाओं में मासिकधर्म में गड़बड़ी और याददाश्त में कमी हो जाती है। आयोडीन की कमी के अलावा खान-पान पर ध्यान नहीं देना और जरूरत से ज्यादा तनावयुक्त जीवन थाइरॉयड समस्या को बढ़ावा देता है।

हाइपरथाइरॉयडिज्म समस्या में मरीज का वजन कम हो जाता है और बार-बार भूख लगती है। हमेशा टेंशन महसूस होना, ध्यान केंद्रित ना कर पाना, तेज या धीमी धड़कन और ब्लड प्रेशर की समस्या, वजन का तेजी से गिरना या बढ़ना, गले में सूजन, ज्यादा पसीना आना, मासिकधर्म की परेशानी, नींद में कमी, थकान को मिटाने के लिए बार-बार कुछ खाने की इच्छा, गैस्ट्रिक अल्सर, बार-बार यूरिन आना इसके लक्षणों में शामिल हैं। हाइपर थाइरॉयडिज्म की तुलना में हाइपोथाइरॉयडिज्म में यह समस्या ज्यादा देखी जाती है। ऐसा तब होता है, जब शरीर के कुछ सेल्स थाइरॉयड ग्लैंड की सेल्स को खत्म करना शुरू कर देते हैं। इसीलिए इसे ऑटो इम्यून बीमारी भी कह सकते हैं। पहले के दौर में यह समस्या काफी ज्यादा हुआ करती थी, लेकिन आजकल लोग इसके प्रति सचेत हो गए हैं।

## थाइरॉयड रोग के लक्षण

इसके लक्षण इस बात पर निर्भर करते हैं कि थायराइड ग्रंथि अधिक सक्रिय (हाइपरथाइरॉयडिज्म) है या कम सक्रिय (हाइपोथाइरॉयडिज्म) है। थाइरॉयड के लक्षण हर व्यक्ति में अलग-अलग हो सकते हैं और धीरे-धीरे विकसित हो सकते हैं।



**कम सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** थकान और कमजोरी, वजन बढ़ना, ठंड लगना, त्वचा और बालों का रूखापन, बाल झड़ना, कब्ज, मांसपेशियों में दर्द या जकड़न, डिप्रेशन या मूड स्विंग्स, धीमी हृदय गति, अनियमित या हैवी ब्लीडिंग, याददाश्त कमजोर होना, चेहरा या आंखों के आस-पास सूजन इसके लक्षणों में शामिल हैं।

**अधिक सक्रिय थाइरॉयड के लक्षण:** वजन कम होना (भूख बढ़ने के बावजूद), घबराहट, चिंता या बेचैनी महसूस होना, तेज हृदय गति या धड़कन, पसीना आना या गर्मी लगना, असहज लगना, नींद में परेशानी, बार-बार मल त्याग या दस्त, मांसपेशियों में कमजोरी, हाथों में कंपन, महिलाओं में अनियमित पीरियड्स, बालों का पतला होना, आंखों में उभार होना।

## थाइरॉयड प्रॉब्लम के साइड इफेक्ट्स


इससे हड्डियां भी कमजोर पड़ने लगती हैं। थाइरॉयड के मरीजों को ऑस्टियोपोरोसिस होने की आशंका हो सकती है। पैरों में दर्द और वाटर रिटेंशन की समस्या भी थाइरॉयड प्रॉब्लम से ही जुड़ी है।

थाइरॉयड ग्लैंड में असंतुलन होने की वजह से हारमोंस में असंतुलन होता है। इससे दिल की बीमारी से लेकर इनफर्टिलिटी तक भी हो सकती है। थाइरॉयड कैंसर भी इसी असंतुलन का ही नतीजा है। गले में दर्द, सूजन और हमेशा भारीपन महसूस होना इसकी वजह से हो सकता है। हाइपोथाइरॉयडिज्म, प्रेगनेंसी में काफी खतरनाक हो सकता है। यह गर्भ में पल रहे शिशु के विकास और उसके मस्तिष्क के लिए काफी नुकसानदेह होता है। इसलिए महिलाएं जब भी प्रेगनेंसी प्लान करें, तो अपना थाइरॉयड टेस्ट जरूर कराएं।

थाइरॉयड हारमोंस से जुड़ी समस्या है, इसीलिए इसका सीधा असर सेक्स इच्छा और इनफर्टिलिटी पर पड़ता है। पुरुषों और महिलाओं में भी थाइरॉयड, सेक्स को प्रभावित करता है। अचानक आए मूड में बदलाव के लिए डॉक्टर से कंसल्ट करके थाइरॉयड टेस्ट कराएं और एंडोक्राइनोलॉजिस्ट से मिलें। थाइरॉयड की दवाएं लेने पर व्यक्ति नॉर्मल सेक्सुअल लाइफ जी सकता है। थाइरॉयड की समस्या ज्यादातर स्त्रियों में ही देखने को मिलती है। पुरुषों में थाइरॉयड की समस्या स्त्रियों की तुलना में कम देखने को मिलती है। इसके लक्षण दिखने पर डॉक्टर को जरूर बताएं। इससे जुड़ी सावधानियों और दवाओं के बारे में वे बताएंगे। जब तक थाइरॉयड नार्मल नहीं हो तब तक महिलाओं को प्रेगनेंसी प्लान करने से बचना चाहिए।

## टेस्ट-ट्रीटमेंट

थाइरॉयड प्रॉब्लम की जांच के लिए डॉक्टर की सलाह पर TSH, T3, T4 जैसे ब्लड टेस्ट करवाए जा सकते हैं। थाइरॉयड की समस्या का इलाज दवाओं, सही आहार और जीवनशैली में बदलाव से संभव है। थाइरॉयड के उपचार के लिए डॉक्टर द्वारा बताई गई दवा फायदेमंद होती है। इससे मोटापा और थकान कंट्रोल में हो जाता है। थाइरॉयड की गोली ताउम्र खानी पड़ सकती है, पर कुछ केस में यह दवा छूट सकती है। दवा खाने और ना खाने का निर्णय आप डॉक्टर से कंसल्ट कर ही तय कर सकते हैं। *




**प्रस्तुतिः शिखर चंद जैन**

---

**प्रिकॉशन**

**राजकुमार 'दिनकर'**

# नारियल पानी पीने से पहले...

हम अकसर हरे नारियल को कटवाकर उसमें सीधे स्ट्रॉ लगाकर उसका पानी पीते हैं। क्या आपको पता है कि नारियल पानी को इस तरह सीधे नारियल से पीना, हमारे लिए फंगल इंफेक्शन का भी कारण बन सकता है। हालिया हुए एक अध्ययन से खुलासा हुआ है कि नारियल पानी को सीधे नारियल से पीना हमारी सेहत के लिए नुकसानदेय हो सकता है। क्योंकि इन हरे नारियल को आमतौर पर किसी ठंडी जगह पर स्टोर नहीं किया जाता, उन्हें एक बार तोड़ने के बाद एक जगह से दूसरी जगह लाकर बेचा जाता है। इस प्रक्रिया में नारियल कभी ठंडे, तो कभी बेहद गर्म वातावरण में रहते हैं। नम वातावरण में भी लगातार महीनों ऐसे ही रहने के कारण इनमें खतरनाक बैक्टीरिया, कवक और विषाक्त पदार्थ भी पैदा हो सकते हैं।



**हो सकती हैं इस तरह की समस्याएं:** प्रदूषित नारियल पानी बासी होने के कारण बहुत किस्म के हानिकारक बैक्टीरिया का घर हो सकते हैं। जिस पानी को पीने से हमें पाचन संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसे पीने के बाद उल्टी, पेट दर्द और दस्त हो सकता है। दूषित नारियल पानी में नाइट्रोप्रोपियोनिक एसिड जैसे विषाक्त पदार्थ हमारे तंत्रिका तंत्र को प्रभावित करता है, जिसमें चक्कर आना, मांसपेशियों में सिकुड़न होने के लक्षण दिखाई देते हैं। अगर नारियल के भीतर मौजूद पानी ज्यादा प्रदूषित हो तो सांस लेने में भी कठिनाई महसूस होती है। इससे सीने में जकड़न या फेफड़ों में तरल पदार्थ का जमाव हो सकता है। अगर ऐसे लक्षण दिखाई दें या असहज महसूस हो तो समझ जाएं कि नारियल पानी में कोई कमी है। तो तुरंत चिकित्सक से संपर्क करना चाहिए।

**सावधानी बरतें:** नारियल पानी पीते समय कुछ सावधानी बरतें।

- नारियल सीधे न पिएं क्योंकि इसके बाहरी आवरण पर मौजूद दरारों से सूक्ष्मजीव नारियल में प्रवेश करते हैं।
- नारियल या नारियल पानी लाने के बाद उसको फ्रिज में रखें ताकि इसमें फफूंद और जीवाणु पनप न सकें।
- नारियल पानी पीते समय अगर आपको उसके स्वाद में खट्टापन, महक महसूस हो तो समझ जाएं कि यह भीतरी तौर से प्रदूषित है।
- कहीं भी खुले में नारियल खरीदने की बजाय सीलबंद पॉश्चराइज्ड नारियल पानी ही चुनें, जिनको सावधानीपूर्वक संरक्षित किया गया हो।
- अगर नारियल के खोल पर दरारें दिखती हैं तो ऐसे नारियल को न खरीदें। यह जरूरी नहीं कि रेफ्रिजरेटर में रखे नारियल भी पीने के लिहाज से सुरक्षित हों। इसलिए पीने से पहले हमेशा उसके स्वाद और गंध की जांच कर लें। *

---



सर्दी के मौसम ने दस्तक दे दी है। आने वाली कड़ाके की सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए। इसीलिए हम आपको कुछ सरल योगासनों के बारे में बता रहे हैं, जिनके अभ्यास से आप सर्दी के मौसम में भी स्वस्थ रहेंगे।


# सर्दियों में आप रहेंगे स्वस्थ जब रोज करेंगे ये योगासन

**योगोपचार**

**दिव्यज्योति 'नंदन'**

सर्दियों में हमारे स्वास्थ्य की सच्ची रखवाली दवाइयां नहीं बल्कि कई तरह की हमारी शारीरिक गतिविधियां करती हैं। इनमें ही योगासन भी शामिल हैं। हल्की सर्दियां शुरू होते ही किस तरह हमारे शरीर और सेहत के लिए ये सीधे, सरल योगासन महत्वपूर्ण हैं। ये न केवल इन दिनों हमारे शरीर को गर्म रखते हैं बल्कि मन को भी सक्रिय और उत्साहित रखते हैं, जिससे हम प्रसन्न और एक्टिव रहते हैं, तो आइए सरल ढंग से जानें कि ये छह सीधे सरल योगासन कौन से हैं?

**सूर्य नमस्कार:** सूर्य नमस्कार हमारे योगशास्त्र का पहला और सबसे महत्वपूर्ण अध्याय है। सूर्य नमस्कार सही मायने में अकेला ही हमारे स्वास्थ्य का सबसे मजबूत रखवाला है। सूर्य नमस्कार, शरीर को भीतर से गर्म रखता है। हमारे रक्त संचार को तेज करता है, जिसकी इन दिनों हमें जरूरत होती है। साथ ही यह योगासन सर्दी के दिनों में शरीर की हर मांसपेशी को सक्रिय बनाता है, जिस कारण ठंड से होने वाले आलस्य और थकान से राहत मिलती है। इस तरह हर दिन सुबह खाली पेट अगर पांच से छह राउंड केवल सूर्य नमस्कार के कर लिए जाएं, तो सर्दियों में स्वस्थ रहने के लिए यह सबसे अच्छी गतिविधि है।



**वज्रासन:** इस मौसम में हमारी सेहत के लिए यह भी जरूरी आसनों में से एक है। भोजन के बाद वज्रासन की मुद्रा में बैठना शरीर के लिए सर्वश्रेष्ठ गतिविधियों में से एक होता है। यह आसन करने से ठंड के मौसम में हमारा पाचन दुरुस्त रहता है, साथ ही इस आसन के करने से हमारा शरीर शांत और संतुलित रहता है। वास्तव में वज्रासन करने से शरीर का भारीपन, गैस और अपच जैसी परेशानियां दूर होती हैं। सर्दी के मौसम में नियमित रूप से वज्रासन करने से हमारी सेहत सही रहती है। *



**भुजंगासन:** सर्दी के मौसम में जो दूसरा आसन हमारे लिए बेहद उपयोगी है, उसका नाम है- भुजंगासन या कोबरा पोज। यह आसन हमारी रीढ़ और पीठ को लचीला बनाता है। इन दिनों में कई लोगों की छाती, अतिरिक्त रूप से जकड़न का शिकार रहती है, उसे यह आसन अच्छी तरह से खोलता है, जिससे ठंडी हवा से जकड़े हमारे फेफड़ों को राहत मिलती है और सर्दी जुकाम से हम बचे रहते हैं। हर दिन भुजंगासन करने से हम सर्दी के दिनों में सर्दी लगने से भी बचे रहते हैं। इसके चलते हमारा शरीर इन दिनों गर्म रहता है।



# आज से भारत और दक्षिण अफ्रीका के बीच मुकाबला, 3 महीने बाद पंत करेंगे वापसी

## पंत की कप्तानी में टेस्ट मैच सुबह 9.30 बजे से होगा शुरू

एजेंसी ▶▶| बेंगलुरु

भारत ए और दक्षिण अफ्रीका ए के बीच गुरुवार से शुरू हो रहे चार दिवसीय अनौपचारिक टेस्ट मैच में ऋषभ पंत की चोट के कारण तीन महीने के ब्रेक के बाद प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में वापसी मुख्य आकर्षण होगी।

पंत को 23 जुलाई को इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट के दौरान पैर में चोट लग गई थी और यह विकेटकीपर बल्लेबाज तब से रिहैबिलिटेशन प्रक्रिया से गुजर रहा है। पंत इस बीच वेस्टइंडीज के खिलाफ घरेलू टेस्ट श्रृंखला में नहीं खेल पाए थे। लेकिन बीसीसीआई के सीओई मैदान पर होने वाले दो अनौपचारिक टेस्ट मैच से उन्हें विश्व चैंपियन दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ घरेलू मैदान पर होने वाली दो मैचों की टेस्ट श्रृंखला से पहले मैच अभ्यास का महत्वपूर्ण मौका मिलेगा।

### दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टेस्ट में कप्तानी करेंगे पंत

दक्षिण अफ्रीका ए के खिलाफ होने वाले इन मैच में वह भारत ए की कप्तानी भी करेंगे। यह 28 वर्षीय खिलाड़ी सीनियर टीम में ध्रुव जुरेल की जगह ले सकता है, जिन्होंने वेस्टइंडीज के खिलाफ शानदार प्रदर्शन किया था। वह दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में खेलेंगे।पंत वास्तविक मैच की स्थिति में मैदान पर कुछ अच्छा समय बिताने के लिए उत्सुक होंगे, बशर्ते इस हिस्से में लगातार बारिश खेल में खलल न डाले।



### टीमें इस प्रकार

**भारत-ए :** ऋषभ पंत (कप्तान, विकेटकीपर), आयुष म्हात्रे, एन जगदीसन (विकेटकीपर), साई सुदर्शन (उप कप्तान), देवदत्त पडिक्कल, रजत पाटीदार, हर्ष दुबे, तनुष कोटियन, मानव सुथार, खलील अहमद, गुरनूर बराड़, अंशुल कंबोज, यश ठाकुर, आयुष बडोनी, सारांश जैन।

**दक्षिण अफ्रीका-ए :** मार्केस एकरमैन, तेम्बा बावुमा (केवल दूसरे चार दिवसीय मैच के लिए), ओकुहले सेले, जुबैर हमजा, जॉर्डन हरमन, रुबिन हरमन, रिवाल्डो मूनसामी, त्शेपो मोरेकी, मिहलाली मपोंगवाना, लेसेगो सेनोकवाने, प्रेनेलन सुब्रायेन, काइल सिमंड्स, त्सेपो नदवांडवा, जेसन स्मिथ, तियान वान वुरेन, कोडी यूसुफ।



### सुदर्शन के पास निखार लाने का मौका

साई सुदर्शन ने अपना अंतिम मैच इस महीने की शुरुआत में दिल्ली में वेस्टइंडीज के खिलाफ दूसरे टेस्ट मैच में खेला था और ये दो मैच उन्हें दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ होने वाली टेस्ट श्रृंखला से पहले अपने खेल में निखार लाने का मौका प्रदान करेंगे। तमिलनाडु के इस बल्लेबाज ने फिलहाल तीसरे नंबर पर अपनी जगह पक्की कर ली है लेकिन वह अच्छी शुरुआत को बड़े स्कोर में नहीं बदल पाए हैं। वह यहां बड़ी पारी खेलने के लिए बेताब होंगे।जहां दक्षिण अफ्रीका का सवाल है तो वह जुबैर हमजा के प्रदर्शन पर नजर रखेगा, जिन्हें लगभग दो साल के अंतराल के बाद टेस्ट टीम में वापस बुलाया गया है।

## खबर संक्षेप

### लौरा ने बनाया रिकॉर्ड पूरे किए 5 हजार रन

**गुवाहाटी।** महिला वनडे वर्ल्ड कप का पहला सेमीफाइनल साउथ अफ्रीका और इंग्लैंड के बीच गुवाहाटी के बरसापारा क्रिकेट स्टेडियम में खेला जा रहा है। इस मैच में साउथ अफ्रीका की टीम ने पहले बल्लेबाजी की। इस मुकाबले में साउथ अफ्रीकी कप्तान लौरा वोल्वार्ट ने शानदार बल्लेबाजी करते हुए अर्धशतक ठोका। उन्होंने वनडे क्रिकेट में नया रिकॉर्ड अपने नाम किया है। लौरा वोल्वार्ट ने इस पारी के दौरान अपने वनडे करियर में 5000 रन पूरे किए। ऐसा करने वाली वह साउथ अफ्रीका की पहली और दुनिया की छठी खिलाड़ी बनी हैं। वनडे क्रिकेट में 5000 रन बनाने वाली वह दुनिया की सबसे युवा महिला क्रिकेटर बनी हैं। उन्होंने 26 साल और 186 दिन में यह उपलब्धि हासिल की। वह पारी के आधार पर 5000 रन बनाने वाली दुनिया की दूसरी सबसे तेज महिला बल्लेबाज बन गई हैं।



### द. अफ्रीका ने पाकिस्तान को 55 रन से हराया



**रावलपिंडी।** स्टार बल्लेबाज बाबर आजम की टी-20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में वापसी यादगार नहीं रही और वह खाता भी नहीं खोल पाए, जिससे दक्षिण अफ्रीका की अपेक्षाकृत कमजोर टीम ने तीन मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में पाकिस्तान को 55 रन से हरा दिया। पाकिस्तान की टीम कोर्बिन बॉश के दोहरे झटकों से नहीं उबर पाई और उसकी टीम 195 रन के लक्ष्य का पीछा करते हुए 139 रन पर आउट हो गई। इससे पहले कप्तान डोनोवन फरेरा के टॉस हारने और पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किए जाने के बाद दक्षिण अफ्रीका ने नौ विकेट पर 194 रन का मजबूत स्कोर खड़ा किया। उसकी तरफ से सलामी बल्लेबाज रीजा हेंड्रिक्स ने 40 गेंदों पर 60 और जॉर्ज लिंडे ने 22 गेंदों पर 36 रन बनाए।

### ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ नहीं खेल पाएंगे रेड्डी

**कैनबरा।** ऑलराउंडर नीतीश कुमार रेड्डी गर्दन में ऐंठन के कारण ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहले तीन टी20 अंतरराष्ट्रीय मैचों से बाहर हो गए हैं। बीसीसीआई ने यह जानकारी दी। रेड्डी क्वाड्रिसेप्स की चोट के कारण सिडनी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ तीसरे एकदिवसीय मैच से बाहर हो गए थे। वह अब एक नई परेशानी से जूझ रहे हैं। बीसीसीआई ने कहा, 'नीतीश कुमार रेड्डी पहले तीन टी20 मैचों से बाहर हो गए हैं।

## सूर्यकुमार बने टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच में 150 छक्के लगाने वाले पांचवें बल्लेबाज

# ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 चढ़ा बारिश की भेंट, सूर्यकुमार ने छुआ एक और मुकाम

एजेंसी ▶▶| कैनबरा

भारतीय कप्तान सूर्यकुमार यादव कुछ शानदार शॉट के साथ लय में वापसी करते दिखे, लेकिन खराब मौसम और बारिश के कारण बुधवार को ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय मैच रद्द करना पड़ा। बारिश के कारण 9.4 ओवर के खेल के बाद जब दूसरी बार खेल रोका गया तब सूर्यकुमार 24 गेंद में 39 रन बनाकर नाबाद थे। उन्होंने शानदार लय में चल रहे उपकप्तान शुभमन गिल (20 गेंदों पर नाबाद 37) के साथ दूसरे विकेट के लिए 35 गेंद में 62 रन की साझेदारी के साथ बड़े स्कोर की नींव तैयार कर दी थी। भारत ने खेल रोको जाने से पहले एक विकेट पर 97 रन बना लिए थे। वहीं इस पारी में भारतीय कप्तान ने एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया है। सूर्यकुमार अब टी20 अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में 150 या उससे अधिक छक्के लगाने वाले पांचवें बैटर बन गए हैं।



### सूर्यकुमार ने टी20 इंटरनेशनल में पूरे किए 150 सिक्स

सूर्यकुमार यादव अब दुनिया के उन चुनिंदा बल्लेबाजों की लिस्ट में शुमार हो गए हैं, जिन्होंने टी20 इंटरनेशनल में 150 छक्के लगा दिए हैं। टी20 इंटरनेशनल में सबसे ज्यादा छक्के अभी भी रोहित शर्मा के ही नाम हैं, जिन्होंने 205 सिक्स लगाए हैं। खास बात ये है कि रोहित शर्मा ही दुनिया के अकेले ऐसे बल्लेबाज हैं, जिन्होंने इस फॉर्मेट में 200 सिक्स का आंकड़ा पार किया है। इसके बाद यूएई के मोहम्मद वसीम का नंबर आता है,जिन्होंने अब तक 187 सिक्स लगाए हैं। न्यूजीलैंड के मार्टिन गप्टिल ने 173 और इंग्लैंड के जॉस बटलर ने 172 छक्के टी20 इंटरनेशनल में लगाए हैं। अब उसके बाद सूर्यकुमार यादव का नाम आ गया है, जिन्होंने 150 सिक्स पूरे करने में कामयाबी हासिल की है।

### वसीम के बाद सबसे तेज इस मुकाम तक पहुंचे सूर्या

वैसे तो अब तक कुल मिलाकर दुनियाभर के 5 बल्लेबाज टी20 इंटरनेशनल में 150 से अधिक छक्के पूरे कर चुके हैं, लेकिन सबसे तेज इस मुकाम तक पहुंचने के मामले में भारत के सूर्यकुमार यादव दूसरे नंबर पर हैं। यूएई के मोहम्मद वसीम ने 66 पारियों में ही 150 छक्के लगा दिए थे। सूर्यकुमार यादव आज अपनी 86वीं पारी खेलते हुए इस मुकाम तक पहुंचे हैं। बाकी बल्लेबाजों की बात करें तो मार्टिन गप्टिल 101, रोहित शर्मा 111 और जॉस बटलर ने 120 पारियों में 150 टी20 इंटरनेशनल छक्के पूरे किए हैं।

### गिल ने दिखाया आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण

गिल ने दूसरे छोर से आक्रमण और धैर्य का शानदार मिश्रण दिखाया। उन्होंने वामहस्त स्पिनर मैथ्यू कुहनेमन के खिलाफ काउ कॉर्नर (डीप मिडविकेट और लांग लेग के बीच में) पर दर्शनीय छक्का जड़ा। गिल ने इस छक्के के अलावा चार दिलकश चौके भी जड़े। इससे पहले 4.4 ओवर के बाद भी बारिश के कारण खेल को रोकना पड़ा था। बारिश के पहले व्यवधान के बाद जब खेल दोबारा शुरू हुआ तो मैच को 18 ओवर प्रति टीम कर दिया गया था। ऑस्ट्रेलिया ने टॉस जीतकर भारत को पहले बल्लेबाजी करने के लिए आमंत्रित किया था, जिसके बाद अभिषेक शर्मा (14 गेंद में 19 रन) ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। एलिस ने हालांकि उन्हें खतरनाक होने से पहले ही चलता कर टीम को पहली सफलता दिलाई।

## महिला वनडे विश्व कप

# भारत को ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का करना पड़ेगा सामना



एजेंसी ▶▶| दुबई

भारतीय टीम को महिला वनडे विश्व कप के गुरुवार को होने वाले दूसरे सेमीफाइनल में ऑस्ट्रेलिया की कड़ी चुनौती का सामना करना पड़ेगा और उसे उम्मीद रहेगी कि कप्तान हरमनप्रीत कौर आठ साल पहले खेली गई जादुई पारी जैसा करिश्मा दिखाने में सफल रहेगी।

हरमनप्रीत की 2017 में इंग्लैंड के डर्बी में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ सेमीफाइनल में 115 गेंदों में नाबाद 171 रन की पारी एक महत्वपूर्ण क्षण था, जिसने महिला क्रिकेट को सुर्खियों में ला दिया था। सात बार के विश्व चैंपियन ऑस्ट्रेलिया पर जीत से न केवल भारत का आत्मविश्वास बढ़ेगा बल्कि आईसीसी खिताब जीतने की उसकी उम्मीदों को भी पंख लग जाएंगे। भारतीय टीम के प्रदर्शन में अभी तक निरंतरता का अभाव रहा है और उसके पास ऑस्ट्रेलिया जैसी मजबूत टीम को पराजित करने का यह सुनहरा मौका है लेकिन इसके लिए उसके खिलाड़ियों को अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा।

### हरलीन दे सकती है मंधाना को सहारा

हरलीन ने सात मैचों में 75.11 की औसत से बिना किसी अर्धशतक के 169 रन बनाए हैं, जो आकर्षक नहीं लगते हैं लेकिन क्रीज पर टिके रहने की उनकी क्षमता भारत को शीर्ष पर मजबूती प्रदान कर सकती है और मंधाना को एक परिचित सहारा भी दे सकती है, जो रावल दूसरे छोर से प्रदान करती हैं। बेमौसम बारिश के पूर्वानुमान के बावजूद पिच बल्लेबाजी के लिए अनुकूल बनी हुई है और बड़े स्कोर का दबाव लक्ष्य का पीछा करने वाली टीम को परेशानी में डाल सकता है। इसके अलावा यह भी बड़ा सवाल है कि क्या भारत को बाएं हाथ की स्पिनर राधा यादव को टीम में बनाए रखना चाहिए या नहीं क्योंकि वह एक कुशल क्षेत्र रक्षक हैं और पिछले मैच में उन्होंने अच्छी गेंदबाजी भी की थी।

**भारतीय टीम :** हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उप-कप्तान), उमा छेत्री (विकेटकीपर), ऋचा घोष (विकेटकीपर), हरलीन देयोल, शैफाली वर्मा, जेमिमा रोड्रिग्स, अमनजोत कौर, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, क्रांति गौड़, अरुंधति रेड्डी, रेणुका सिंह ठाकुर, श्रीचरणी, राधा यादव।

## कनाडा ओपन

# 17 वर्षीय अनाहत की बड़ी जीत दूसरी वरीय गिलिस को हराया

एजेंसी ▶▶| टोरंटो

17 वर्षीय उभरती खिलाड़ी अनाहत सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए बेल्जियम की गत चैंपियन और दूसरी वरीयता प्राप्त टिन्नी गिलिस को हराकर कनाडा महिला ओपन स्क्वाश टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। गैर वरीयता प्राप्त अनाहत ने 36 मिनट तक चले क्वार्टर फ़ाइनल मैच में दुनिया की सातवें नंबर की अपनी प्रतिद्वंद्वी को 3-0 (12-10, 11-9, 11-9) से हराया। यह भारतीय खिलाड़ी वर्तमान में विश्व रैंकिंग में 43वें स्थान पर है। यह अनाहत की अपने करियर की सबसे बड़ी और शीर्ष 10 खिलाड़ियों के खिलाफ पहली जीत है।



### टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में अनाहत

वह इस टूर्नामेंट में शानदार फॉर्म में हैं, जो कि पीएसए टूर सिल्वर लेवल की प्रतियोगिता है। उन्होंने प्री-क्वार्टर फाइनल में फ्रांस की विश्व की 20वें नंबर की खिलाड़ी मेलिसा अल्वेस को हराया था। अब सेमीफाइनल में उनका मुकाबला इंग्लैंड की विश्व की 10वें नंबर की खिलाड़ी और चौथी वरीयता प्राप्त जीना कैनेडी से होगा। अनाहत ने जीत हासिल करने के बाद कहा, 'मैं वास्तव में उत्साहित हूं और वह (टिन्नी गिलिस) शीर्ष 10 खिलाड़ियों में से एक है और यह पहली बार है जबकि मैं शीर्ष 10 में शामिल किसी खिलाड़ी को हराने में सफल रही।' उन्होंने कहा, 'मैंने अभी तक इस टूर्नामेंट में जिस तरह का प्रदर्शन किया है उससे मैं बहुत खुश हूं।

## 17 साल का सूखा किया खत्म

# न्यूजीलैंड ने इंग्लैंड के बैजबॉल का बजाया बैंड

एजेंसी ▶▶| हैमिल्टन

शीर्ष क्रम की एक और नाकामी के कारण इंग्लैंड की टीम 175 रन पर आउट हो गई और न्यूजीलैंड ने दूसरा एकदिवसीय अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट मैच पांच विकेट से जीतकर श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त बना ली। इंग्लैंड की पारी केवल 36 ओवर तक चली और न्यूजीलैंड ने 33.1 ओवर में लक्ष्य हासिल कर लिया। उसकी तरफ से डेरिल मिशेल ने नाबाद 56, रचिन रविंद्र ने 54 और मिच सैंटनर ने



### आर्चर ने 23 रन देकर लिए 3 विकेट

इंग्लैंड के लिए एक सकारात्मक बात तेज गेंदबाज जोफ्रा आर्चर की वापसी रही, जिन्होंने 10 ओवरों में 23 रन देकर तीन विकेट लिए। ब्रूक ने दूसरे मैच में भी अच्छी शुरुआत की लेकिन वह 34 रन ही बना पाए, जिससे इंग्लैंड का स्कोर छह विकेट पर 105 रन हो गया था। इंग्लैंड के शीर्ष क्रम के बाकी बल्लेबाजों में जेमी स्मिथ ने 13, बेन डकेट ने एक, जो रुट ने 25, जैकब बेथेल ने 18 और जोस बटलर ने नौ रन बनाए।

# हाइलो ओपन : प्री क्वार्टर फाइनल में लक्ष्य, श्रीकांत हारकर बाहर

एजेंसी ▶▶| सारब्रेकेन

बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन ने फ्रांस के पांचवें वरीय क्रिस्टो पोपोव को हराकर उलटफेर करते हुए 475000 डॉलर इनामी हाइलो ओपन सुपर 500 टूर्नामेंट के पुरुष एकल प्री क्वार्टर फाइनल में जगह बनाई। विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य पदक विजेता लक्ष्य ने अपने से बेहतर रैंकिंग वाले खिलाड़ी पोपोव को पहले दौर में सीधे गेम में 21-16 22-20 से हराया।

लक्ष्य अगले दौर में हमवतन एस. शंकर मुथुसामी सुब्रमण्यन से भिड़ेंगे, जिन्होंने मलेशिया के जुन हाओ लियोंग को तीन गेम तक चले कड़े मुकाबले में 21-14, 18-21,



### श्रीयांशी ने किया उलटफेर तीसरी वरीय को हराया

किदांबी श्रीकांत हालांकि पुरुष एकल के पहले दौर में हमवतन किरण जॉर्ज के खिलाफ 19-21, 11-21 की हार के साथ प्रतियोगिता से बाहर हो गए। जॉर्ज अगले दौर में फ्रांस के आठवें वरीय टोमा जूनियर पोपोव के खिलाफ उतरेंगे, जिन्होंने इंग्लैंड के हैरी हुआंग को 21-17, 19-21, 21-19 से हराया। महिला एकल में भी भारत को कुछ अच्छे नतीजे मिले जब गैरवरीय श्रीयांशी वलीशेट्टी ने उलटफेर करते हुए डेनमार्क की तीसरी वरीय लाइन होमार्क जार्सफेल्ट को सिर्फ 33 मिनट में 21-19, 21-12 से हराकर उलटफेर किया।

# खो-खो, रोप स्कीपिंग और बास्केटबॉल में जबलपुर संभाग का दबदबा

**जबलपुर।** 69वीं राज्य स्तरीय शालेय खेलकूद प्रतियोगिता का आयोजन 28 अक्टूबर से 31 अक्टूबर 2025 तक महारानी लक्ष्मीबाई (एमएलबी) विद्यालय, जबलपुर में किया जा रहा है। प्रतियोगिता में प्रदेश के 10 संभागों से लगभग 1050 बालक-बालिकाएँ एवं अधिकारी भाग ले रहे हैं। खो-खो, रोप स्कीपिंग और बास्केटबॉल मुकाबलों में जबलपुर संभाग का प्रदर्शन उत्कृष्ट रहा। खो-खो 19 वर्ष बालिका वर्ग में जबलपुर ने अपने सभी तीन मैच क्रमशः भोपाल, रीवा एवं शहडोल संभाग को हराकर जीत दर्ज की। इसी प्रकार खो-खो 19 वर्ष बालक वर्ग में भी जबलपुर ने सागर, भोपाल और शहडोल संभाग को पराजित कर अपना दबदबा बनाए रखा। बास्केटबॉल 14 वर्ष बालक वर्ग में जबलपुर संभाग ने नर्मदापुरम संभाग और जनजातीय कार्य विभाग संभाग को हराकर दोनों मैच जीते। वहीं रोप स्कीपिंग की 14, 17 एवं 19 वर्ष बालक-बालिका वर्ग की प्रतियोगिताओं में भी जबलपुर संभाग का प्रदर्शन सराहनीय रहा। प्रतियोगिताओं के सफल संचालन के लिए नियंत्रण कक्ष, परिवहन, आवास एवं भोजन व्यवस्था सहित सभी व्यवस्थाएँ सुनिश्चित की गईं। बालक-बालिकाओं के लिए 16 शासकीय एवं अशासकीय विद्यालयों में पृथक-पृथक आवास की व्यवस्था की गई है। कार्यक्रम में संयुक्त संचालक लोक शिक्षण जबलपुर संभाग अरुण कुमार इंग्ले, जिला शिक्षा अधिकारी घनश्याम सोनी, नोडल अधिकारी मुकेश श्रीवास्तव, सहायक संचालक खेल आशा सिसोदिया, जिला क्रीड़ा अधिकारी मधुमिता हाजरा, बीएसी अजय रजक, विधि प्रभारी कृष्णकांत शर्मा, अंतर्राष्ट्रीय बास्केटबॉल कोच कुलदीप बरार सहित अनेक अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।



## कार्लोस को गैरवरीयता प्राप्त नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया

# पेरिस मास्टर्स में हारे अल्कारेज, टूटा 17 मैचों का विजय अभियान

एजेंसी ▶▶| पेरिस

दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी कार्लोस अल्काराज ने पहला सेट जीतने के बाद लगातार गलतियां की, जिसके कारण उन्हें पेरिस मास्टर्स टेनिस टूर्नामेंट के दूसरे दौर में बाहर का रास्ता देखना पड़ा।

अल्काराज को गैरवरीय कैमरुन नॉरी ने 4-6, 6-3, 6-4 से हराया। छह बार के ग्रैंड स्लैम विजेता ने दूसरा सेट हारने के बाद कोच जुआन कार्लोस फेरेरो के साथ भी चर्चा की। इस हार के साथ ही अल्काराज का मास्टर्स प्रतियोगिताओं में 17 मैचों से चला आ रहा विजय अभियान भी टूट गया। यही नहीं उन्हें अपनी नंबर एक रैंकिंग से भी हाथ धोना पड़ सकता है क्योंकि अगर दूसरे स्थान पर काबिज यानिक सिनर यह टूर्नामेंट जीत जाते हैं तो एटीपी रैंकिंग में शीर्ष पर पहुंच जाएंगे। अल्काराज ने मैच के बाद कहा, 'मैं अपने खेल से वास्तव में निराश हूं। आज मुझे अच्छा नहीं लग रहा था और मैंने बहुत सारी गलतियां की।'



### अल्काराज ने इस सत्र में जीते आठ खिताब

*अल्काराज ने इस सत्र में आठ खिताब जीते हैं, जिसमें फ्रेंच ओपन और अमेरिकी ओपन के अलावा तीन मास्टर्स टूर्नामेंट भी शामिल हैं। नॉरी का अगला मुकाबला बुधवार को वैलेन्टिन वाचेरोट और आर्थर रिंडरक्नेच के बीच होने वाले मैच के विजेता से होगा। वाचेरोट ने पहले दौर में 14वीं वरीयता प्राप्त जिरी लेहेका को 6-1, 6-3 से हराया। पांचवीं वरीयता प्राप्त बेन शेल्टन ने फ्लेवियो कोबोली को 7-6 (4), 6-3 से हराकर तीसरे दौर में प्रवेश किया। अब उनका सामना आंद्रे रुबलेव से होगा। नौवीं वरीयता प्राप्त फेलिक्स ऑगर अलियासिमे और 11वें नंबर के दानिल मेदवेदेव ने भी जीत हासिल की।*




## पूर्व विधायक ने की है सीबीआई जांच की मांग

# हाई कोर्ट ने मऊगंज हिंसा मामले में मांगी स्टेटस रिपोर्ट

### गृह सचिव, डीजीपी सहित अन्य को नोटिस जारी

हरिभूमि जबलपुर।



मप्र हाईकोर्ट ने रीवा जिले के मऊगंज में आदिवासियों परिवारों के साथ हुई हिंसा के मामले में राज्य शासन से स्टेटस रिपोर्ट मांगी है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की डिवीजन बेंच ने मामले में गृह सचिव व डीजीपी सहित अन्य को नोटिस जारी किए हैं। अगली सुनवाई 19 नवंबर को होगी।

जनहित याचिकाकर्ता रीवा हनुमना निवासी पूर्व विधायक सुखेन्द्र सिंह बन्ना की ओर से अधिवक्ता काजी फखरुद्दीन ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि जनहित याचिकाकर्ता मामले की सीबीआइ जांच चाहता है। मऊगंज के ग्राम गडरा में आदिवासी परिवारों की भूमि खाली कराने को लेकर भू-माफियाओं ने मारपीट की थी। इतना ही नहीं पूरे मामले में हिंसक रूप लेने के दौरान जमकर उपद्रव मचा था। जिसमें ड्यूटी पर तैनात एक एएसआई की भी मौत हो गई थी। आरोप है कि इसके बाद माफियाओं ने कई आदिवासियों की हत्या कर दी। इतना ही नहीं एक ही परिवार के तीन लोग फांसी के फंदे पर लटके हुए भी पाए गए थे। आवेदक की ओर से कहा गया कि उक्त हिंसा में करीब आधा दर्जन लोगों की मौत हुई थी, वहीं करीब 200 आदिवासी परिवार अपना घर बार छोड़कर गायब हो गए हैं, जिनका अब तक कुछ पता नहीं चला है। संबंधित अधिकारियों से लेकर उच्चाधिकारियों को शिकायत दी गई, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं हुई। जिस पर सीबीआइ जांच की मांग करते हुए हाई कोर्ट की शरण ली गई है। मामले में गृह विभाग के प्रमुख सचिव, डीजीपी रीवा, आईजी रीवा, कलेक्टर व एसपी मऊगंज, केंद्र सरकार के गृह मंत्रालय के सचिव व सीबीआई को पक्षकार बनाया गया है।

### सरकार, लोनिवि के प्रमुख सचिव और कलेक्टर रायसेन को नोटिस जारी

## भोजपुर मंदिर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में हाईकोर्ट ने लिया संज्ञान

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने भोपाल के समीप भोजपुर मंदिर मार्ग पर लोक निर्माण विभाग द्वारा बिना अनुमति पेड़ काटने के मामले में संज्ञान लेते हुए सरकार, लोनिवि के प्रमुख सचिव और कलेक्टर रायसेन को नोटिस जारी कर जवाब मांगा है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने आगामी सुनवाई तक पेड़ काटने पर रोक लगा दी। अगली सुनवाई 4 नवंबर को होगी। गौरतलब है कि समाचार माध्यमों में प्रकाशित खबर में यह तथ्य उजागर किया गया कि सड़क चौड़ीकरण के लिए लोनिवि रायसेन ने बिना अनुमति के 488 पेड़ काट दिए। नियमानुसार नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल द्वारा जारी दिशा निर्देशों के तहत राज्य सरकार को पेड़ काटने से जुड़े मामलों के लिए एक कमेटी का गठन करना है। यदि किसी प्रोजेक्ट के लिए पेड़ काटने की जरूरत हो तो उक्त समिति से अनुमति लेना अनिवार्य है। इस मामले में राज्य सरकार द्वारा गठित 9 सदस्यीय समिति या वृक्ष अधिकारी से कोई अनुमति नहीं ली गई है। रायसेन के एडीएम ने पेड़ों की कटाई की अनुमति दी है। चीफ जस्टिस की बेंच ने इस बात पर आश्चर्य जताया कि जहाँ एनजीटी द्वारा ऐसी कार्रवाई से इनकार किया गया है और हाईकोर्ट भी बार-बार आदेश देता है, इसके बावजूद बिना अनुमति 488 पेड़ों को काट दिया गया। इसलिए लोनिवि की उक्त कार्रवाई पर कोर्ट ने स्वतः संज्ञान लेते हुए मामल की जनहित याचिका के रूप में सुनवाई शुरू की।

## मुख्य महाप्रबंधक ने किया विद्युत उपकेंद्रों का निरीक्षण, दिए दक्षता और स्वच्छता के निर्देश



**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमिटेड की मुख्य महाप्रबंधक (मानव संसाधन एवं प्रशासन) श्रीमती संपदा सराफ गुर्जर ने आज जबलपुर क्षेत्र के अंतर्गत लम्हेटाघाट स्थित 33/11 केव्ही उपकेंद्र एवं भेड़ाघाट वितरण केंद्र का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्युत आपूर्ति व्यवस्था, उपकरणों की स्थिति, रखरखाव, सुरक्षा मानकों, उपभोक्ता सेवा रिकॉर्ड तथा शिकायत निवारण प्रणाली की समीक्षा की। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को निर्देश दिए कि उपकरणों का नियमित परीक्षण, परिसर की साफ-सफाई और रिकॉर्ड का समय पर अद्यतन सुनिश्चित किया जाए। साथ ही ग्रामीण क्षेत्रों में निर्बाध विद्युत आपूर्ति और उपभोक्ता शिकायतों के त्वरित निवारण पर विशेष जोर दिया।

इस अवसर पर मुख्य अतिरिक्त महाप्रबंधक (प्रशासन) श्री एस. के. गिरिया, अधीक्षण अभियंता श्री नीरज कुचया, कार्यपालन अभियंता, सहायक अभियंता एवं कनिष्ठ अभियंता उपस्थित रहे।

## एम.पी. ट्रांसको में नवनियुक्त अभियंताओं को ऑनलाइन नियुक्ति पत्र




**जबलपुर।** मध्यप्रदेश पावर ट्रांसमिशन कंपनी (एम.पी. ट्रांसको) में चयनित 9 अभियंताओं को ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से वर्चुअल समारोह में ऑनलाइन नियुक्ति पत्र प्रदान किए। इनमें 6 सहायक अभियंता (सिविल) और 3 सहायक अभियंता (ट्रांसमिशन) शामिल हैं। ऊर्जा मंत्री ने नवनियुक्त अभियंताओं को बधाई देते हुए कहा कि ऊर्जा क्षेत्र राज्य की प्रगति की रीढ़ है और नई पीढ़ी के अभियंता 'ऊर्जा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश' के लक्ष्य को साकार करने में अहम योगदान देंगे। इस अवसर पर सचिव ऊर्जा विशेष गढ़पाले और एम.डी. सुनील तिवारी भी उपस्थित थे। उन्होंने नवनियुक्त अभियंताओं को प्रशिक्षण और समर्पण के महत्व पर जोर देते हुए कंपनी का गौरव बनाए रखने का आह्वान किया।

### श्रीधाम-भदनपुर रेलखंड पर 2×25 केवी ट्रैक्शन सिस्टम को रेल मंत्रालय ने दी मंजूरी



**जबलपुर।** भारतीय रेलवे ने श्रीधाम-भदनपुर रेलखंड पर 2×25 केवी नए ट्रैक्शन सिस्टम को मंजूरी दी है। यह अपग्रेड पारंपरिक ओवरहेड उपकरणों की जगह लेगा और ट्रेन की गति बढ़ाने के साथ ऊर्जा की हानि को कम करेगा। रेल मंत्रालय ने बताया कि इस परियोजना में 437 करोड़ रुपए का निवेश किया जाएगा। केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि इससे मुंबई-प्रयागराज ट्रंक रूट पर अधिक ट्रेनें तेज गति से चलाई जा सकेंगी। 2×25 केवी प्रणाली अधिक कुशल है और वोल्टेज ड्रॉप कम करती है। इससे रेलवे की क्षमता बढ़ेगी और "मिशन 3000 मिलियन टन" और "मिशन रफ्तार" जैसी योजनाओं को गति मिलेगी।

### कलेक्टर सहित अन्य को नोटिस जारी

## अवैध कॉलोनी निर्माण को हाई कोर्ट में चुनौती

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट राजधानी भोपाल की हुजुर तहसील अंतर्गत ग्राम बड़खेरीकला में अवैध प्लाटिंग किए जाने के आरोप के मामले में जवाब-तलब किया है। चीफ जस्टिस संजीव सचदेवा व जस्टिस विनय सराफ की खंडपीठ ने इस सिलसिले में प्रमुख सचिव राजस्व विभाग, भोपाल कलेक्टर व एआईएम इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स को नोटिस जारी किए हैं। जवाब के लिए चार सप्ताह का समय दिया गया।

जनहित याचिकाकर्ता जहांगीराबाद, भोपाल निवासी बृजेश राठौर की ओर से अधिवक्ता अशोक कुमार चौरसिया ने पक्ष रखा। उन्होंने दलील दी कि ग्राम बरखेड़ी कला में अनावेदक एआईएम इंफ्रास्ट्रक्चर एंड डेवलपर्स की ओर से अवैध कालोनी का निर्माण किया जा रहा है। आरोप है कि कृषि व शासकीय भूमि पर प्लाटिंग कर उनका विक्रय किया जा रहा है, इसके लिए न तो भूमि का डायवर्सन कराया गया है और न ही टीएनसीपी व नगर निगम से किसी प्रकार की अनुमति ली गई है। उक्त मामले की शिकायतों के बावजूद कोई कार्रवाई न होने पर यह याचिका दायर की गई है।

## जुर्म पर 10 लाख रुपए के जुर्माने का आदेश स्थगित

**जबलपुर।** मप्र हाईकोर्ट ने कलेक्टर बालाघाट के उस आदेश पर रोक लगा दी जिसमें अवैध कॉलोनी के नाम पर एक वयोवृद्ध पर 10 लाख रुपए का जुर्माना लगाया गया। कलेक्टर ने आपराधिक प्रकरण दर्ज करने के निर्देश भी दिए हैं। जस्टिस विशाल मिश्रा की सिंगल बेंच ने कलेक्टर, एसडीएम, तहसीलदार व अन्य को नोटिस जारी कर जवाब मांगा । बालाघाट निवासी 92 वर्षीय चंदन कुमार बरमटे की ओर से अधिवक्ता दिव्य कृष्ण बिलैया ने पक्ष रखा। उन्होंने बताया कि याचिकाकर्ता वयोवृद्ध है और उसने अपने इलाज के लिए स्वयं की पैतृक भूमि में से 5 प्लॉट का विक्रय किया था। बालाघाट कलेक्टर ने नगर पालिका अधिनियम 1961 के प्रावधानों का हवाला देते हुए याचिकाकर्ता पर 10 लाख का जुर्माना लगा दिया। दलील दी गई कि कलेक्टर द्वारा लगाया गया जुर्माना कॉलोनी डेवलपमेंट रूल्स 2021 एवं नगर पालिका अधिनियम 1961 के तहत अवैधानिक है।

## सूने मकान का ताला तोड़कर चोरी

**जबलपुर।** गोराबाजार थाना अतंर्गत ग्राम उमरिया भीटा टेमर में एक सूने मकान का ताला तोड़कर अज्ञात चोर सोने, चांदी के जेवर और नगदी 10 हजार रुपए चोरी कर ले गए। गोराबाजार पुलिस थाने से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोंगाद्वार कुलाना मोहल्ला निवासी 24 वर्षीय रामू यादव का ग्राम उमरिया भीटा टेमर में स्वयं का मकान है। जहां पर उसका आना जाना है और उसकी भाभी रोशनी यादव रहती है। रात में अकेले होने के कारण उसकी भाभी रोशनी यादव पास में ही रहने वाली नानी के घर सोने चली जाती है। गत रात रामू भीटा वाले घर का ताला बंद करके कुलाना मोहल्ला भोंगाद्वार वाले घर आ गया और भाभी पड़ोस की नानी के यहां सोने चली गई थी। दूसरे दिन सुबह लगभग 10 बजे रामू भीटा वाले घर आया तो देखा कि मुख्य दरवाजे का ताला टूटा था। आलमारी के लॉकर मे रखे सोने की बाली, चांदी की एक जोड़ी पायल, 1 अंगूठी, नगदी 6 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। उसके कमरे में आलमारी में रखी चांदी की 8 जोड़ी पायल, 3 खुचना, 2 चैन, एक जोड़ी पायल, सोने की एक नथनी, नगदी 10 हजार रूपये अज्ञात चोर चोरी कर ले गए। इस दौरान गांव के निकुंज कुमार पाण्डे एवं उनके घर के सामने बने मकान के ताले भी टूटे थे। पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ रिपोर्ट पर धारा 305, 331(4) बीएनएस का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

## स्टेट बार काउंसिल ने नोटरी वकीलों द्वारा शपथ पत्र के लिए अधिक शुल्क लेने पर जताई नाराजगी

**चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने सभी अधिवक्ता संघों को जारी की अधिसूचना**

**जबलपुर।** एमपी स्टेट बार काउंसिल के चेयरमैन राधेलाल गुप्ता ने नोटरी वकीलों द्वारा शपथ पत्र के लिए अधिक शुल्क वसूले जाने पर नाराजगी जताई है। इस सिलसिले में उन्होंने सभी अधिवक्ता संघों को अधिसूचना जारी कर दी है। जिसमें कार्रवाई के दिशा-निर्देश दिए गए हैं।

चेयरमैन गुप्ता ने बताया कि एक के बाद एक कई शिकायतें मिली हैं। जिनसे साफ हुआ है कि प्रदेश के नोटरी अधिवक्ताओं द्वारा नामांकन हेतु आवेदकों को लगने शपथ पत्र व अंडरटेकिंग के लिए निर्धारित शुल्क से अधिक राशि ली जा रही है, जो कि वर्तमान मे परिषद के पंजीयन शुल्क से भी अत्यधिक है। जिसकी वजह से नव नामांकित होने वाले अधिवक्ताओं पर आर्थिक रूप से बोझ पड रहा है। स्टेट बार द्वारा प्रदेश के अधिवक्ता संघों को अधिसूचना जारी कर स्पष्ट किया गया है कि प्रदेश से प्राप्त हो रहे नामांकन आवेदन पत्रों में भारतीय विधिज्ञ परिषद के नियम 15 (1) के अंतर्गत एक शपथ पत्र व भारतीय विधिज्ञ परिषद के निर्देशानुसार जो आवेदक अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण नहीं है उनसे एक अंडरटेकिंग इस आशय की ली जाती है कि वे निर्धारित समयावधि मे अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण करेंगे, निर्धारित समयावधि मे अखिल भारतीय बार परीक्षा उत्तीर्ण न करने की दशा मे विधि व्यवसाय नहीं करेंगे। शपथ पत्र एवं अंडरटेकिंग, भारतीय स्टाम्प (मध्यप्रदेश संशोधन) अधिनियम, 2025 के अंतर्गत 200 रुपये के स्टाम्प पर स्वीकार किये जा रहे है। शपथ पत्र तैयार किये जाने हेतु 200 रुपये का स्टाम्प, नोटराइज टिकट व स्टाम्पिंग हेतु कुल खर्च लगभग 350 से 400 तक लिया जाना चाहिए। जबकि कार्यालय को इस आशय की शिकायत प्राप्त हुई है कि प्रदेश मे शपथ पत्र हेतु अत्यधिक शुल्क लिया जा रहा है। नोटरी वकील शपथ पत्र तैयार किये जाने हेतु निर्धारित शुल्क से अधिक न लें, अन्यथा अधिक शुल्क की मांग किया जाना स्वमेव कदाचरण मानते हुए संबंधित के विरूद्ध अग्रिम कार्यवाही की जाएगी।

### शासकीय भवनों में सेप्टिक टैंकों की होगी जांच

# पहले जागते तो बच जाती जानें

**जबलपुर।** मनमोहन नगर क्षेत्र में खुले सेप्टिक टैंक में गिरकर दो मासूमों की दर्दनाक मौत के बाद जिला प्रशासन पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। कलेक्टर ने निर्देश दिये है की सभी शासकीय भवनों विशेषकर स्कूल, आंगनवाड़ी और छात्रावासों में सेप्टिक टैंकों की त्वरित जांच कर रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए। कलेक्टर ने सेफ्टी स्टैंडर्ड्स को कड़ाई से लागू करने, छात्रावासों में प्रकाश व्यवस्था सुधारने तथा साफ-सफाई सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया। यह निर्देश कलेक्टर राघवेन्द्र सिंह गत दिवस कलेक्ट्रेट में हुई समीक्षा बैठक में दिये.

गौरतलब है की रविवार शाम मनमोहन नगर (त्रिमूर्ति नगर) में अस्पताल परिसर के पीछे दो बच्चे खेलते-खेलते खुले सेप्टिक टैंक में गिर गए थे। घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस, फायर ब्रिगेड और प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची, लेकिन तब तक दोनों बच्चों की मृत्यु हो चुकी थी। मृतकों की पहचान 10 वर्षीय कान्हा विश्वकर्मा



और 12 वर्षीय विनायक विश्वकर्मा निवासी मनमोहन नगर के रूप में हुई है।

### अब होगी व्यापक जांच

जिला कलेक्टर ने अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए गए कि शासकीय भवनों में सुरक्षा मापदंडों का नियमित निरीक्षण हो, खतरनाक व खुले टैंकों को तुरंत कवर किया जाए, भविष्य में ऐसी लापरवाही पर दोषियों पर दंडात्मक कार्रवाई की जाए।

## सेप्टिक टैंक में गिरने से दो बच्चों की मृत्यु पर मानवधिकार आयोग ने लिया संज्ञान

गोहलपुर थानांतर्गत मनमोहन नगर (त्रिमुर्ति नगर) में एक सार्वजनिक स्वास्थ्य केंद्र के पास गत रविवार को क्रिकेट खेलते समय बाल ढूंढते हुए खुले सेप्टिक टैंक में गिरने से दो भाईयों विनायक उर्फ तन्नू (12) व कान्हा (10) की मृत्यु की घटना सामने आई है। मध्य प्रदेश मानव अधिकार आयोग ने मामले में जनहित में संज्ञान लिया है। आयोग के क्षेत्रीय कार्यालय की प्रभारी फरजाना मिर्जा ने बताया कि समाचार पत्रों में प्रकाशित समाचार के आधार पर आयोग की मुख्य पीठ भोपाल में प्रकरण पर सुनवाई की। सदस्य डा. अवधेश प्रताप सिंह की एकलपीठ ने इसे मानव अधिकारो के उल्लंघन का मामला मानकर, जबलपुर के कलेक्टर से मामले की जांच कराने के निर्देश दिए। जांच व मृतकों के उत्तराधिकारियों को शासन की योजना व नियमानुसार देय आर्थिक सहायता राशि के संबंध में की गई कार्यवाही का प्रतिवेदन दो सप्ताह में मांगा है।




हरिभूमि कम्यूनिकेशन्स प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक अचिंत महेश्वरी द्वारा हरिभूमि प्रेस, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से मुद्रित एवं हरिभूमि कार्यालय, 66/1, इंडस्ट्रीयल एरिया, रिछाई, जबलपुर (मध्यप्रदेश)– 482002 से प्रकाशित। प्रधान संपादक–डॉ. हिमांशु द्विवेदी RNI No.: MPHIN/2008/24240